सूर्योदय : 6:12
सूर्यास्त : 6:16
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 17.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-268 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 23 मार्च 2025
22 रमज़ान 1446 हिजरी


हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# यूपी बनेगा टेक्सटाइल हब : योगी

## पीएम मित्र पार्क से लखनऊ में टेक्सटाइल हब की नई शुरुआत

- 50,000 से अधिक नए रोजगार का होगा सृजन
- 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू साइन किए गए
- सीएम योगी ने निवेशकों को दी सुरक्षा और सुविधा की गारंटी




**लखनऊ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम मित्र योजना' के तहत लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1,000 एकड़ में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क की स्थापना के लिए शनिवार को लखनऊ में एक भव्य इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश वस्त्र परिधान नीति 2017 के अंतर्गत राज्य के वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही, पीएम मित्र पार्क के लिए 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू साइन किए गए। सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा कि यह पार्क उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करेगा और 50,000 से अधिक नए रोजगार सृजित करेगा। सीएम योगी ने इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ में स्वीकृत इस परियोजना के लिए आयोजित इन्वेस्टर्स मीट यूपी के वस्त्र उद्योग को नई उंचाई पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के सूरत को टेक्सटाइल हब बनाया और अब इस विजन को देशभर में लागू करने के लिए सात पीएम मित्र पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक लखनऊ में है। यह देश का एकमात्र पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी में स्थापित हो रहा है. 1,000 एकड़ में बनने वाले इस पार्क के लिए डीपीआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. सीएम योगी ने कहा कि यह पार्क लखनऊ सिटी से सटा हुआ है. आउटर रिंग रोड (सिक्स लेन) से इसकी कनेक्टिविटी है और राज्य सरकार फोरलेन कनेक्टिविटी भी उपलब्ध कराएगी। दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है उत्तर प्रदेश-सीएम योगी ने निवेशको को उत्तर प्रदेश की ताकत का अहसास कराते हुए कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला यह राज्य देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। सीएम योगी ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सकारात्मक माहौल है। उन्होंने कहा कि न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि नेपाल, भूटान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड की बड़ी आबादी अपनी आवश्यकताओं के लिए यूपी पर निर्भर है। जीवन की तीन मूलभूत आवश्यकताओं में वस्त्र एक है।

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों पर कार्रवाई

# 18 घुसपैठिये गिरफ्तार

- आठ भारतीयों ने की थी मदद
- मनी लॉन्ड्रिंग कर हवाला के जरिए भेजते थे पैसा



**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिला पुलिस ने अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जिले में अलग अलग जगह से 18 बांग्लादेशियों को पकड़ा है। इनमें से पुलिस ने आठ को गिरफ्तार किया है, जबकि छह को डीपोर्ट कर दिया। इसके अलावा चार से पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनकी मदद करने वाले आठ भारतीय आरोपितों को भी दबोचा है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अवैध प्रवासियों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आइडी और भारतीय पासपोर्ट जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के ठिकानों की तलाशी ली तो वहां से 23 वोटर कार्ड, 19 पैन कार्ड, 17 आधार कार्ड, सीपीयू, 11 जन्म प्रमाण पत्र और छह बलैंक वोटर आइडी कार्ड बरामद किए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विदेशी अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने इन्हें शरण देने और इनके फर्जी दस्तावेज बनवाने वाले आठ भारतीय नागरिकों पर भी केस दर्ज किया है। इन भारतीय आरोपितों ने इन्हें फर्जी दस्तावेजों पर नौकरी और किराए पर मकान भी दिलवाए। फर्जी दस्तावेज बनवाकर दिल्ली में रहने वाले बांग्लादेशियों में मोहम्मद ज्वेल इस्लाम, मोहम्मद आलमगीर, मोहम्मद लतीफ खान, मोहम्मद नदीम शेख, मोहम्मद मिजानुर रहमान, रबीउल, मोहम्मद रेजाउल और कमरुज्जमां शामिल हैं। इनमें मोहम्मद लतीफ कूड़ा बीनने का काम करता है।

# दंगाइयों से वसूली जाएगी क्षतिग्रस्त संपत्तियों की कीमत : फडणवीस

**नागपुर हिंसा मामला**



**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नागपुर हिंसा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई संपत्तियों की कीमत दंगाइयों से वसूली जाएगी और भुगतान नहीं करने पर उनकी संपत्तियों को जब्त कर बेचा जाएगा। फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने के बाद अब तक 104 दंगाइयों की पहचान की गई है और कानून के अनुसार 12 नाबालिगों सहित 92 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। फडणवीस ने कहा कि मध्य नागपुर के इलाकों में सोमवार को हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्धारित दौरा प्रभावित नहीं होगा। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, ''पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक पुलिस पर हमला करने वाले तत्वों का पता नहीं चल जाता और उनसे सख्ती से निपटा नहीं जाता। उन्होंने कहा कि दंगों में विदेशी या बांग्लादेशी हाथ होने के बारे में टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगा, क्योंकि जांच जारी है। उन्होंने कहा, ''हिंसा का कोई राजनीतिक पहलू नहीं है। इस घटना को 'खुफिया विफलता'' नहीं कहा जा सकता, लेकिन इसे (खुफिया जानकारी एकत्रित करना) बेहतर तरह से किया जा सकता था।

### सुशांत सिंह केस

## सीबीआई ने दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट



**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। पीटीआई के हवाले से खबर है कि सीबीआई ने इस केस में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। चार साल पहले हुई इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। सुशांत सिंह राजपूत जून 2020 में मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। उनकी मौत को पहले आत्महत्या माना गया, लेकिन बाद में कई सवाल उठे। इसके चलते अगस्त 2020 में सीबीआई ने इसकी जांच शुरू की। सुशांत के परिवार और फैंस ने लगातार इस मामले में सच सामने लाने की मांग की थी।

### कोलकाता के ईडेन गार्डेंस में हुआ आईपीएल 2025 के 18वें सीजन का रंगारंग आगाज

# झूमे जो पठान पर शाहरुख के साथ नाचे कोहली

- रिंकू सिंह और दिशा पाटनी ने बिखेरा जलवा
- श्रेया घोषाल ने दर्शकों किया मंत्रमुग्ध





**कोलकाता।** आईपीएल 2025 के रंगारंग आगाज शनिवार को कोलकाता के ईडेन गार्डेस पर हो गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल, अभिनेत्री दिशा पाटनी और पंजाबी सिंगर करण औजला ने अपनी प्रस्तुति से जलवा बिखेरा। हालांकि, बॉलीवुड के किंग खान और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिका शाहरुख खान ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ डांस कर मजा बांध दिया।

आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह की शुरुआत शाहरुख खान के साथ हुई जिन्होंने मंच पर संबोधन दिया। समारोह के लिए ईडेन गार्डेस स्टेडियम खचाखच भरा रहा। समारोह में सबसे पहले बॉलीवुड की गायिका श्रेया घोषाल ने प्रस्तुति पेश की। श्रेया ने मेरे ढोलना... गाने से शुरुआत की और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। श्रेया घोषाल ने करीब 15 मिनट से अधिक समय तक प्रस्तुति दी। श्रेया ने मां तुझे सलाम और वंदे मातरम के साथ अपनी प्रस्तुति का अंत किया। श्रेया इस दौरान ईडेन गार्डेस पर फैंस का दिल जीतने में सफल रहीं। श्रेया की प्रस्तुति के बाद मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी आई। उन्होंने अपने डांस मूव्स से दर्शकों का मन मोह लिया। दिशा पाटनी की प्रस्तुति समाप्त होने के बाद मंच पर पंजाबी गायक करण औजला आए। करण ने जैसे ही हुस्न तेरा तौबा-तौबा गाया दर्शक झूम उठे। करण के साथ मंच पर दिशा पाटनी भी मौजूद रहीं और उनकी धुन पर थिरकती नजर आई। आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह में रंगारंग प्रस्तुति समाप्त होने के बाद फिर शाहरुख खान ने दर्शकों को संबोधित किया। शाहरुख ने कहा, केमोन आचो (कैसे हो) कोलकाता आज आईपीएल के 18 साल पूरे हो गए हैं और इस लीग ने अबतक इतने सितारों को जन्म दिया जो अब पिता बन गए हैं। शाहरुख ने मंच पर आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बुलाया। शाहरुख ने इस दौरान कोहली की जमकर सराहना की और दर्शकों से कोहली-कोहली का नारा लगाने कहा। इस दौरान इन दोनों के साथ केकेआर के बल्लेबाज रिंकू सिंह भी मौजूद रहे। शाहरुख ने कहा कि रिंकू भी कोहली को देखकर ही बड़े हुए हैं। शाहरुख ने इसके बाद मंच पर बीसीसीआई के पदाधिकारियों और प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को बुलाया। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने इस दौरान विराट कोहली को आईपीएल के 18 सीजन पूरे होने पर एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### बेंगलुरु ने जीता आईपीएल-18 का ओपनिंग मैच

## कोलकाता में कोहली की विराट पारी

**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराया। ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए, इसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 22 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए। विराट कोहली 36 गेंद में 59 रन और लियाम 5 गेंद में 15 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर के लिए वैभव, सुनील और वरुण ने 1-1 विकेट लिए।




.22 रमजान. 23.03.2025

**सुन्नी हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04 : 42 | 06 : 21 |

**शिया हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04 : 37 | 06 : 31 |

# सरकार ने प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस लिया

## आदेश एक अप्रैल से होगा प्रभावी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर लगाए गए 20 फीसदी शुल्क को हटाने का फैसला किया। यह शुल्क सितंबर 2024 में लगाया गया था। यह निर्णय एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुरोध पर राजस्व विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर 2023 से 3 मई 2024 तक लगभग पांच महीने तक निर्यात पर नियंत्रण रखा था। इस दौरान निर्यात शुल्क, न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) और निर्यात प्रतिबंध जैसी नीतियों को लागू किया गया था। हालांकि, इन प्रतिबंधों के बावजूद 2023-24 में कुल 17.17 लाख टन और 2024-25 (18 मार्च तक) में 11.65 लाख टन प्याज का निर्यात हुआ। सितंबर 2024 में निर्यात मात्रा 0.72 लाख टन थी, जो जनवरी 2025 तक बढ़कर 1.85 लाख टन हो गई। सरकार ने कहा, यह निर्णय सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने और उपभोक्ताओं के लिए प्याज को सुलभ बनाए रखने का संतुलन रखा गया है। रबी फसल की अच्छी आवक के चलते मंडी और खुदरा कीमतों में नरमी आई है।

# तीन न्यायाधीशों की समिति करेगी जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की जांच

**नकदी विवाद मामला**

**2016 में स्थायी न्यायाधीश के रूप में ली थी शपथ**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच तीन न्यायाधीशों की समिति करेगी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की सौंपी रिपोर्ट के बाद यह फैसला किया।

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय को फिलहाल जस्टिस वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने के लिए भी कहा गया है। सीजेआई जस्टिस खन्ना ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायाधीश अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने जस्टिस वर्मा के घर से मिली बड़ी नकदी के संबंध में साक्ष्य और जानकारी जुटाने के लिए आंतरिक जांच की रिपोर्ट सीजेआई को सौंपी थी। यह रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब और अन्य दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा का जन्म 6 जनवरी 1969 को इलाहाबाद में हुआ। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी.कॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई की और मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की डिग्री हासिल की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में उन्होंने कॉर्पोरेट कानूनों, कराधान और कानून की संबद्ध शाखाओं के अलावा संवैधानिक, श्रम और औद्योगिक विधानों के मामलों में भी वकालत की। 56 वर्षीय न्यायाधीश, जो 1992 में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए थे, उन्हें 13 अक्टूबर 2014 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया और उन्होंने 1 फरवरी 2016 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

Reputed School of NOIDA Now in Etawah

YASH INTERNATIONAL SCHOOL
A Tradition of Excellence

Nursery - XII
SCIENCE | COMMERCE | ARTS

CBSE Affiliated
ENGLISH MEDIUM SCHOOL

ADMISSIONS OPEN
Session : 2025-26

NO ADMISSION FEE




Vijaypura , Kachora Road , Etawah | 9528128900 , 6397428160

YASH INTERNATIONAL SCHOOL
VIJAYPURA, KACHORA ROAD, ETAWAH
A Tradition of Excellence

Walk in Interview on 29 & 30 March, 2025

Requires
- NTT, PRT, TGT, PGT ( All Subject )
- Accountant (5 Yrs Exp.)
- Data Operator
- Librarian
- Supervisor
- Electrician
- Peon / Maid
- माली, हाउस कीपिंग स्टाफ, बस ड्राइवर, आया

SCAN

"Interested and eligible candidates may appear for the interview, which will be held between 09:00 AM and 2:00 PM at the school premises, along with their original certificates and resume. Candidates can also send their resume via email at principal@yashinternationalschool.com or contact via WhatsApp at 9528128900, 6397428160, or scan the QR code below."

# सरकार के आठ वर्ष और महाकुम्भ प्रयागराज पर केंद्रित लघु फिल्मो का होगा प्रसारण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को शासन के निर्देश पर जिले की नोडल अधिकारी, सचिव वित्त मिनिस्ती एस जनपद लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने स्वागत किया। विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन÷ की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलाविधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियो की जनपदीय अफसरों संग गहन समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल अफसर ने कहा कि सभी अधिकारीगण पूरी ऊर्जा, मनोयोग से इस विशेष कार्यक्रम को सफल बनाए। इस आयोजन में विभिन्न विभागों की लगाए जाने वाले स्टालों में से अच्छे स्टालों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाए। निर्देश दिए की विभिन्न सत्रों के जरिए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की न केवल जानकारी दी जाए बल्कि उनके लाभों से उन्हें लाभान्वित किया जाए। विभिन्न योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का कार्यक्रम स्थल पर ही पंजीयन कराते हुए सुनिश्चित कराए कि उन्हें अनिवार्य रूप से लाभ मिल जाए नोडल अधिकारी ने लखीमपुर खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के अभिनव प्रयोगो एवं जिले में चलाए गए विशेष अभियानों की सराहना की। कहा कि ÷मिशन मैदान÷ एक क्रांतिकारी कदम है। इसे और आगे ले जाया जाए। स्कूल चैम्पियर्स, युवा वर्ग, बेस्ट एथलीट को इससे जोड़ते हुए सरकारी मैदानो एवं पुलिस ग्राउंड पर आमंत्रित कर खेल की भावना को प्रोत्साहित किया जाए बैठक की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए 25, 26 एवं 27 मार्च को आयोजित कार्यक्रमों की दिवसवार रूपरेखा एवं थीम पर प्रेजेंटेशन दिया। जनपद स्तर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसमें सभी विभाग अपना-अपना स्टाल लगाएंगे तथा योजनाओं के फार्म/पम्पलेट आदि स्टाल पर रखेंगे और लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे व फार्म भरवायेंगे। वही विधानसभा स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनके आयोजन के लिए नोडल अफसर भी तैनात किए गए है प्रत्येक दिवस विभिन्न थीमों पर आयोजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन व महाकुंभ प्रयागराज-2025 के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा बैठक के अंत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आज की बैठक में जो दिशा निर्देश और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, उसका पूर्णतया अनुपालन उनकी पूरी टीम द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

## राजापुर चौराहे से डॉन बास्को पुलिया तक फोरलेन निर्माण का काम शुरू

**लखीमपुर-खीरी।** राजापुर चौराहे से डॉन बास्को पुलिया तक फोरलेन निर्माण का काम तेजी से शुरू हो गया है। सड़क के दोनों ओर बजरी-मौरंग का काम शुरू कर दिया गया है। चौड़ीकरण की जद में आए लाल निशान लगे मकान और दुकान तोड़े जा रहे हैं राजापुर चौराहे से डॉन बास्को स्कूल के पास पुलिया तक फोरलेन का निर्माण शुरू कर दिया गया है। सोमवार को अतिक्रमण की जद में आए मकानों व दुकानों पर लाल निशान लगाए गए थे। किसी का तीन फुट तो किसी का साढ़े चार फुट अतिक्रमण पाया गया। पीडब्ल्यूडी की चेतावनी को देखते हुए मकान व दुकान स्वामियों ने निर्माण तोड़ना शुरू कर दिया है। दुकान स्वामी श्याम सुंदर गुप्ता, विनोद कुमार, सचिन कुमार, बाबूराम, दिलीप कुमार आदि का कहना है कि सड़क के एक ओर रसूखदार लोग रहते हैं, जिधर नाला बना है, लेकिन उसे टस से मस नहीं किया जा रहा है, जबकि दूसरी तरफ के नाले को हटाकर पीछे किया जा रहा है। वजह है कि इस ओर गरीब लोग रहते हैं, जो अपनी आवाज बुलंद नहीं कर सकते। उधर, बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं हटवाए गए हैं, जबकि सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। इससे लोगों में रोष है। सड़क चौड़ीकरण के कार्य में कार्यदायी संस्था मनमानी कर रही है सुबह ऑफिस के समय पर पेड़ों की छंटाई शुरू कर दी गई, जिससे राजापुर चौराहे से लेकर सौजन्या चौराहे तक और खीरी रोड पर जाम लग गया। सिविल कोर्ट के वकील राजेश गुप्ता, मनमोहन त्रिवेदी, विवेक शुक्ला आदि ने बताया कि वह पौन घंटे की देरी से कोर्ट पहुंच पाए। मकान स्वामी श्याम सुंदर गुप्ता, सीटू और सलीम आदि बताते हैं कि लाल निशान तो लगा दिए, लेकिन विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने नहीं बताया कि उन्हें कितना निर्माण तोड़ना है। कोई साढ़े तीन फुट तोड़ने को कहता है तो कोई पांच फुट। विभाग को नपाई कराकर जितने फुट जगह लेनी है, पहले बता देना चाहिए। ताकि दोबारा दिक्कत न हो।

# नोडल ने की बैंकर्स संग बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिले की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार समेत विभिन्न विभागों के अफसरों और बैंकर्स संग बैठक की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकर्स की अहम भूमिका है। ऋण पत्रावलियों को शीघ्रता के साथ और अधिक आक्रामक तरीके से स्वीकृति दे, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलने के साथ-साथ जिले की रैंकिंग और बेहतर हो सके। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने, लाभान्वित करने में अहम किरदार निभाए और उनके जीवन को सुगम बनाएंनोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि बैंकर्स द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करें। विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित किए प्रकरणों की विस्तार से बैंकवार समीक्षा की तथा प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि पशुपालन एवं मत्स्य पालन कर रहे किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से संतृप्त किया जाए।

### अप्रयुक्त खाली पड़े सरकारी भवनों का कराए सर्वे: नोडल

लखीमपुर-खीरी नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने कहा कि जिला प्रशासन उप जिलाधिकारियो के माध्यम से उनके क्षेत्र में अप्रयुक्त खाली पड़े सरकारी भवनों का सर्वे कराए और उन्हें सूचीबद्ध करते हुए उनका शासकीय हित में सदुपयोग सुनिश्चित कराए।

## 01 नफर वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 079/2025 धारा 376/323 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभि0 संजीत यादव पुत्र रामलखन यादव उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम मुंशीपुरवा थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को बहद्‌ग्राम बिजुआ से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारशुदा वांछित अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

## ऑल इंडिया बार परीक्षा 2024 में आर एल अड्डा कोचिंग का रहा विशेष योगदान

### उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों ने आर एल अड्डा को बताया अपनी कामयाबी का राज़

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** आल इंडिया बार परीक्षा 2024 में आर एल अड्डा ऑनलाइन कोचिंग सेंटर का विशेष महत्वपूर्ण योगदान रहा। आर एल अड्डा ऑनलाइन कोचिंग सेंटर से लगभग 250 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है जिसमें उत्तीर्ण हुए छात्र.छात्राओं दिनेश्वरी भारद्वाज, हर गोविंद रजक, रोहित कुमार, आस्था दीप, रुद्राक्ष शर्मा, पिंकी सिंह ठाकुर, प्रतिमा अग्रवाल, रवि विवेक शर्मा, रीमा गुप्ता, वीना चौधरी, विक्रम सिंह और साजिद खान ने भी कोचिंग को मुबारकबाद देते हुए अपनी कामयाबी का विशेष हिस्सा बताया। परीक्षा 22 दिसम्बर 2024 को संपन्न हुई थी, जिसका जिसका परिणाम 21 मार्च 2025 को घोषित हुआ। आर एल अड्डा कोचिंग सेंटर ने अभ्यर्थियों को पिछले वर्षो के प्रश्न पत्र और अन्य महत्वपूर्ण स्टडी मैटेरियल विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म और कोचिंग के माध्यम से निशुल्क उपलब्ध कराये थे। जबकि इस प्रकार की स्टडी की कीमत कई हजार रुपए में बैठती है। पिछले वर्ष की भांति इस साल भी आर एल अड्डा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है! परीक्षा के समय इस बार भी कई हजार अभ्यर्थियों ने कोचिंग से जॉइनिंग कर लाभ उठाया। इसके परिणाम स्वरूप ऑनलाइन कोचिंग पर अपलोड की गई वीडियो को कई लाख बार देखा, जिसमें विभिन्न प्रदेशों के अभ्यर्थी रहे, जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र। आर एल अड्डा कोचिंग के संचालकों डॉ0 मोहम्मद जाकिर और मोहम्मद जावेद और उनकी टीम का उद्देश्य अभ्यर्थियों को उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान करना है! जो छात्र या छात्रा आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई करने में असमर्थ होते हैं और अपने गांव और शहर से बाहर नहीं जा पाते। ऐसे अभ्यर्थियों के लिए आर एल अड्डा कोचिंग सेंटर एक अच्छा उपाय है जिससे जोड़कर वह निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं!। उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों के परिवारजनों ने भी आर एल अड्डा ऑनलाइन कोचिंग सेंटर को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद कहा! वहीं आर एल अड्डा के संचालकों ने उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पानी का विवेक पूर्ण उपयोग एवं संचयन सभी लोगों की नैतिक जिम्मेदारी: प्रो0 सुभाष चन्द्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** विश्व जल दिवस के अवसर पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल के दिशा-निर्देशन में चीफ प्रॉक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने %जल एवं स्वास्थ्य तथा जल संसाधनों के महत्व विषय पर संवाद एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मॉनीटिरिंग इकाई लखीमपुर के जिला कोर्डिनेटर परवेज अहमद, ट्रेनिंग कोर्डिनेटर शरद शुक्ला, सिविल इंजीनियर मो0 आमिर तथा जी0आई0एस0 विशेषज्ञ संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि दुनियाँ भर में जल संसाधनों की स्थिति, संरक्षण और प्रबन्धन के साथ-साथ जीवन में जल के महत्व पर कार्य करने व जगारूकता बढ़ाने के लिए 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने जल, स्वास्थ्य एवं जल संसाधनों की चर्चा करते हुए कहा कि मीठा जल हमारे और पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीवों के लिए महत्वपूर्ण है। पानी बचाना पृथ्वी पर रहने वाले सभी मनुष्यों की सार्वभौमिक जिम्मेदारी है। जल जीवन मिशन के कोर्डिनेटर परवेज अहमद ने छात्र-छात्राओं को प्रदूषित जल और जलवायु परिवर्तन से स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों के बारे में बताया तथा सभी छात्र-छात्राओं को जलवायु परिवर्तन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से सम्बन्धित पुस्तिका वितरित की। इसी क्रम में ट्रेनिंग कोर्डिनेटर शरद शुक्ला ने जल संचयन के लिए ÷कैच द रैन÷ अभियान के बारे में विस्तार से बताया। प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने परिचर्चा के अन्त में पानी एक अनमोल सम्पदा है, इसके विवेकपूर्ण उपयोग एवं संचयन की जल शपथ दिलाई। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष मो0 नजीफ, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष सतेन्द्र पाल सिं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

## दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर, उपचार के दौरान एक युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में घायल हुई महिला समेत पांच लोगों में एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, चार की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है धौरहरा सिसैया मार्ग पर वन रेंज कार्यालय के सामने शुक्रवार की शाम करीब सात बजे दो बाइक आमने सामने भिड़ गईं थीं, जिससे एक बाइक पर सवार जयरामपुरवा निवासी प्रिंस मौर्य 30 अर्जुन और कबिरहा थाना ईसानगर निवासी बुद्धू लाल (25) घायल हो गए थे। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दीपू 26 पुत्र बृजमोहन निवासी मनिहार वार्ड धौरहरा और उसकी सास रूपा पत्नी संतराम निवासी चहलार थाना ईसानगर गंभीर रूप से घायल हुईं थी सभी घायलों को पुलिस ने एम्बुलेंस से सीएचसी धौरहरा भेजा, जहां डाक्टर ने फौरी इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दौरान दीपू 26 की मौत हो गई। जब कि उसकी सास की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के समय दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

## गन्ने की छिलाई कर रहे एक मजदूर समेत दो लोगों पर बाघ ने किया हमला

**लखीमपुर-खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र में गन्ने की छिलाई कर रहे एक मजदूर समेत दो लोगों पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों में बाघ की दहशत व्याप्त हो गई है गांव चिरकुआ निवासी अजुर्न साथी मजदूरों के साथ गन्ने की छिलाई करने श्रीराम सिंह की बाग के पास गया था। मजदूर गन्ने की छिलाई कर रहे थे। इसी बीच खेत में छिपे बैठे बाघ ने अर्जुन पर हमला कर दिया। इससे मजदूरों में भगदड़ मच गई। किसी तरह से मजदूरों ने हिम्मत जुटाई और शोर शराबा किया। जिस पर बाघ उसे छोड़कर गन्ने के खेत में दुबक गया इसके बाद दोबारा गन्ने से खेत से निकले बाघ ने गुरमीत पर हमला कर उसे भी घायल कर दिया। घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वन विभाग को सूचनी दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### रेत जमुना भूमि की नीलामी तहसील (सदर) के सभागार में 25 मार्च को

**आगरा।** तहसीलदार/अध्यक्ष नीलामी समिति, (सदर) अबिचल प्रताप सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत युढ़ाना के ग्राम बुढ़ाना अहतमाली में भूमि खसरा संख्या 39 मि0, 14, 34, 01 मि0, 27मि0, व 39/1, 39/5, 39/4 आदि व अन्य खसरा संख्या में से लगभग 89.750 हे0 राजस्व अभिलेखों में रेत जमुना भूमि श्रेणी-6(1) अकृषक भूमि, जल मग्न भूमि के रूप में खतौनी अभिलेख में दर्ज है जो उ0प्र0रा0 संहिता की धारा-77 से आच्छादित सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। जिस पर कतिपय व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करके गेंहू की फसल बोई गई है, जिसमें गठित राजस्व टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया गया है, कि किसी भी व्यक्ति द्वारा बोई गयी फसल की दावेदारी नहीं की गयी। वर्तमान में गेंहू की फसल मौके पर खड़ी है।

## वृहद स्वास्थ्य शिविर का डीएम साहिबा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जिला कारागार में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा शिविर में लगाए गए आंख, ऑर्थोपेडिक, मानसिक, महिला रोग, दंत चिकित्सक एवं सामान्य रोग से संबंधित डेस्कों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मरीजों से कारागार में उपचार की सुविधा की जानकारी प्राप्त की। जिस पर मरीजों द्वारा स्वास्थ्य शिविर के अलावा कारागार के अंदर सभी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना बताया गया। जिलाधिकारी कौर ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा लगाए गए लैब टेस्ट एवं औषधि वितरण का भी निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर की सराहनीय करते हुए आशा व्यक्ति की कि भविष्य में भी इसी प्रकार के कैंप जिले के अन्य स्थानों में भी आयोजित कर आमजन को भी स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 200 से अधिक कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको निशुल्क चश्मे व दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव, जेलर, टीकम सिंह सेंगर चेयरमैन, श्रीमती रचना कपूर वाइस चेयरमैन, योगेन्द्र पाल सिंह योगी सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा थाना कोतवाली शहर में आयोजित थाना दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना दिवस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुरक्षित करें तथा निस्तारित की गई शिकायतों का विवरण थाना दिवस पंजिका में भी दर्ज करना सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पुलखपुर में सार्वजनिक भूमि पर कब्जा हटवाने के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया तथा ग्राम अलीपुर बेगा में निजी भूमि पर बनाए जाने वाली दुकान पर संबंधित स्वामी का कब्जा दिलाने के लिए राजस्व एवं पुलिस टीमों को रवाना किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि थाना दिवस पंजिका में दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत जानकारी भी अंकित की जाए ताकि शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता पारदर्शी रह सके।

## प्रेमी संग फरार नवविवाहित का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी

**नगीना।** एक सप्ताह पूर्व सोने चांदी की आभूषण और नगदी लेकर मायके से अपने प्रेमी संग फरार हो गई नवविवाहित का धामपुर पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी जबकि मामले में रिपोर्ट दर्ज है। मालूम हो की स्थानीय मौहल्ला अंबेडकर नगर कॉलोनी निवासी मदन सिंह वाल्मीकि (लाल वाला) द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उसके पुत्र पारुल की 22 दिन पूर्व एक मार्च 2025 को धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बसेडा कुंवर निवासी सुरेश कुमार की पुत्री प्रीति उर्फ स्वाति के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी 6 मार्च तक प्रीति उनके घर पर रही तथा 7 मार्च को प्रीति के पिता सुरेश अन्य परिजन लिवाकर ले गये थे। आरोप है कि जाते समय नवविवाहिता पुत्रवधू प्रीति उर्फ स्वाती शादी में चढ़ाये गये व घर की अलमारी में रखे सोने चांदी के 10 लाख रुपए के आभूषण व घर में रखे 3 लाख रुपये कि नकदी बिना किसी को बताये अपने साथ ले गई। तहरीर में आगे कहा गया है 15 मार्च को पारुल उसके पारिजन प्रीति को लेने ग्राम बसेड़ा गये तो प्रीति के घर में न होने के कारण उसके परिवार के लोग उसे भेजने के लिए टालते रहे और कहा कि कहीं रिश्तेदारी में गई होगी आ जायेगी हम भेज देंगे , 17 मार्च को उन्हें किसी माध्यम से पता लगा कि प्रीति घर पर नहीं है और वह किसी और के साथ चली गई है तथा इस मामले में प्रीति के परिजनों ने उन्हें कुछ नहीं बताया और धोखे में रखा, जबकि मायके वालों ने धामपुर थाने जाकर पुलिस को बेटी को अपने रिश्तेदार के साथ चले जाने और नदी और जेवर ले जाने संबंधी तहरीर दी धामपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 87 में आरोपी युवक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया। लेकिन 7 दिन बीत जाने के बाद भी धामपुर पुलिस मायके से नगदी और आभूषण लेकर अपने प्रेमी संग फरार हुई नव विवाहिता को अभी तक पता नहीं लगा सकी।

### अलवर वाले बाबा का आशीर्वाद लेने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नजीबाबाद।** शनिवार को नगर के कोटद्वार रोड स्थित सुरेश ग्रैंड पैलेस में श्री श्री 1008 गद्दी नशीन महाराज पंडित श्री हरिप्रसाद शर्मा जी अलवर वाले बाबा श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने पहुंचे। बैंड बाजे की धुन के साथ बाबा के अनुयायियों ने उनका जय घोष के साथ माल्यार्पण कर एवं पुष्प वर्षा कर जोरदार एवं भव्य स्वागत किया। सुंदरकांड पाठ संपन्न हुआ। जिसके बाद अलवर वाले बाबा ने हवन में पूर्ण आहुति दी। उनके आगमन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। वहीं, बाबा के गद्दी पर बैठते ही पूरा पंडाल आस्था में सराबोर हो गया। बाबा ने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। बाबा के दर्शन करने एवं आशीर्वाद ग्रहण करने हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। इस अवसर पर सुरेश वशिष्ठ, रमन अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, सुधीर त्यागी, विनोद यादव, चरणदास, कपिल कुमार, विकास, नमन गोयल, योगेंद्र चौहान, परविंदर सिंह, जसपाल सिंह, विपिन, संजय बिश्नोई, हिमांशु, अंकुर बंसल, दलबीर, सुमन कौशिक आदि रहे।

# आगरा व मैनपुरी को उत्तर प्रदेश के उत्तम ज़िले बनाने पर करे समन्वय बनाकर काम: सभापति धर्मेंद्र भारद्वाज



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** उ0प्र0 विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के कार्यकारी सभापति धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज के सभापतित्व में शनिवार को जनपद आगरा व मैनपुरी हेतु संयुक्त सदन का आयोजन नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित किया गया। सदन की कार्यवाही में बताया गया कि जनपद आगरा में विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के सदस्यों द्वारा अल्पसूचित, तारांकित, अतारांकित एवं अन्य के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्न क्रमशः शून्य, 14, 09 तथा शून्य है। इसी प्रकार विगत तीन वर्षों में विधान परिषद द्वारा नियम 115, 105, 110 तथा 111 के अन्तर्गत चाही गई सूचनायें क्रमशः 07, शून्य, 04, शून्य प्रेषित की गई हैं एवं विगत तीन वर्षों में उ0प्र0 के विधान परिषद द्वारा 03 याचिकायें प्राप्त हुई हैं। जिन पर नियमानुसार उचित कार्यवाही करते हुए मा0 सदन को अवगत कराया गया है। सदन में बताया गया कि जनपद मैनपुरी में विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के सदस्यों द्वारा अल्पसूचित, तारांकित, अतारांकित एवं अन्य के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्न क्रमशः शून्य, 60, 139 तथा शून्य है। इसी प्रकार विगत तीन वर्षों में विधान परिषद द्वारा नियम 115, 105, 110 तथा 111 के अन्तर्गत चाही गई सूचनायें क्रमशः 05, 03, 13, 08 प्रेषित की गई हैं एवं विगत तीन वर्षों में उ0प्र0 के विधान परिषद द्वारा शून्य याचिकायें प्राप्त हुई हैं। सदन की कार्यवाही को आगे बढाते हुए सदस्यों द्वारा पुलिस विभाग को प्रेषित अल्पसूचित, तारांकित, अतारांकित एवं अन्य के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्नों के सम्बन्ध में समुचित जानकारी न देने पर स्वयं चाही गई जानकारी का सम्पूर्ण विवरण सहित समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गये साथ ही उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में साइबर अपराधों की तुलनात्मक जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने साइबर अपराध से जुड़ी प्रक्रिया एवं पीड़ित को रिकवर कराये गई धनराशि की भी जानकारी चाही। जिस पर बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 70 लाख की धनराशि रिकवर कर पीड़ित को उपलब्ध कराई गई। उन्होंने आगे यह भी बताया कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है तथा जनपद के प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है।

## उ. प्र. सरकार के 08 व केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदिवसीय मेले व प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**आगरा।** प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में 25 से 27 मार्च तक जीआईसी ग्राउंड में उ.प्र. सरकार के 8 व केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रस्तावित त्रिदिवसीय मेले व प्रदर्शनी की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्रिदिवसीय मेले व प्रदर्शनी हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ हरिओम ने मेले व प्रदर्शनी के स्थल चयन, सभी विभागों की सुनिश्चित भागीदारी व स्टॉल आवंटन, विभागवार अलग अलग 3 दिन तक चलने वाली एक्टिविटी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्थानीय व्यंजन फूडकोर्ट, शिल्प कला व सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने की रूपरेखा, मेले व प्रदर्शनी के सफल आयोजन व व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारियों को दायित्व वितरण आदि संबंधी जानकारी ली। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि प्रस्तावित मेले व प्रदर्शनी हेतु जीआईसी ग्राउंड का चयन किया गया है। आयोजन स्थल पर नगर निगम द्वारा साफ सफाई तथा ले-आउट बना कर सभी विभागों हेतु स्टॉल आवंटन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ.हरिओम ने निर्देशित किया कि मेले स्थल पर योजनाबद्ध रूप से यथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित विभागों महिला एवं बाल विकास, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, तथा समाज कल्याण विभाग को एक ही ब्लॉक में तथा कृषि संबंधी विभागों यथा पशुपालन, हॉर्टिकल्चर, मत्स्य, कृषि विभाग को एक ही सेक्टर में स्टॉल आवंटन किया जाए, मीडिया दीर्घा,मंच तथा स्थानीय व्यंजन तथा हस्तशिल्प हेतु फूड कोर्ट, संस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, स्कूल कॉलेजों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग सिर्फ स्टॉल लगाने तक सीमित न रहें तीन दिन तक चलने वाले मेले व प्रदर्शनी में अलग अलग दिन हेतु की जाने वाली एक्टिविटी का प्लान तैयार करें।

# धनौली साईट पर प्रोजेक्ट की सटीक आधिकारिक जानकारी देने को सूचना पट लगवायें: सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** निर्माण अधीन सिविल एन्क्लेव आगरा 24 महीने में बनकर तैयार हो जायेगा ,दो चरणों में इसे पूरा किया जाना है। फिलहाल पहले चरण का कार्य प्रगति पर है। नींव खुदाई,भराई और टर्मिनल भवन के लिये खंभे खड़े करने जैसे कार्य प्रगति पर हैं। जून से इमारत अपना आकार लेना शुरू कर देगी।लखनऊ की के एस एम बशीर मोहम्मद एंड संस इसे बना रही है जबकि कार्यदायी संस्था के रूप में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के धनौली परियोजना का साइट आफिस निर्माणाधी टर्मिनल परिसर में कार्यरत हो चुका है। परियोजना के महाप्रबंधक सिविल अनूप चंद श्रीवास्तव ने सिविल सोसायटी आफ आगरा के प्रतिनिधि मंडल से अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का गंभीरता पूर्वक पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि कार्य प्रगति अबाध गति से निर्माण कार्य पूर्ण होने तक जारी रहेगी।अगले छै महीने में टर्मिनल भवन अपना आकार लेने लगेगा।



एक जानकारी में श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण का कार्य शुरू करवाने पर भी अथार्टी अत्यंत गंभीर है,प्रशासन भू अधिग्रहण की औपचारिकता पूर्व में ही पूरी कर चुका है।इस चरण में जो निर्माण होने हैं,उनमें रनवे के विस्तार संबधी कार्य सबसे महत्वपूर्ण है ,जिसके लिये टेंडर प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इस चरण के लिये भी कार्ययोजना अंतिम रूप ले लेगी। उल्लेखनीय है कि श्रीवास्तव आगरा से पहले गोरखपुर का सिविल एयरपोर्ट बनवा चुके है।

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के अध्यक्ष डा शिरोमणी सिंह ने कहा कि सिविल एन्कलेव जिस दिन भी वायुसेना परिसर से बाहर आ जायेगा और नागरिकों की सीधी पहुंच में होगा यह एयरपोर्ट अथार्टी का उ प्र की सीमा में संचालित होने वाला पहला मुनाफे में चलने वाला हवाई अड्डा होगा।जनरल सैकेट्री अनिल शर्मा ने कहा है कि अब टूरिज्म केवल अक्टूबर से लेकर मार्च के महीनों तक सीमित नहीं रह गई है।उन्होंने उम्मीद जतायी कि आगरा की एयर कनैक्टिविटी को बढाया जाना एक स्थापित जरूरत है। सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री राजीव सक्सेना और असलम सलीमी भी शामिल थे।

# युवा शक्ति देश को विकसित बनाने में सक्षमः महेन्द्रपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में 'विकसित भारत युवा संसद 2025' का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पिपराइच के विधायक महेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि भारत को विकसित करने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी युवा शक्ति इतनी ऊर्जावान है कि वह देश को विकसित देशों की कतार में पहले स्थान पर लाने में सक्षम है। जरूरत सिर्फ इस बात की है कि उन्हें राष्ट्र हित में उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो। यह बेहद सुखद है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ युवाओं को अनेकानेक योजनाओं से सतत प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहे हैं। विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह युवा संसद इसलिए महत्वपूर्ण है कि इसमें प्रतिभागी युवा अपनी बात रखेगा और इसके जरिये विकसित राष्ट्र के निर्माण में उसकी भूमिका बढ़ेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और देश को विकसित बनाने में युवाओं को अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा। कुलपति ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के समय देश में चुनावों का दौर निरंतर बना ही रहता है। केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों के चुनावों के बीच अंतर इतना कम होता है कि पूरी प्रक्रिया देश को आर्थिक रूप से खर्चों में वृद्धि, प्रशासनिक बोझ और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता है। यदि एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा को अपनाया जाए तो धन और समय की बचत कर देश को विकासशील से विकसित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा चाह ले तो देश को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर के पूर्व कुलपति एवं वर्तमान में गोरखपुर विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. रजनीकांत पांडेय ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन भारत के युवाओं के प्रतिभा को देश के मंच पर लाने के लिए बहुत आवश्यक है बताया कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर में युवा संसद का आयोजन पिछले सात वर्षो से हो रहा है। युवा संसद का आयोजन युवाओं की सोच, व्यक्तित्व और उनके नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए बहुत उपयोगी है। पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व प्रमुख परिचालन प्रबंधक रणविजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित करने में युवाओं का जिस तरह आह्वान किया है, वह सराहनीय है।

## एमजीयूजी में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारियां तेज

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) द्वारा संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के तत्वावधान में सोसाइटी फॉर बायोटेक्नोलॉजिस्ट इंडिया (एसबीटीआई) के सहयोग से 30 मार्च से 1 अप्रैल तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। 'आयुर्वेद एवं बायोमेडिकल विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग' विषयक संगोष्ठी की तैयारियां तेज हो गई है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि का नाम तय करने के बाद अब समारोप सत्र के मुख्य अतिथि की भी सहमति मिल गई है। समारोप के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी होंगे। यह जानकारी एमजीयूजी में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने दी। डॉ. अजीत कुमार शासनी ने एनबीआरआई में शामिल होने से पहले आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक और सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पादप संस्थान, लखनऊ के जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग के मुख्य वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया है।

# हज़रत अली ने कहा है गरीब वो है जिसका कोई दोस्त न होः मौलाना शमशाद

अवधनामा संवाददाता

हज़रत अली की शहादत पर विशेष

**गोरखपुर।** पैगंबर हजरत मोहम्मद (स0व0) के दामाद व सुन्नी मुसलमानों के चौथे खलीफा और शिया मुसलमानों के पहले इमाम हज़रत अली (अ0स0) को रमजान की 19वीं तारीख को सुबह की नमाज के दौरान इराक में स्थित मस्जिद ए कूफा में अब्दुल रहमान इब्ने मुलजिम नाम के व्यक्ति ने तलवार के वार से घायल कर दिया जिसके बाद रमजान की 21 तारीख को हजरत अली की शहादत हो गई। हजरत अली एक बहादुर और न्याय प्रिय व्यक्ति होने के साथ ही महान दार्शनिक विचारक और चिंतक भी थे उनके बारे में पैगंबर हजरत मोहम्मद ने फरमाया था कि मैं इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा हैं।

गोरखपुर में हज़रत अली की शहादत की याद में मजलिसों और मातमी जुलूसों का सिलसिला लगातार तीन दिन चला। 19 रमज़ान को शिया जामा मस्जिद से ताबूत का जुलूस निकला जो बसन्तपुर में स्थित कदीम शिया इमामबाड़े में समाप्त हुआ। इसी तरह 20 रमज़ान को मरहूम हैदर रज़ा साहब के आवास मियाबाज़ार से नखास होते हुए ताबूत का जुलूस वक़्फ़ इमामबाड़ा रानी अशरफुन्निशा ख़ानम पर समाप्त हुआ जबकि 21 रमज़ान की रात में ताबूत का जुलूस मरहूम अली मोहम्मद साहब के आवास से निकल कर घण्टाघर होते हुए वक़्फ़ इमामबाड़ा रानी अशरफुन्निशा ख़ानम पर समाप्त हुआ। यह जानकारी शिया फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष एजाज़ रिज़वी एडवोकेट ने दी। हज़रत अली की शहादत के मौके पर शिया जामा मस्जिद के इमाम जुमा व जमात मौलाना शमशाद ने हज़रत अली की अनमोल बातों से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि अगर हज़रत अली की कही बातो पे आप अमल करें तो दुनिया की कोई ताक़त आपको क़ामयाब होने से नही रोक सकती। उन्होंने हज़रत अली की कही प्रमुख बातों को बताया और कहा कि हज़रत अली ने फरमाया। इन्सान का अपने दुश्मन से इन्तकाम का सबसे अच्छा तरीका ये है कि वो अपनी ख़ूबियों में इज़ाफ़ा कर दे रिज़्क़ के पीछे अपना ईमान कभी खराब मत करो क्योंकि नसीब का रिज़्क़ इन्सान को ऐसे तलाश करता है जैसे मरने वाले को मौत। गरीब वो है जिसका कोई दोस्त न हो। जो इनसान सजदो मे रोता है उसे तक़दीर पर रोना नहीं पड़ता। कभी तुम दूसरों के लिए दिल से दुआ मांग कर देखो तुम्हें अपने लिए मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसी की बेबसी पर मत हंसो ये वक्त तुम पर भी आ सकता है। किसी की आँख तुम्हारी वजह से नम न हो क्योंकि तुम्हे उसके हर एक आंसू का क़र्ज़ चुकाना होगा। जब मेरा जी चाहता है के मैं अपने रब से बात करूँ तो मैं नमाज़ पढ़ता हूँ। जिसको तुमसे सच्ची मोहब्बत होगी, वह तुमको बेकार और नाजायज़ कामों से रोकेगा।

## नवनिर्मित एक कक्षीय एवं बाल वाटिका कक्ष का लोकार्पण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पीएम श्री पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरीडांड़ के नव निर्मित एक कक्षीय एवं बाल वाटिका कक्ष का लोकार्पण खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा ने किया। सरकार गुडवक्ता परक शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों के पठन पाठन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अध्क्षयता ग्राम प्रधान विजय कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला, मंत्री अच्युतानंद त्रिपाठी, पूर्व प्रधानाचार्य शत्रुध्न पाल, सभासद मनोज जायसवाल सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश के सबसे बड़े वेयरहाउस का किया उद्घाटन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां तहसील क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने गीडा सेक्टर 26 में 27 करोड़ 81 लाख की लागत से बने प्रदेश के सबसे बड़े सेंट्रल वेयरहाउस का लोकार्पण किया। यह केंद्रीय वेयरहाउस कुल साढ़े पांच एकड़ क्षेत्रफल में 1 लाख 20 हजार स्क्वायर फीट स्क्वायर फीट में गोदाम बना है। इसकी क्षमता 21 लाख 150 टन की है केंद्र सरकार द्वारा शासन की तरफ से उद्योगों और उद्यमियों के विकास को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है उद्यमियों के लिए यह वेयर हाउस एक बड़ी सौगात के रूप में माना जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने वर्चुअल रूप से देश के अंदर 18 शहरों में वेयरहाउस का लोकार्पण किया जिसकी लागत 264 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## गोवंश आश्रय स्थल बसेली का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गोवंश आश्रय स्थल बसेली, वि0क्षे0 बढ़पुर का निरीक्षण किया गया,निरीक्षण में गौशाला में साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई ,गौशाला में भूसा, दाना, का पर्याप्त भंडारण पाया गया,हरा चारा भी गौबंशो को दिया जा रहा था जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गौशाला से सम्बद्ध भूमि पर अगली बार हरे चारे के साथ गेहूँ भी बोया जाये, गेहूँ कटाई का सीजन शुरु होने जा रहा है भूसा का पर्याप्त भण्डारण कर लिया जाये, जिलाधिकारी द्वारा गौशाला की फेंसिग कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डी0सी0 मनरेगा, ए0डी0ओ पंचायत, डिप्टी सी0वी0ओं उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.04.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-44-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.04.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.04.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

880/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ –उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-InExt-96949-1-25-1 (Advertising -Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 896/25


# भाजपा जिला कार्यालय पर फतेहचंद वर्मा एवं रूपेश गुप्ता का स्वागत किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** दिनांक 22 मार्च 2025 दिन शनिवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ जिसमें सांसद मुकेश राजपूत सहित पार्टी के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

इस अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा का गर्म जोशी से स्वागत किया कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष के पहुंचते ही आतिशबाजी चलाई एवं मिठाई वितरण किया एवं उनका शाल एवं फूल माला से सम्मानित किया। पार्टी मुख्यालय के मीटिंग हॉल में सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहां पर सांसद मुकेश राजपूत सहित पूर्व जिला अध्यक्ष भूदेव सिंह राजपूत सत्यपाल सिंह दिनेश कटियार एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने संबोधन दिया। जिला कमेटी के पदाधिकारीयो ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता के कार्यकाल में हुए कार्यों की भी चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सांसद मुकेश राजपूत ने कहा हर बार की तरह इस बार भी संगठन ने प्रथा को जारी रखते हुए संगठन के ही कार्यकर्ता को पार्टी की कमान सौपी है। पार्टी ने संगठन के लिए कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता का चयन किया है। उन्होंने आगामी चुनाव का जिक्र करते हुए कहा की पार्टी और संगठन के आगे बड़ी-बड़ी चुनौतियां हैं इस बार जिला पंचायत का चुनाव एक बड़ी चुनौती है। संगठन द्वारा अच्छे कार्यकर्ता का चयन करके उसको जिला पंचायत के चुनाव में मौका देने का कार्य किया जाएगा ज्यादा से ज्यादा जिला पंचायत के सदस्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चयनित हो ऐसी मंशा के साथ सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट से कार्य करना है। पार्टी के सामने लगातार जीत की चुनौती को बरकरार रखना है। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा पार्टी ने जो दायित्व मुझे सौपा है उसे दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह किया जाएगा प्रत्येक कार्यकर्ता की बात संगठन स्तर पर सुनी जाएगी। आगे आने वाली प्रत्येक चुनौती का सामना किया जाएगा। जिला पंचायत का चुनाव हो या विधानसभा 2027 का चुनाव हो प्रत्येक चुनाव में भाजपा अपनी जीत को कायम रखेगी।

# मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा की गई। बैठक में डीएम हाथरस, एटा, एमएनए, सीडीओ, अपर आयुक्त समेत मण्डल के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मंडलायुक्त ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चंद दिन ही शेष बचे हैं। सभी अधिकारी आवंटित धनराशि का नियमानुसार व्यय सुनिश्चित करें। आयुक्त ने कहा कि बैठक का उद्देश्य अलीगढ़ मण्डल में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा करना और निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराना है। आयुक्त संगीता सिंह ने कहा कि भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति भी सुनिश्चित कर ली जाए। वित्तीय वर्ष समाप्ति के ठीक बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास एवं निर्माण कार्य होने के उपरांत भुगतान न होने पर या उसे लंबित रखने पर सम्बंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की शिथिल प्रगति एवं पाइपलाइन डाले जाने के लिए खोदी गई सड़कों का पुनरूत्थान न करने पर आयुक्त द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।

## प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 25 मार्च से

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार द्वारा अर्जित की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियां व प्रमुख योजनाओं की जानकारी जनमानस को उपलब्ध कराए जाने के लिए 25, 26, 27 मार्च को तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में किया जा रहा है। यूपी भारत का ग्रोथ इंजन'' थीम पर आधारित तीन दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी सीईओ ग्रेटर नोएडा एवं आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र रवि कुमार एन0जी0 ने अलीगढ़ पहुंचकर जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने लोनिवि अतिथि गृह में डीएम, सीडीओ, पीडी, सीएमओ, एसपी क्राइम एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, लाभार्थीपरक योजनाओं, जन कल्याणकारी नीतियों एवं उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीडीओ आलोक आर्य, डीसी एनआरएलएम, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, एसपी क्राइम ममता कुरील, डीडी कृषि यशराज सिंह, चीफ इंजीनियर सुरेश चन्द्र, बीएसए राकेश कुमार, डीपीओ कृष्णकांत राय एवं अजित कुमार, पर्यटन अधिकारी डी0के0 शर्मा, पीओ डूडा कौशल कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शेर सिंह, डीएओ धीरेन्द्र कुमार चौधरी समेत एडी सूचना एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक का हुआ आयोजन


**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 50 पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने प्रतिभाग किया। जिनमें 16 सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने अपनी समस्याओं सम्बन्धी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

## पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय एट में स्मार्ट क्लास और लर्निंग टेबल का लोकार्पण

**उरई (जालौन)।** जनपद के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय एट में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लास और लर्निंग टेबल का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में झांसी के मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे डीआईजी झांसी केशव कुमार चौधरी और डीएम राजेश कुमार पांडेय सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास आदि अधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम में आयुक्त विमल कुमार दुबे ने विद्यालय के छात्रों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर एक मिसाल पेश करें। उन्होंने कक्षा पांच के छात्र अंश बाबू को यूपी सैनिक स्कूल में चयनित होने पर शुभकामनाएं दीं और उसका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा गौरैया दिवस के अवसर पर गौरैया संरक्षण के लिए बनाए गए गौरैया हाउस की सराहना की गई। यह पहल ईको क्लब के अंतर्गत की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जाग रूकता बढ़ेगी।

# उपजिलाधिकारी के आदेश एवं लेखपाल के जांच के बाद भी थाना प्रभारी पट्टी दोषियों के पक्ष में

अवधनामा संवाददाता



थाना प्रभारी पट्टी दोषियों के पक्ष में नहीं लगने दे रहे मकान की छत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के पट्टी तहसील के महोखरी गाँव में मकान निर्माण के दौरान अवैध हस्तक्षेप का मामला उप जिलाधिकारी पट्टी के समक्ष 19 मार्च को ही आया था। पीड़ित श्याम शंकर पाठक ने उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि गाँव के ही शेषनाथ नामक व्यक्ति ने उनके पुस्तैनी मकान के निर्माण कार्य में जबरन बाधा डाली है।

श्याम शंकर पाठक के अनुसार, उनका पुस्तैनी मकान काफी जर्जर अवस्था में था, जिसके चलते उन्होंने उसका पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया। जब उन्होंने मकान की नींव पर दीवार खड़ी करके छत डालने का काम शुरू किया, तो शेषनाथ ने बिना किसी अधिकार के अवैध रूप से हस्तक्षेप किया और काम को रुकवा दिया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इस घटना की सूचना संबंधित तहसील के उच्चाधिकारियों और स्थानीय थाने को भी दी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्याम शंकर पाठक ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और शेषनाथ के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें, ताकि वे शांतिपूर्वक अपने मकान का निर्माण कार्य पूरा कर सकें। श्याम शंकर पाठक के प्रार्थना पत्र पर उपजिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक पट्टी को आदेशित किया है कि मौके पर जा कर भौतिक एवं अभिलेखीय परीक्षण किया जाए और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए। यूपी जिला अधिकारी के आदेश के अनुपालन में तहसीलदार ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट लगा दिया परंतु प्रभारी निरीक्षक पट्टी खुद मजिस्ट्रेट बने हुए हैं ये उपजिलाधिकारी के आदेश को भी नागवार समझ रहे हैं। हालांकि राजस्व विभाग की रिपोर्ट लगने के बाद कानूनी तौर पर प्रभारी निरीक्षक को चाहिए था कि मौके पर जाकर बाधा डालने वाले को रोका जाए और पीड़ित का छत लगवाने के उपजिलाधिकारी के आदेशों का अनुपालन करवायें लेकिन ऐसा नहीं है सूत्रों की माने तो प्रभारी निरीक्षक पट्टी दोषियों से मिलकर पीड़ित का छत नहीं लगवाने दे रहे हैं।

# बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



35 से अधिक महिला पुलिस अधिकारियों को लेडी सिंघम की उपाधि से किया गया सम्मानित

एडीसीपी मनीषा सिंह के हाथों सम्मानित हुई महिला अधिकारी

**लखनऊ।** बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 22 मार्च 2025 को नाका हिंडोला पुलिस थाने के हॉल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें 35 से अधिक महिला पुलिस अधिकारियों को लेडी सिंघम की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, मोमेंटो एवं चांदी से निर्मित श्री राम की प्रतिमा भेंट की गई।

यह सराहनीय पहल बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. रूबी राज सिन्हा एवं सचिव इं. प्रशांत प्रवीन सिन्हा द्वारा की गई।इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडीसीपी सेंट्रल श्रीमती मनीषा सिंह थीं। जिन्होंने स्वयं सभी महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से सम्मानित हुई महिला पुलिस कर्मियों, अधिकारियों में उपनिरीक्षक श्रीमती गौरव कुमारी, उपनिरीक्षक श्रीमती अत्रष्णा यादव, उपनिरीक्षक श्रीमती शालिनी देवी, मुख्य आरक्षी प्रीति कुशवाहा,आरक्षी शशि देवी, आरक्षी अमिता देवी, आरक्षी समता पांडे,आरक्षी रानी यादव,आरक्षी दीक्षा सिंह,आरक्षी नीतू सिंह व अन्य थी।इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार जो बैदेही परिवार का हिस्सा हैं भी उपस्थित रहे जिन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इनमें पत्रकार अब्दुल वहीद, परवेज अख्तर, समाजसेवी इमरान कुरैशी, आलोक पांडेय,डॉ. योगेश विमल,शरद मेहरोत्रा, परमजीत सिंह, शैलेश सिंह, एन आलम जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। इन सभी विशिष्ट व्यक्तित्वों को शॉल एवं उनकी आस्था के अनुसार चांदी से निर्मित देव प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।ये सभी लखनऊ के प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 10 पुरुष पुलिस अधिकारियों एवं नाका हिंदोला पुलिस स्टेशन के प्रभारी को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एच एस जे परिवार से पवन विश्वकर्मा, शिवांगी कश्यप,आयुषी त्रिवेदी एवं रचना मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रूबी राज सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों एवं मुख्य अतिथि का ससम्मान स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला पुलिस अधिकारी न केवल देश की सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं, बल्कि वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों को भी कुशलता से निभाती हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह द्वारा कोतवाली कायमगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह द्वारा कोतवाली कायमगंज का वार्षिक निरीक्षण कर थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, संपत्ति, शस्त्र, हवालात, थाना परिसर, भवन, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## टीम ने अभियान चलाकर 20 अवैध कब्जे हटवाए

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क किनारे कमर्शियल वाहन खड़े करने वाले तथा अतिक्रमण करने वालों पर विभाग सख्त हो गया है। अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यदायी संस्था एन.एच.आई.टी के कर्मचारियों तथा पेट्रोलिंग टीम के द्वारा जोल्हूपुर मोड़ में सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। ज्ञात है कि झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों साइडों में प्राधिकरण की भूमि पर जगह-जगह अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हो गए थे। इसी क्रम में कई लोग अपने-अपने वाहनों को भी अनाधिकृत रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे आड़ा तिरछा खड़ा कर देते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो जाती है तथा दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इस संबंध में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के द्वारा जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। डीएम के आदेश का अनुपालन करते हुए प्राधिकरण की कार्यदाई संस्था एन.एच.आई.टी के कर्मचारियों तथा हाईवे की पेट्रोलिंग टीम के द्वारा अभियान चलाकर जोल्हूपुर में हाईवे के दोनों साइडों में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।

# के सी एल पब्लिक स्कूल का शुभारंभ, अयोध्या में शिक्षा का नया अध्याय



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव द्वारा स्थापित के सी एल पब्लिक स्कूल का शुभारंभ आज सिडहिर नरसिंहपुर, अयोध्या में धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सिद्ध पीठ नाका हनुमानगढी के महंत रामदास, योग आश्रम अयोध्या के महंत धर्मेंद्र दास शास्त्री और ज्ञान योग आश्रम पलटू दास अखाड़ा के महाराज बाबा भरत दास जी रहे।उद्घाटन के दौरान, महंत रामदास जी, महंत धर्मेंद्र दास शास्त्री और बाबा भरत दास ने विधिवत पूजा अर्चना कर, फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया। विद्यालय के संस्थापक छोटे लाल यादव ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ÷हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देना है, ताकि जो अभिभावक शहरों में उच्च फीस नहीं दे सकते, वे अपने बच्चों को यहां अच्छी शिक्षा दिला सकें। यह विद्यालय गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद है।÷मुख्य अतिथि महंत रामदास ने अपने आशीर्वचनों में विद्यालय की उन्नति और प्रगति की कामना करते हुए इसे शिक्षा का मंदिर बताया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस विद्यालय से जुड़ें और अपने बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा दिलवाने का अवसर प्रदान करें।महंत धर्मेंद्र दास शास्त्री ने श्लोकों के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और इस विद्यालय को क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाने वाला बताया। प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय ने कहा, ÷छोटे लाल यादव ने ग्रामीण क्षेत्र में इस विद्यालय की नींव रखकर बड़ा दिल दिखाया है। इस विद्यालय में शहरों की सुविधाएं हैं, और ग्रामीण क्षेत्र के लोग इसका लाभ उठाएं।÷समारोह के दौरान कई अन्य बुद्धिजीवियों और शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रकार, के सी एल पब्लिक स्कूल ने अपने उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र में शिक्षा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में पहला कदम बढ़ाया है।इस अवसर पर कई प्रमुख नेता और समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित थे, जिनमें संस्थापक सदस्य कृष्णा यादव, समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव, प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय, प्रदेश सचिव छेदी सिंह, और अन्य प्रमुख समाजवादी नेता शामिल थे।

## दो दिवसीय प्रायश्चित कर्म और निः शुल्क यज्ञोपवीत संस्कार 23 व 24 को

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक अध्यक्ष पं कृपानिधान तिवारी ब्राह्मणो को संस्कारवान बनाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित करा रहे है।दो दिवसीय कार्यक्रम ब्राह्मणों का देश के उच्च कोटि के विद्वान राष्ट्रपति पुरस्कृत आचार्य श्री नारायण झा वैदिक के नेतृत्व में वैदिक विद्वानो द्वारा संस्कार समारोह आगामी23व24 मार्च-को संपन्न होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम मे ब्राह्मण बटुको का निशुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार भगवान श्री सूर्य मंदिर सूर्यकुंड दर्शन नगर अयोध्या में होगा। 16 वर्ष की आयु से अधिक ब्राह्मण बटुकों का प्रायश्चित कर्म तथा पंचांग पूजन 23 मार्च रविवार सुबह 10:00 बजे से और सभी का 24 मार्च सोमवार को यज्ञोपवीत संस्कार सुबह 8बजे से 2बजे तक संपन्न होगा।

# योगी सरकारः आठ साल, बेमिसाल

## रामनगरी में बिन भेदभाव सबको मिली छत



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने कार्यकाल के आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने न केवल अयोध्या को विशेष महत्व दिया, बल्कि पूरे अयोध्या मंडल के विकास के लिए भी अपने खजाने के दरवाजे खोल रखे। इस दौरान प्रदेश की योगी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया गया, चाहे वह रामलला के भक्त हों या रहमान के। इन योजनाओं में सबसे उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री आवास योजना, जिसके तहत पिछले आठ वर्षों में अयोध्या मंडल के 30 हजार से अधिक लोगों को अपना आशियाना मिला है। यह आंकड़ा सरकार के उस संकल्प को दर्शाता है, जिसमें हर गरीब और जरूरतमंद को छत उपलब्ध कराने का वादा किया गया था। सुल्तानपुर में 10,426 लोगों को मिला आवास अयोध्या मंडल में इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभ सुल्तानपुर जिले को मिला है। सुल्तानपुर में 10,426 लोगों को आवास प्रदान किए गए, जो मंडल के अन्य जिलों की तुलना में सबसे अधिक है। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकार ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवास योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया। अयोध्या मंडल के अन्य जिलों जैसे अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और अमेठी में भी हजारों लोगों को इस योजना का लाभ मिला। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में गरीबों और वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए, जो न केवल उनकी मूलभूत आवश्यकता को पूरा करते हैं, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाते हैं। इन मकानों के साथ बिजली, पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित की गईं, जिससे लाभार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला। खास बात यह है कि इस योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी समुदायों तक पहुंचाया गया। सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि आवास का वितरण पारदर्शी तरीके से हो और इसमें किसी भी तरह का पक्षपात न हो। इन आठ वर्षों में अयोध्या मंडल में हुए इस बदलाव का श्रेय योगी सरकार की नीतियों और उनकी प्रभावी कार्यान्वयन शैली को जाता है। अयोध्या, जो राम मंदिर निर्माण के कारण पहले से ही चर्चा में थी, अब विकास के नए आयामों को छू रही है।

# अज्ञात चोरों का आतंक, दो दुकानों का शटर काटा, लाखो की चोरी

अवधनामा संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** अज्ञात चोरों ने दो दुकानों का शटर काट कर लाखों की नगदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया भुक्त भोगियों द्वारा थाने पर दी गई तहरीर पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर छानबीन शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने विकासखंड मुख्यालय के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित पूर्व प्रधान अमर बहादुर सिंह बबलू की मार्केट में देल्ही बेरी लिमिटेड दुकान का शटर तोड़कर अंदर जाकर अलमारी व लाकर का ताला तोड़कर एक लाख तैतीस हजार की नगदी उठा ले गए।साच्य मिटाने के लिए दुकान के बाहर लगे कैमरे को तोड़कर डी वी आर भी साथ में उठा ले गए। इसी क्रम में ऑटो बाइक बजाज एजेंसी का शटर व ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर उठा ले गए। दुकान के बाहर लगा एक कैमरा भी चोरों ने चुरा लिया। सुबह जब देल्ही बेरी के मैनेजर अनूप शर्मा ने दुकान जाकर देखा तो दंग रह गए। अलमारी वाला का टूटा हुआ था तथा इसमें रखी नगदी गायब थी पीड़ितों के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ दी गई तहरीर पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच कर छानबीन शुरू कर दी है।

## विकास कार्य मे हो रहे भ्रष्टाचार, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**रामनगर बाराबंकी।** क्षेत्र पंचायत के हुए कार्यो में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते ब्लॉक की बाउंड्री, आर ओ तथा अन्य कार्यो की जाँच कराने का पत्र डीएम को दिया गया जिस पर उन्होंने डीपीआरओ से जांच करने को कहा है। देवसानी निवासी देवेश कुमार सिंह ने डी एम से मिलकर उनको पत्र दिया जिसमें लिखा है कि ब्लॉक के प्रांगण में इंटर लाकिंग लगाई गई और जो खड़ंजा लगा था उसे पटन्जा कर दिया गया। बाउंड्री बनाई गई और पुरानी बाउंड्री का इंट ठेकेदार ने गायब कर दिया।टेंडर द्वारा 101 आर ओ गाँवों में लगवाए गए जिनमें कई सार्वजनिक स्थानों पर नहीं लगे बल्कि निजी स्थानों पर लगाए गए हैं।इनमें बोरिंग भी कम हुई तथा बिजली कनेक्शन न होकर कंटिया फंसाई गई।इनकी कीमतों में भी हेरा फेरी हुई और ब्लॉक द्वारा प्रति आर ओ चार लाख पचीस हजार का भुगतान किया गया जो मार्केट रेट से बहुत अधिक है। ब्लॉक में मिलीभगत कर सारे कार्य दस लाख लागत से कम कराए जाते हैं जिससे चेहती फर्मो को ही काम मिल सके।

# अयोध्या में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन, प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या ।** उत्तर सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्षों के सफलता के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर 25, 26 और 27 मार्च 2025 को एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख सचिव सिंचाई और जल संसाधन अनिल गर्ग के नेतृत्व में अधिकारियों ने इस आयोजन के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन रामकथा पार्क में किया जाएगा, जहां विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, और संबंधित अधिकारियों द्वारा इन योजनाओं के लाभ के बारे में आम जनता को जानकारी दी जाएगी।तीन दिवसीय इस समारोह में विभिन्न विचार गोष्ठियां और संवाद सम्मेलनों का आयोजन होगा, जिनमें अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, युवा और रोजगार, हस्तशिल्प और ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार, और अन्त्योदय से सर्वोदय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान विभिन्न नागरिकों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित भी किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, और कई अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त रोजगार मेलों का आयोजन और निजी निवेश परियोजनाओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।नोडल अधिकारी अनिल गर्ग ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशों का पालन करें और सुनिश्चित करें कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। साथ ही स्टॉल पर रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि पात्र व्यक्ति तुरंत इन योजनाओं का लाभ ले सकें।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, एसपीआरए, जिला विकास अधिकारी और अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# निहारिका पब्लिक स्कूल में रंगोली व आर्ट प्रतियोगिता आयोजित



**मसौली बाराबंकी।** जनहित कल्याण सेवा समिति एव सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मे शनिवार को नेवला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल मे जागरूकता गोष्ठी एव रंगोली प्रतियोगिता आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पर्यावरण समिति के सदस्य आशीष वर्मा ने दीप प्रजवल्लित कर किया तथा गोष्ठी मे लोगो से रूबरू होते हुए कहा कि हमारे केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण संचयन एवं संवर्धन के लिए अनेकों प्रयास कर रही है और सरकार के साथ हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम सभी अपने दैनिक जीवन में पानी के अंधाधुंध प्रयोग को कम करके जल संरक्षण मुहिम के भागीदार बने यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने आस पास के कुओं ,तालाबों की समय-समय पर सफाई एवं तालाब की मेड़ों पर पेड़ लगाकर हम अपनी भागीदारी दे सकते हैं प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में केवल 2 लीटर अगर पानी बचाता है तो यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस अवसर पर जनहित कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा, सत्यनाम, प्रधानाचार्या सोनिया वर्मा, नन्हा प्रसाद, पूजा वर्मा, ज्योति, कंचन, सुधा, विभा, प्रिया, कीर्ति, लक्ष्मी, आशीष कुमार सहित विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहीं

## चंदा मांगने को लेकर हुई मारपीट तीन माह बाद हुआ मुकदमा दर्ज, तीन भाइयों समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

**सिद्धौर बाराबंकी।** करीब साढ़े तीन माह पहले असंद्रा थाना क्षेत्र के बबुरी गांव में मेले के चंदा को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट हुई। उस समय पुलिस ने एक पक्ष से मुकदमा दर्ज कर मामले को रफदफा कर दिया। लेकिन आरोपी पक्ष से मुकदमा दर्ज करने के बजाए शांतिभंग में कार्रवाई कर दी। इससे असंतुष्ट पीड़ित ने न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। उसके आदेश पर अब असंद्रा पुलिस ने तीन भाइयों समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज का जांच शुरू की है। असंद्रा थाना क्षेत्र के बबुरी गांव निवासी आदित्य प्रकाश पांडेय पुत्र सदाशिव पांडेय का कहना है कि 8 दिसंबर 2024 को गांव के बाहर ही स्थित सती माता देवस्थान पर पौराणिक मेले का आयोजन था। वह भाई करण पांडेय के साथ मेले में शामिल था। मगर आरोप है कि गांव के ही शुभम मिश्र उर्फ बब्बू पुत्र अरुण मिश्र, अरुण मिश्र, सोनू व राहुल मि?श्र पुत्रगण दुर्गेश, हरिओम पुत्र नरायनदास मेला चन्दा की बात पर विवाद करने लगे। विरोध पर शुभम्, अरुण व राहुल ने चाकू तो सोनू व हरिओम डंडा से एकराय होकर जान से मारने की नियत से उस पर हमला कर दिया। बचाव में आए भाई करन पाडेय को भी पीट दिया। ? चीखपुकार पर मेले में भगदड़ मच गई। लोग मेला छोड़कर भागने लगे। यहीं पर मौजूद सुधीर व हरिशंकर समेत अन्य लोग बीच बराव कराया। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इसकी शिकायत पर असंद्रा पुलिस ने कार्रवाई के बजाय पीड़ित पक्ष का शांतिभंग में कार्रवाई कर दी। इससे असंतुष्ट पीड़ित पक्ष ने न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। उसके आदेश पर शुक्रवार देर शाम इंस्पेक्टर असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी ने पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट से संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# या अली मौला की सदाओं से गूंजता रहा शहर, निकला मौला अली का ताबूत जुलूस

## जुलूस में भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैदी से डटे रहे, शिया समुदाय ने शुक्रिया किया अदा





अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** या अली मौला हैदर मौला की सदाओं से गूंज उठा जनपद। हज़रत अली (अ) की शहादत के मौक़े पर बाराबंकी में ग़म और मातम का मंज़र छाया रहा। तीन दिन तक शहर की गलियां, मोहल्ले और मस्जिदें ÷या अली मौला÷ की सदाओं से गूंजती रहीं। हर तरफ नौहा-ख्वानी और सीना ज़नी होती रही। अज़ादारों की आंखें अश्कबार थीं, दिल ग़मज़दा थे और जुबां पर मौला अली (अ) की शहादत का ज़िक्र शहर में कई जगहों से निकला जुलूस, मातमी माहौल में गूंजती रहीं या अली की सदाएं। बाराबंकी में हज़रत अली (अ) की याद में अलग-अलग जगहों से जुलूस निकाले गए। अस्करी नगर, बेलहरा हाउस, लाइन पुरवा, कटरा, तकिया अली कॉलोनी, बेगमगंज, रसूलपुर समेत तमाम इलाकों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा।करबला सिविल लाइंस के मोहम्मद मुज्तबा और मोहम्मद आलिम के हुसैनिया में मजलिस हुई और ताबूत का जुलूस निकला। शहर का सबसे बड़ा जुलूस इमामबाड़ा मीर मासूम अली कटरा से निकला। इसमें अंजुमन इमामिया के ज़रिए शबीहे ताबूत के साथ अज़ादार शामिल हुए। नौहा-ख्वानी और सीना ज़नी के साथ जुलूस ने अपनी रवायती राह। सिटी पुलिस चौकी, दर्पण, घंटाघर, धनोखर, लैया मंडी होते हुए निबलेट तिराहा का सफ़र तय किया। निबलेट तिराहे पर अस्करी नगर, बेलहरा हाउस, लाइन पुरवा, रसूलपुर आदि से आए जुलूस इसमें शामिल हो गए। इस दौरान जगह-जगह अंजुमनों ने नौहा-ख्वानी और सीना ज़नी करते हुए ग़म का इज़हार किया। भारी संख्या में काले कपड़े पहने अजादारो की मौजूदगी में यह विशाल जुलूस बेगमगंज, इमामबाड़ा वक़्फ़ अमजद अली, शाही मस्जिद, लाजपत नगर, कोतवाली होते हुए करबला सिविल लाइन पहुंचा।

### शाही मस्जिद में मजलिस, मौलाना इब्ने अब्बास का ख़ितاब

हर साल की तरह इस साल भी शाही मस्जिद में मजलिस का आयोजन हुआ। इसमें मौलाना सैयद मोहम्मद इब्ने अब्बास साहब ने हज़रत अली (अ) की शख़्सियत, उनकी अदालत, इंसाफ़ और ईमानदारी पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि मौलाए कायनात का किरदार पूरी इंसानियत के लिए मिसाल है।

### अंजुमनों ने पेश किया अकीदत का नज़राना

अंजुमन गुंचये अब्बासिया के अराकीन ने इमामबाड़ा वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान में नौहा-ख्वानी और सीना ज़नी की। इमामबाड़ा जनाबे जैनब में हुई मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत मौलाना अली अब्बास साहब ने ख़िताब किया। उन्होंने हज़रत अली (अ) की तक़वा, इल्म और इंसाफ़ का ज़िक्र करते हुए कहा कि आज की दुनिया को मौला अली (अ) की सीरत को अपनाने की ज़रूरत है।

# बागापार-चिउरहा मार्ग का सदर विधायक ने किया भूमि पूजन

## भूमिपूजन होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर



**महराजगंज।** लंबे समय से जर्जर पड़े बागापार-चिउरहा मार्ग (10 किमी) के निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने भूमि पूजन कर किया। यह सड़क वर्षों से खराब थी, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क की खराब स्थिति और मांग को देखते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवं विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सड़क निर्माण के लिए 18.91 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई। भूमिपूजन के दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और विधायक के समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# कोई भी आवेदन समय सीमा के उपरांत लंबित ना रहेः जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विकास कार्यो संबंधी विभिन्न योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड पर प्रगति की समीक्षा हुई।जिसमें उन्होंने पंचायतीराज, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन, महिला एवं बाल कल्याण, सहकारिता, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, उद्योग सहित विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की समीक्षा गहन रूप से करें। जिलाधिकारी ने प्रथम रैंक आने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रथम रैंक से संतुष्ट होने के बजाय सभी लोग और अधिक परिश्रम करें व योजनाओं को धरातल पर उतारें। उन्होंने सीडी और ई ग्रेड प्राप्त परियोजनाओं में सुधार के संदर्भ में कड़ा निर्देश दिया और कहा कि कोई भी आवेदन समयसीमा के उपरांत लंबित न रहे। प्राप्त आवेदनों को कदापि लंबित न रखें और समयान्तर्गत निस्तारित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला, डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब, एआर सहकारिता सुनील गुप्ता, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नीरज कुमार अग्रवाल, डीपीआरओ सुश्री श्रेया मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के आयोग अध्यक्ष ने देवा महादेवा सरज़मी पर मेट्रो चलाने की योगी से मांग की

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी देवा।** महादेवा की सरजमी बाराबंकी में मेट्रो की मांग तेज हुई। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र। बाराबंकी÷ राजधानी लखनऊ से सटा हुआ जिला बाराबंकी जो अपनी गंगा-जमुनी तहजीब और ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है, अब मेट्रो सेवा से जुड़ने की मांग कर रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर लखनऊ-बाराबंकी मेट्रो सेवा शुरू करने की पुरजोर सिफारिश की है। बैजनाथ रावत ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बाराबंकी जिला लखनऊ से बेहद निकट है। जिसके चलते अधिकारी कर्मचारी छात्र व्यापारी और मरीज प्रतिदिन लखनऊ आते-जाते हैं। बड़ी संख्या में लोग लखनऊ में रहकर बाराबंकी में कार्य करते हैं और कई लोग बाराबंकी में रहकर राजधानी में नौकरी या व्यापार करते हैं। इस वजह से लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है जिससे जाम की समस्या आम हो गई है। रावत ने कहा कि यदि बाराबंकी को मेट्रो सेवा से जोड़ा जाए तो यात्रियों को राहत मिलेगी और उनकी यात्रा सुगम और समयबद्ध हो सकेगी। साथ ही लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।श्री रावत ने पत्र में यह भी लिखा है कि बाराबंकी एक तेजी से बढ़ता हुआ औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र बन रहा है। यहां कई महत्वपूर्ण संस्थान और औद्योगिक इकाइयां हैं, जहां लखनऊ से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन आते-जाते हैं। मेट्रो सेवा शुरू होने से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और व्यापार को भी नई दिशा मिलेगी। मेट्रो से यातायात होगा सुगम समय और ईंधन की होगी बचत मेट्रो सेवा शुरू होने से बाराबंकी और लखनऊ के बीच यातायात सुगम हो जाएगा। यात्रियों को बस या निजी वाहनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री से जल्द कार्रवाई की मांग

बैजनाथ रावत ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वह जनहित में शीघ्र कार्रवाई करें और बाराबंकी को मेट्रो सेवा से जोड़ने की दिशा में कदम उठाएं। इससे न केवल लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि जिले का समग्र विकास भी होगा। बाराबंकी के लोगों ने भी इस मांग का समर्थन किया है और उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही मेट्रो सेवा की सौगात देगी।

# 120 विद्युत बकायदारों का कटा कनेक्शन

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** बिजली के बड़े बकाएदारों के खिलाफ शनिवार को सिसवा नगर व देहात क्षेत्र में उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जिसमें विद्युत कनेक्शन काटने के साथ ही बकाएदारों से राजस्व की वसूली भी की गई। शनिवार को सिसवा नगर व देहात क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा बड़े बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें 120 बकायादारों का कनेक्शन विच्छेदन कर दिया गया। साथ ही 50 हजार के उपर के बड़ें बकायदारों को नोटिस दिया गया। उपखंड अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी व अवर अभियंता सुजीत चौरसिया के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने नगर व देहात क्षेत्र में अभियान चलाकर 120 बड़े बकायदारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन कर दिए गए।

# ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा बेल्ट एवं प्रोन्नत प्रमाण पत्र वितरित




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के उसका बाजार में स्थित हाजी अजहर खान इंटरमीडिएट कॉलेज के 12 ताइक्वांडो खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा जारी बेल्ट एवं प्रोन्नति प्रमाण पत्र विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद सलीम खान के द्वारा वितरीत किया गया। प्रबंधक मोहम्मद सलीम खान ने बताया कि व्हाइट टू येलो बेल्ट में कुसुमलता, रितिका, आर्यन, अमृता पटेल येलो टू ग्रीन बेल्ट में राजनन्दी वर्मा, ग्रीन बेल्ट टू ग्रीन वन बेल्ट शिवांगी चौहान, आस्था,नूरालम ग्रीन वन बेल्ट टू ब्ल्यू बेल्ट अंशिका पटेल,नीलू पांडेय, मुस्कान, रंजीत, कृष्ण चौहान, ब्ल्यू बेल्ट टू ब्ल्यू वन बेल्ट नीतू यादव इस दौरान प्रशिक्षक फ़राज़ अहमद उपस्थित रहे।

अवधनामा
लखनऊ, रविवार, 23 मार्च 2025



## संबंधित विभाग मौके पर जाकर फरियादियों की समस्याओं का समाधान करें : डीएम



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** डीएम डा राजा गणपति आर व एसपी अभिषेक महाजन ने शनिवार को थाना समाधान दिवस पर चिल्हिया थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं को प्रमुखता से उसका समाधान अवश्य कराएं इसमें लापरवाही करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम व एसपी के सामने भूमि विवाद एवं नाली विवाद, सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा आदि से संबंधित मामले अधिक आए।डीएम ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो भी प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर पूरी निष्पक्षता के साथ उसका निस्तारण करें। कहा कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। कहा कि ग्राम समाज,खलिहान, पोखरा व सार्वजनिक भूमि आदि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पुलिस बल का सहयोग लेकर भूमि को खाली कराएं। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस पर आए हुए फरियादियों से कहा कि छोटी मोटी बातों पर विवाद न करें। संयम और धैर्य से काम लें। इस दौरान एसडीएम राहुल सिंह,सीओ सुजीत कुमार राय,चिल्हिया प्रभारी दुर्गा प्रसाद व संबंधित विभाग के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

## अंगों के दान से बड़ा कोई दान नहीं होता है: डीपी सिंह

**अम्बेडकरनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के निर्देश पर अयोध्या में सोमयज्ञ कराके चर्चा में आए साकेत महाविद्यालय फैजाबाद छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं देहदानी अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह की 13वीं पुण्यतिथि नगर के मीरानपुर में को मनाई गई। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष देवेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन कर श्रद्धाभाव से याद किया। पूर्व बार अध्यक्ष देवेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भाई राजेन्द्र प्रसाद सिंह अकबरपुर विकास खंड के जमुनीपुर (कादीपुर मठिया) में 23 जनवरी 1962 में जन्म लेकर प्राथमिक शिक्षा के बाद कभी पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। वर्ष 1984-85 में साकेत महाविद्यालय फैजाबाद छात्र संघ के महामंत्री चुने जाने के बाद जीवन प्रयंत लोगों की सेवा करते रहे। शरीर के अंगों को दान करने से बड़ा कोई दान नहीं इसमें भी वह पीछे नहीं रहे और मरने के पूर्व उन्होंने नेत्रदान कर दिया जो आज भी जिसके आंखों में लगा है उसे उजाला पहुंचा रहा है।

# सीएम ने किया बी. पैक्स पथरा बाजार की सभापति शैलजा सिंह को सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में जिले की बी.पैक्स पथरा बाजार की सभापति शैलजा सिंह को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया। यह सम्मान सहकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया।




राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद बी.पैक्स पथरा बाजार की सभापति शैलजा सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय सहकारी समिति पथरा बाजार का 1947 में गठन हुआ था। 1979 में इसका नाम किसान सेवा सहकारी समति हुआ और वर्ष 2023 में बी. पैक्स पथरा बाजार के नाम से संस्था निरन्तर गतिमान है। वर्ष 2023-24 सत्र में 1060 सदस्य बनाये गये। समिति द्वारा खाद वितरण, पशुपालन ऋृण, किसान क्रेडिट लोन का वितरण किया जाता है। बैंक की वसूली शत प्रतिशत है। इन्ही कार्यो के आधार पर बी. पैक्स पथरा बाजार का चयन कार्य के आधार पर किया गया। यह बड़ी उपलब्धि है। बताया कि वर्तमान में 3663 सदस्यों के माध्यम से बी. पैक्स पथरा बाजार गतिमान है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 में सहकारिता सदस्यता अभियान में सिद्धार्थनगर में 33 हजार किसानों को सहकारिता से जोड़कर सदस्य बनाया गया। शैलजा को सम्मानित किये जाने पर सांसद जगदम्बिका पाल, पूर्व मंत्री और विधायक जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव के साथ ही सहकारिता से जुड़े अनेक संगठनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा कि जनपद के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।

## समाधान दिवस में आये सात मामले नहीं हो पाया मामले का निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप शनिवार को लोटन कोतवाली पर थाना समाधान दिवस के दौरान उप ज़िलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की फरियाद को सुना।

समाधान दिवस के दौरान आये सात मामलो के बारे मे उप ज़िलाधिकारी ने बारी बारी से फरियादियों की समस्याओं को सुना और लेखपालों को निर्देशित किया और कहा की भूमि विवाद व जमीनी बटवारा चक मार्ग का विवाद मौके पर जाकर ही निस्तारण किया जा सकता है कोई भी विवाद लम्बित न रखे उससे समस्या और बढ़ती है वरासत मे देरी नही होनी चाहिए। जिसमे पाँच मामले राजस्व विभाग से संबंधित व दो मामले पुलिस से संबंधित थे। समाधान दिवस में एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया उन्होंने बताया की पांच मामले जमीन से सम्बन्धित है जो कोर्ट में चल रहे और दो मामले पुलिस से है जो जल्द ही निस्तारण हो जायेगा। इस दौरान थाना प्रभारी राजेश गुप्ता, चौकी प्रभारी हरिवंशपुर अनिरुद्ध सिंह मुंसी अबरार अहमद , कानूनगो अब्दुल क्यूम, लेखपाल मनोज कुमार अखिलेश यादव, विनोद कुमार वर्ण, पंकज मिश्रा, सुभाष चन्द, राम कुमार सोनाली आदि उपस्थित रहे।

# डूबा हुआ लहू में मुसल्ला अली का है...

## पहला आतंकवादी हमला कूफा शहर में नमाज पढ़ने के दौरान 19 रमज़ान 40 हिजरी को शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अ0स0 पर हुआ था : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुसलमानों के चौथे खलीफा व शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम के यौमे शहादत के मौके पर शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर में मर्सिया मजलिस का आयोजन किया गया। इस दौरान अलम ताबूत का विशाल जुलूस निकालकर पूरे जोश खरोश से नौहा मातम किया। शहादत दिवस को लेकर मर्सिया मजलिस नौहा मातम होने का सिलसिला वृहस्पतिवार की रात से ही शुरू हो गया था जो शनिवार की देर शाम तक चलता रहा। पूरा कस्बा शोक और गम में डूबा रहा।

हजरत अली के यौमे शहादत 21 रमजान की सुबह 5 बजे हल्लौर की जामा मस्जिद में नमाज ए फज्र के बाद मर्सिया मजलिस आयोजित हुई। जिसमें सबसे पहले मर्सियाख्वानी हैदरे कर्रार व उनके हमनवा ने की। बाद में मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी साहब ने कहा कि दुनिया में पहला आतंकवादी हमला कूफा शहर में नमाज पढने के दौरान आज से 1400 साल पहले 19 रमजान 40 हिजरी (27 जनवरी सन् 661) को हुआ था। जिस पर आतंकवादी द्वारा हमला किया गया वह कोई आम आदमी नहीं बल्कि मुसलमानों के प्यारे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा स0अ0 के दामाद व शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अ0स0 थे। वह हमला उस वक्त के आतंकवादियों के सरगना अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम नाम व्यक्ति से करवाया था जो 19 रमजान की सुबह नमाज के दौरान जहर से बुझी हुई तलवार लेकर आया और जैसे ही हजरत अली अ0स0 सजदे में झुके तो उसने मौला अली की गर्दन पर जोरदार तरीके से हमलाकर उन्हे बुरी तरह जख्मी कर दिया। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी साहब ने कहा कि मौला अली की दो दिन बाद यानी 21 रमजान की सुबह शहादत हो गई। गरीबो और मजलूमों का मसीहा व इसलाम धर्म का रक्षक दुनिया से रूखसत हो गये। उन्होने कहा कि हजरत अली की याद में हर साल रमजान की 19, 20, व 21 को उनकी शहादत मनाई जाती है। मौला अली को मानने वाले दुनिया के कोने कोने में बसे करोड़ों हक पसन्द नौहा मातम कर उन्हें खिराजे अकीदत पेश करते है। हजरत अली अ0स0 की शहादत का जिक्र सुनकर मजलिस में मौजूद अकीदतमंद दहाड़े मारकर रोने लगे। मजलिस के बाद अलम ताबूत का जुलूस निकाला गया। जो इमामबाड़ा हुसैनिया बाबुल, छोटी मस्जिद, सेठ बाबा के इमामबाड़ा, इमामबाड़ा जन्नतुल वकी, दरगाह हजरत अब्बास, फहम बाबा के इमाम बारगाह से होता हुआ जुलूस हल्लौर मुख्यमार्ग पर पहुँचा जहाँ तक़रीरी कॉन्फ्रेंस में मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि हम उस कौम से ताल्लुक रखते हैं जो मज़लूम है इस मज़लूम का जनाज़ा हम उठाकर लाये हैं। कल भी हमारी तारीख मज़लूमियत की थी और आज भी मज़लूमियत की है। हमारे ऊपर ज़ुल्म हो रहा है हमें ही परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखना ही हमारी पहचान है सुतून इंतेसार वक़ार के साथ चलना ही हमारी अलामत है। आज हज़रत अली की पर्सनाल्टी पूरी दुनियां के लिए आर्डियल है।

हज़रत अली ने कभी सफल ज़िन्दगी अच्छी गिज़ा रेशमी लिबास या अच्छे महल को नहीं बनाया बल्कि बताया कि अगर सलाहियत है तो बोसीदा चादर व सूखी रोटी में भी ज़िन्दगी नुमाया रहती है। इनके अलावा मौलाना फिरोज साहब,जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई, जाकिरे अहलेबैत अजीम हैदर ने हज़रत अली के शहादत पर विस्तार से रोशनी डाली। नफीस, कामयाब, मोहम्मद हैदर शब्लू ने नौहा पढते हुए कहा कि शेरे खुदा ने सजदे में तलवार खाई है, जख्मी ज़बी है खूँ से मुसल्ला रंगा हुआ' नौहा पेश किया। वहीं कामयाब, लकी, कायनात ने कहा कि डूबा हुआ लहू में मुसल्ला अली का है...इनके अलावा नौशाद हैदर, हसन जमाल, आरज़ू, फरहान, कामयाब, हैदर खुलूस, आले रज़ा आदि ने भी हजरत अली की शहादत से मंसूब नौहे पढे।

जिस पर अकीदतमंदों ने जोरदार मातम किया। जुलूस हल्लौर चौराहे से गांव के अन्दर रवाना हो गया। इस दौरान इंतेजार हुसैन शबाब, राहिब रिज़्वी, आयात हुसैन, तसकीन हैदर, मंटू, शादाब, राजू, शमशाद अली गुड्डू, उम्मीद, शबलू, बबलू एसीसी, जलाल, डबलू, जैगम, जानशीन किसान, इंतेजार, शबीह, सनी, लाडले बीडीसी, काजिम रजा, कामयाब हैदर, नफीसुल हसन, अलमदार हुसैन, इशरत जमील, सोजफ़, नायाब, खुर्शीद, साकिब, मोहम्मद मेंहदी, अनवर, राजू मंत्री, आबिद रिज़्वी, फहीम हैदर, शम्मू, सलमान, शहज़ाद, ताकीब रिज़्वी, शयान, मंज़र, सहित भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। इस दौरान डुमरियागंज इंचार्ज एसओ मय दलबल के साथ मौजूद रहे।

### कस्बे में छाया रहा सन्नाटा

हज़रत अली अलैहिस्सलाम के शहादत दिवस पर क्षेत्र के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर की हर छोटी बड़ी दुकानें पूरी तरह से बंद रही। जिसके चलते कस्बे में हर तरफ गहरा सन्नाटा पसरा नज़र आया।

### इमामबारगाह से मजलिस की आती रही आवाज़ें

गुरुवार भोर से लेकर सायं तक हल्लौर कस्बे के विभिन्न इमामबारगाह और छोटी बड़ी मस्जिदों से खवातीनों द्वारा आयोजित मजलिस मातम की सदाएं गूंजती रही।

# दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ के बीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम (छतहरी) में दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि राजा योगेंद्र प्रताप सिंह ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और राजस्थान के पहलवान मुन्ना टाइगर और दिल्ली के पहलवान राजा का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ कराया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राजा योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कुश्ती खेल सदियों से चला आ रहा है। जामवंत हनुमान सुग्रीव का भी प्रिय खेल कुश्ती ही रहा है। भगवान श्री कृष्ण ने भी द्वापर में कुश्ती लड़ी थी। शनिवार को हुई प्रतियोगिता में राजस्थान, दिल्ली, मेरठ सहित दर्जन भर राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। राजस्थान के पहलवान मुन्ना टाइगर और दिल्ली के पहलवान राजा के रोमांचक मुकाबले के बीच मुन्ना टाइगर ने दिल्ली पहलवान राजा को आसमान दिखा दिया। इसके साथ ही और राहुल यादव रोमनदेई और मोहसिन मेरठ के बीच शानदार मुकाबला हुआ, जिसमें मोहसिन मेरठ ने राहुल यादव को आसमान दिखा दिया।इसी कड़ी में प्रधान प्रतिनिधि कैलाश प्रजापति ने शालू देवरिया और अभय सिद्धार्थनगर, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने लक्की थापा पहलवान नेपाल और लाला पहलवान राजस्थान, शैलू सिंह ने शिवानी पहलवान गोण्डा और रौशनी पहलवान प्रयागराज, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल के साथ शोहरतगढ़ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने रामेश्वर यादव पहलवान दिल्ली और जग्गा पहलवान पंजाब, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी एवं भाजपा नेता संतोष पासवान ने परवेज पहलवान उत्तराखंड और रमन पहलवान हाथरस के पहलवानो का हाथ मिलवाकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान देश और विदेश से आए प्रतिभाशाली पहलवानों की भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान कर कार्यक्रम को और रोमांचक बना दिया। इस दौरान कार्यक्रम व्यवस्थापक सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, सांसद जगदम्बिका पाल, राजा योगेंद्र प्रताप सिंह, एसपी अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, रमेश मणि त्रिपाठी, अंकित त्रिपाठी, लालजी त्रिपाठी लाल बाबा, संतोष पासवान, घनश्याम गुप्ता, प्रधान पंकज चौबे, संजय दूबे, संजय पांडे, सतीश मिश्रा, पदमाकार शुक्ला, शैलू सिंह, शुभम गौड़, सुभाष अग्रहरि, अजय कसौधन, महेश कसौधन के साथ बाबा सौरभ दास, एस आई सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बढ़नी क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामा नाराज सदस्यों ने लगाए अनदेखी के आरोप

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र पंचायत की बैठक शनिवार को भारी हंगामे के बीच संपन्न हुई। बैठक शुरू होते ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि पिछली बैठक में पारित प्रस्तावों पर कोई अमल नहीं हुआ, जिससे विकास कार्य ठप पड़े हैं। सदस्यों ने वित्तीय वर्षों में आवंटित धनराशि का विवरण न मिलने और पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए कार्यों की जानकारी न देने पर भी रोष व्यक्त किया। इसी बीच, बिना किसी संतोषजनक चर्चा के ही नए बजट को पारित करने की कोशिश की गई, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। बैठक में मौजूद सदस्यों ने इस बात पर भी ऐतराज जताया कि पिछली बैठक का भत्ता अब तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं दिए जाते और विकास कार्यों की समीक्षा नहीं होती, तब तक बैठक आगे नहीं बढ़ेगी। हंगामे के कारण बैठक में अव्यवस्था फैल गई, और माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी और लापरवाही ने सदस्यों की नाराजगी को और भड़का दिया। इस बीच, शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा बैठक में खड़े होकर बोल रहे थे, तभी भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य आगे बढ़कर अपनी शिकायतें रखने लगे। सदस्यों ने विकास कार्यों में अनदेखी, बजट की अस्पष्टता और अधिकारियों की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। विधायक विनय वर्मा ने इन शिकायतों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे। विधायक ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाए और किसी भी विकास कार्य में देरी न की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र पंचायत के सदस्यों को सम्मान मिलना चाहिए और उनकी बातें अनसुनी नहीं की जानी चाहिए। विधायक के हस्तक्षेप से हंगामा कर रहे क्षेत्र पंचायत सदस्य शांत हुए और बैठक का माहौल धीरे-धीरे सामान्य हुआ। उनकी सक्रियता से सदस्यों को यह भरोसा मिला कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इन वादों को कितनी जल्दी हकीकत में बदलता है। वहीं मुख्यातिथि व कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की गैर मौजूदगी देखने को मिली, साथ ही कुछ नेताओं को मंच पर जगह न मिलने से नाराज दिखे, तो कुछ लोग प्रेस दिर्घा पर कब्जा जमाये रहे। ग्राम पंचायत ढेकहरी बुजुर्ग में सफाई कर्मी द्वारा बगैर ड्यूटी किये सैलरी भुगतान किये जाने की शिकायत पर विधायक विनय वर्मा ने बीडीओ बढ़नी को मामले की जांच का दिशा-निर्देश देते हुए एडीओ पंचायत को डांट फटकार लगाई है। बैठक में शोहरतगढ़ के तेजतर्रार विधायक विनय वर्मा के अलावा सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, एमएलसी प्रतिनिधि पवन मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, बीडीओ यशोवर्धन सिंह, एडीओ रामविलास राय, मुकेश गहलोत, एमआई संतोष कुमार गुप्ता, सीडीपीओ रविन्द्र यादव, सचिव अनूप रावत, शकील अहमद, ज्ञानेंद्र पान्डे, उदय प्रताप गौतम, भाजपा नेता राजेश उर्फ पप्पू पाठक, ग्राम प्रधान कमलेश उर्फ रिंकू चौधरी, शिवा तिवारी, राम जी यादव, महेश यादव, अजय प्रताप यादव, दिनेश यादव, जवाहर प्रसाद,शारिक खान,अजय यादव, विजय प्रकाश साहू,अब्दुल करीम, तबरेज आलम, बबलू चौबे, यशोदानंद मिश्रा, राधेश्याम शर्मा, आशुतोष पांडेय, इरशाद अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगेश यादव, उमेश यादव, अब्दुल बासित, शैलेश पांडेय सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।




- कार्यक्रम में मुख्यातिथि सहित कुछ जिम्मेदार अधिकारी रहे नदारद प्रतिनिधियों ने संभाला मोर्चा
- कई नेताओं को मंच पर जगह न मिलने से दिखे नाराज, प्रेस दीर्घा पर कुछ लोग जमाये रहे कब्जा
- ढेकहरी बुजुर्ग में बगैर ड्यूटी के सफाई कर्मी को सैलरी भुगतान करने की शिकायत पर विधायक ने एडीओ को लगाई फटकार, बीडीओ को दिये जांच का दिशा-निर्देश

# बाल मेला का हुआ आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ाकुल शोहरतगढ़ के परिसर में बच्चों में व्यवसायिक गुण विकसित करने के लिए एकदिवसीय बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने विविध व्यंजनों से स्टॉल सजाई। लोगों ने जमकर खरीददारी की। बच्चों ने मेले में स्टॉल पर मिलने वाले व्यंजनों का जमकर चखा स्वाद। बाल मेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला रहें।आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि बाल-मेला बच्चों के द्वारा बच्चों के लिए लगाया गया एक ऐसा मंच है जिससे बच्चों के जीवन में व्यावहारिक गुणों के साथ व्यावसायिक गुणों का विकास भी होता है। क्योंकि यह उन्हें अपनी प्रतिभाओं को दिखाने,रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने और अन्य बच्चों के साथ मिल-जुलकर समय बिताने का अवसर प्रदान करता है।विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि बच्चे राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं तथा एक राष्ट्र के भविष्य के वाहक होते हैं।इस लिए बच्चों को शिक्षित करना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक तुलसीराम ने की। कार्यक्रम संयोजक के रूप में रंजना सिंह व पप्पू सिंह व कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर बाल मेला में अतिथियों ने स्टॉल पर जाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद भी चखा। बाल मेले में कक्षा 1 से 8 वीं तक के बच्चों ने स्टॉल लगाए। बच्चों के समूह में काउंटर लगाए गए। इसमें पानी पतासे स्टॉल, पोहा, चाय स्टॉल, किराना स्टोर, स्वीट्स, कुरकुरे सेंटर, पापड़ स्टोर, भजिए सेंटर, बॉम्बे भेल, पकौड़ा सेंटर, चॉकलेट बिस्किट कॉर्नर, अमरूद, मैक्रोनी, पास्ता, मोमोज, पंजाबी पराठा, समोसा कॉर्नर, मुरैना की गजक, तले चटपटे चने, टेस्टी मूंगफली आदि स्टॉल लगाए एवं खूब मनोरंजन के साथ मुनाफा भी कमाया। अंकिता उपाध्याय, खुशनुमा,रोशनी, परवीन, रेशमा, महिमा, प्रिंस कुमार, रोहन राव,प्रिंस तिवारीआदि बच्चों के माता-पिता एवं बच्चों ने मेले में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने 25 दुकानें लगाई जिसमें 60 बच्चों ने सहभागिता की। इस दौरान नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, बीईओ संतोष कुमार शुक्ला, शिक्षक तुलसीराम, महेश कुमार त्रिपाठी, पप्पू सिंह, रंजना सिंह, उत्तम तिवारी, योगेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## नर्सिंग कालेज को जल्द मिलेगा अपना भवन 8.18 करोड़ से भवन का होगा निर्माण

**अंबेडकरनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में चल रहे नर्सिंग कॉलेज को जल्द ही अपना निजी भवन मिलेगा। निर्माणाधीन कॉलेज भवन के लिए शासन ने 8.18 करोड़ रुपये और स्वीकृत कर दिए हैं। इससे निर्माण कार्य तेज होगा और इसी साल कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा। नया भवन बनने के बाद यहां अन्य प्रकार के नर्सिंग कोर्स शुरू करने की कवायद भी की जाएगी। इससे न सिर्फ बेहतर शिक्षा मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में भी बढ़ोतरी होगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद वर्ष 2011 में यहां एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू कराई गई थी। यहां एमबीबीएस की 100 सीटों पर हर साल प्रवेश लिए जाते हैं। इसके बाद यहां डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) परास्नातक डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत हुई, जिसमें चिकित्सकों को ईएनटी, ऑफ गाइनी, फैमिली मेडिसिन में डिप्लोमा कराया जाता है।वर्ष 2022 में राजकीय मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई भी शुरू कराई गई। इसके लिए यहां 60 सीटें स्वीकृत हुई थीं। चार वर्ष के इस कोर्स में अब यहां प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष का एक-एक बैच चल रहा है। नर्सिंग कॉलेज का संचालन सीएमएस कार्यालय से होगा।

## किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की दोपहर किशोरी के साथ दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। गांव के बाहर स्थित खेत में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हरकत में आई पुलिस ने घटना के कुछ ही देर बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसडीएम सदर अरविंद त्रिपाठी व सीओ सदर देवेंद्र मौर्य ने घटना स्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर जानकारी हासिल की। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक किशोरी शुक्रवार की दोपहर गांव के बाहर खेत की तरफ गई थी। इसी बीच अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सोनहरा गांव निवासी अरविंद कुमार पाल व सन्तोष कुमार मौके पर पहुंच गए और जबरदस्ती किशोरी को खेत में खींच ले गए। इसके बाद दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग खड़े हुए। किशोरी घर पहुंची और उसने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। परिजन उसे लेकर अकबरपुर कोतवाली पहुंचे।

## ट्रम्प की सनक

ट्रम्प जबसे इसबार अमेरिकी राष्ट्रपति बने है तब से कई उलटे प्रस्ताव और आदेश पारित करते जा रहे। जिसके शिकार बेकसूर लोग भी हो रहे है। अमेरिका के कोलम्बिया युनिवर्सिटी की भारतीय मूल की रंजनी श्रीनिवासन का एफ-1 वीसा रद कर दिया गया है उन्हें अमेरिका छोड़ना पड़ रहा है। ट्रम्प ने प्रवासियों को भगाने का जो अभियान चल रक्खा है उसके लपेटे में वेकसूर लोग भी आ रहे है। रंजनी श्रीनिवासन का दोष यह है कि उन्होंने युनिवर्सिटी में फिलस्तीनी के समर्थन में शान्तीपूर्ण प्रदर्शन में शामिल रही। अमेरिकी होमलैन्ड सेक्योरिटी डिपार्टमेन्ट ने कहा वीसा पाना सम्मान की बात होती है पर इस तरह वीसा पाने वाले अगर हिंसा और आतंकवाद की तरफ्दारी करते है तो उनका वीसा वापस ले लिया जाना चाहिये। सवाल है क्या रंजनी ने आतंकवाद और हिंसा की तरफ्दारी की। नहीं फ्लीस्तीन के सम्बंध में शान्तीपूर्ण प्रदर्शन कर रही थी। क्या शान्तीपूर्ण समर्थन में शामिल होने को आतंकवाद और हिंसा का समानार्थ नहीं माना जा सकता। याद रक्खे दुनियां के अधिक तर मुल्क फिलस्तीन इस्त्राइल संघर्ष में टूस्टेट थियरी की वकालत करते है। इस थियरी के अनुसार इस्त्राइल फ्लीस्तीन दोनो देशों का अपना स्तीत्व बनाये रखने का अधिकार है भारत इसी सिद्धान्त की पैरवी करता है।

इस समय इस्त्राइल फ्लीस्तीन के बड़े इलाके पर अपना कब्जा बना रक्खा है। हमास के उसके क्षेत्र में आतंकवादी हमला करने और इस्त्रइलियों के बन्धक बनाये जाने के बाद फ्लीस्तीन के बड़े भू-भाग पर कब्जा किये हुये है। हमास के उसके क्षेत्र में आतंकवादी हमला करने और इस्त्राइल को बन्धक बनाये जाने के बाद नेतनाहू सरकार गाजा में सैन्य अभियान चला रही है। इसमें बड़ी संख्या में फ्लीस्तीनी मारे गये। यहां एक मानवीय संकट पैदा हो गया है। युद्ध अपराधों को लेकर नेतनाहू सरकार कठघरे में है। अन्तरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने नेतनाहु के खिलाफ वारन्ट जारी किये हुये है। राष्ट्रपति ट्रम्प का हास्यास्पद प्रस्ताव गाजा को (रिवेरिया) बनाने का प्रस्ताव उछाल दिया है।

रंजीनी के मामले में ट्रम्प ने कहा है उनका वीसा राष्ट्र कि सुरक्षा के सन्दर्भ में रद् किया गया है। ट्रम्प इस सन्दर्भ में हास्यापस्यद अभिनेता की भूमिका अदा करते दिख रहे है। अमेरिका जैसे राष्ट्र के राष्ट्रपति को इस तरह के हास्यपद बाते कहना उन्हें खुद हास्यपद बना रहा है। सवाल है एक विद्यार्थी क्या खतरा पैदा कर सकता है। अमेरिका जैसे महान देश के लिये।

ट्रम्प सरकार को यह अहसास तो होगा ही की भारतीय अमेरिका के समृद्धि, उच्च टेक्नालाजी और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। अगर ये भारतीय हट जाय जिसे ट्रम्प हटाना चाहते है तो अमेरिका का यह रूतबा खतरे में पड़ जायेगा। भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिका राष्ट्रपति की दोस्ती सभी देख रहे है। खुद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी इसे स्वीकार करते है। दोनो यह भी मानते है कि अमेरिकी के शीर्ष कम्पनियां भारतीय विद्यार्थीयों के बल पर ही फ्लफूल रही है। अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ लोकतन्त्र की भावनाओं के खिलाफ रजनी का निर्वासन है। क्योकि लोकतन्त्र में अभिव्यक्ति की आजादी सबसे ऊपर के पायदान पर रहती है। अमेरिकी लोकतन्त्र वैश्विक स्तर पर लोकतांन्त्रिक के मूलों का समर्थक और संरक्षक माना जाता है। कई देश अमेरिका से प्रेरणा ग्रहण का आले मुल्क को अमेरिकी लोकतन्त्र के ढाचे में प्रेरणा लेकर अपने राजतन्त्र की रचना करते है। लोकतान्त्रिक मूल्यों का समर्थन इस समय विश्व की संख्या बन गई है। क्योकि कई देश अपने देश में लोकतन्त्र की हत्या कर रहे है, दूसरे लोकतान्त्रिक देशों पर हमला कर रहे है। दूसरे लोकतान्त्रिक देशों पर हमला कर रहे है। लोकतन्त्र और विश्वशान्ती के सन्दर्भ में यूएनओ के स्थायी सदस्यता में फेरबदल की जरूरत गहरी हो गई। स्थायी सदस्य अपना हित सर्वोपरि रखते है। जबकि विश्व हित के लिये बनाये गये है।

## जो फना हो गए वतन के लिए

हरी राम यादव

परतंत्रता उस बेबसी का वह नाम है जिसमें परतंत्र जीव के मन, आचार, विचार, व्यवहार, शिक्षा और संस्कृति पर कुठाराघात होता है, उसे परतंत्र बनाने वाले के द्वारा तहस नहस करने का पूरा प्रयास किया जाता है और वह जीव खून का घूंट पीकर रह जाता है और खून का यह घूंट उस परतंत्र बनाने वाले के विनाश का कारण बनता है। खून के इस घूंट से उस जीव में से ऐसे राष्ट्र नायकों का जन्म होता है जो स्वयं में एक विचार होते हैं और यह विचार पूरे समाज/ राष्ट्र को एक नयी दिशा देते हैं। लोग उस राष्ट्र नायक के पीछे चल पड़ते है और परतंत्र बनाने वाला अलग थलग पड़ जाता है और अंततः स्वतंत्रता उससे अलग होकर परतंत्र जीव /व्यक्ति या समाज के पास पहुँच जाती है । 23 मार्च 1931, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की वह तारीख है जिस तारीख को देश से ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले तीन महान क्रांतिकारियों सरदार भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गयी थी। सरदार भगत सिंह ने बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर 08 अप्रैल 1929 को केन्द्रीय असेम्बली (पुराने संसद भवन) में एक ऐसे स्थान पर बम फेंका था जहां पर कोई मौजूद नहीं था। इन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की तानाशाही के खिलाफ उसे चेतावनी देने के लिए यह कदम उठाया था। उनका उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था, वह केवल आतातायी अंग्रेजी हुकूमत को यह बताना चाहते थे कि हम आजादी को छीनकर लेने में भी सक्षम हैं। उन्होंने भागने की कोशिश नहीं की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 08 अप्रैल 1929 को गिरफ्तार होने से पूर्व उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन की अनेकों रैलियां और जन सभाओं में भाग लिया था। सन् 1920 में जब महात्मा गांधी जी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया था उस समय सरदार भगत सिंह मात्र 13 वर्ष के थे और जब 1929 में उन्हें गिरफ्तार किया गया तब उनकी आयु महज 22 वर्ष थी। 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग नरसंहार ने सरदार भगत सिंह के मस्तिष्क पर गहरा असर डाला था और उसके बाद से ही वे देश की आजादी के सपने देखने लगे थे।

जब भगत सिंह को फांसी पर चढ़ाया गया उस समय भगत सिंह महज 23 साल के थे। लेकिन उनके क्रांतिकारी विचार बहुत व्यापक और उच्च कोटि के थे। उनके विचारों ने लाखों भारतीय युवाओं को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया। आज भी उनके विचार युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं। इंकलाब का नारा बुलंद करने वाले भगत सिंह अपने आखिरी समय में भले ही अंग्रेजी हुकूमत की बेड़ियों में जकड़े थे लेकिन उनके विचार आजाद थे। वे कहते थे कि ÷बेहतर जिंदगी सिर्फ अपने तरीकों से जी जा सकती हैं। यह जिंदगी आपकी है और आपको तय करना है कि आपको जीवन में क्या करना है÷। सरदार भगत सिंह कहा करते थे, मैं एक ऐसा पागल हूं, जो जेल में भी आजाद है। भगत सिंह जीवन के लक्ष्य को महत्व देते थे। उनका मानना था कि हमें अपने जीवन का लक्ष्य पता होना चाहिए। अगर हमें अपने लक्ष्य का पता होगा और हम अपने लक्ष्य को उद्देश्य बनाकर कार्य करेंगे तो हमें सफल होने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है। वतन के लिए त्याग और बलिदान उनके लिए सर्वोपरि रहा। वे कहते थे कि एक सच्चा बलिदानी वही है जो जरुरत पड़ने पर सब कुछ त्याग दे। भगत सिंह स्वयं अपनी निजी जिंदगी से प्रेम करते थे, उनकी भी महत्वाकांक्षाएं थी, उनके अपने सपने थे। लेकिन वतन पर उन्होंने अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन से यह सीख मिलती है कि अगर देश की आन, बान और शान के खिलाफ कोई ताकत खड़ी होती है तो हमें बल के साथ- साथ वैचारिक रूप से भी उसे कुचलने की आवश्यकता है, क्योंकि विचार कभी मरते नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**न्यायालयों के कामकाज की पवित्रता बनाए रखने के लिए उनकी समीक्षा की जानी जरूरी है। यह बहुत स्पष्ट है कि कुछ न्यायाधीश, कभी-कभी, व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों चुनते देखे जाते हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया की एकरूपता और निष्पक्षता को कमजोर करता है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने और पक्षपात या पक्षपात की किसी भी झलक से बचने के लिए मामलों का चयन करने का विवेक सीमित होना चाहिए। यह आवश्यक है कि सभी मामलों को एक स्थापित, पारदर्शी रोस्टर प्रणाली के आधार पर निष्पक्ष रूप से आवंटित किया जाए।**

# न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता हो



ललित गर्ग

भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है।' एक ही प्रकृति के मामलों में अलग-अलग फैसले आना, कुछ न्यायाधीश कभी-कभी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों को चुनते देखे जाते हैं, कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाना, आंशिक सुनवाई के मामलों की प्रथा आदि भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये न्याय प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है। हाल ही में यह बात सामने आई है कि एक मौजूदा न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी पाई गई। इस तरह की घटना, किसी भी चल रही जांच के बावजूद, न्यायपालिका की ईमानदारी और निष्पक्षता पर एक बदनुमा दाग है। न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में इसके लिये तत्पर है और वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी है। स्वल्प समय में ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वे कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं, वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के सामने अनेक चुनौतियां हैं, उनका मार्ग कंटकाकीर्ण हैं। उनके द्वारा शुरु किये कानून सुधार-अभियान की किसी पहल का विरोध होना स्वाभाविक है। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति के लिए बनाए गए कॉलेजियम सिस्टम पर भी सवाल उठाए गए। न्यायिक प्रणाली, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर टिकी हुई है, न केवल निंदा से परे होनी चाहिए बल्कि जनता द्वारा भी देखी जानी चाहिए। न्यायालयों के भीतर एक व्यापक



आत्मनिरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायिक प्रक्रिया बेदाग रहे और न्यायपालिका के बारे में जनता की धारणा को उसके सही परिप्रेक्ष्य पर बहाल किया जा सके। न्यायालयों की निष्पक्षता में आम आदमी का विश्वास सर्वोपरि है, और इस विश्वास को खतरे में डालने वाली किसी भी घटना से शीघ्रता और विवेकपूर्ण तरीके से निपटा जाना चाहिए।

न्यायालयों के कामकाज की पवित्रता बनाए रखने के लिए उनकी समीक्षा की जानी जरूरी है। यह बहुत स्पष्ट है कि कुछ न्यायाधीश, कभी-कभी, व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों चुनते देखे जाते हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया की एकरूपता और निष्पक्षता को कमजोर करता है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने और पक्षपात या पक्षपात की किसी भी झलक से बचने के लिए मामलों का चयन करने का विवेक सीमित होना चाहिए। यह आवश्यक है कि सभी मामलों को एक स्थापित, पारदर्शी रोस्टर प्रणाली के आधार पर निष्पक्ष रूप से आवंटित किया जाए। यह भी न्याय-प्रक्रिया की एक बड़ी विसंगति है कि कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाती है। इस तरह की प्रथाएं न्याय की नींव को ही नुकसान पहुँचाती हैं, क्योंकि वे अनुचित पक्षपात का कारण बन सकती हैं। किसी भी वकील को, चाहे उनकी स्थिति या पद कुछ भी हो, न्यायिक प्रक्रिया में अनुचित लाभ प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

सर्वप्रथम तो भारत के न्यायपालिका का संस्थागत चरित्र बदलने की जरूरत है। यह सामंती है और इसे इसके स्थान पर लोकतांत्रिक बनाना होगा। संवैधानिक जजों की चयन प्रक्रिया बहुत ही अलोकतांत्रिक है, जिसमें संविधान में वर्णित 'हम भारत के लोग' इनकी कोई भूमिका नहीं है। यहां पहले से पदासीन चले आ रहे लोग अपनी पसंद के लोगों को चुनकर पदों पर बिठा देते हैं, देखते ही देखते कुछ ही वर्षों में भारत का पूरा न्यायिक तंत्र कुछ परिवारों के कब्जे में आ गया है। वर्तमान सरकार ने परिवारवादी राजनीति के साथ परिवारवादी न्याय-व्यवस्था में सुधार किये हैं। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। वर्षों-वर्ष चलने वाले मुकदमों का खर्च भी बहुत ज्यादा है। न्याय प्रक्रिया की कोई सीमा-अवधि नहीं है। इसलिए निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के ताजा वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है।

निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है। न्यायपालिका की हठधर्मिता, विधायिका और कार्यपालिका का न्यायिक सुधार के संबंध में उपेक्षात्मक रुख साथ-साथ भारतीय जनमानस की उदासीन भूमिका ऐसी जड़ताएं हैं।

# भगत सिंह का राष्ट्र धर्म

**जून 1928 में प्रकाशित अछूतों की समस्या नामक लेख से भगत सिंह के विचारों को समझा जा सकता है, भगत सिंह ने इस लेख में लिखा कि जब एक इंसान को पीने के लिए पानी देने से इनकार करते हैं, स्कूल में पढ़ने का अधिकार नहीं देते, भगवान के मंदिर में प्रवेश नहीं देते और एक इंसान के समान अधिकार नहीं देते और इसके आगे भगत सिंह ने अपने कथन को पूर्ण करते हुए कहा कि एक कुत्ता हमारी गोद में बैठ सकता है परंतु एक इंसान के स्पर्श मात्र से हमारा धर्म भ्रष्ट हो जाता हैं तो यह कैसी विडंबना है।**



डॉ रामेश्वर मिश्र

'लिख रहा हूँ अंजाम जिसका कल आगाज आयेगा-मेरे लहू का हर एक-एक कतरा इंकलाब लाएगा' इस कथन को सुनते ही भारतवर्ष के करोड़ों युवाओं के नसों में दौड़ने वाला लहू गतिमान हो जाता है, उनकी नसें अपने शहीद नायक के सम्मान में फड़कने लगती है और जंगे आजादी का दृश्य सामने आ जाता है। 23 मार्च 1931 का दिन भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा क्योंकि यह वह दिन था जिस दिन भारत माँ के तीन वीर सपूतों को एक साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया था। इतिहास आज उन वीर सपूतो के आदर्श वैचारिक मूल्य से धनी है। इन्हीं वीर सपूतों में भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर गांव में किशन सिंह के परिवार में हुआ था। भगत सिंह के पिता किशन सिंह और उनके भाई एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, भगत सिंह पर पिता के वैचारिक मूल्य का गहरा प्रभाव था, भगत सिंह ने 12 वर्ष की आयु में जलियांवाला बाग नरसंहार को देखा था जिसने अंग्रेजों के क्रूरतापूर्वक दमन को उन्हें बहुत अच्छी तरह से समझ लिया था। भगत सिंह के धर्म को लेकर अनेक वैचारिक विमर्श विचारकों द्वारा दिए जाते हैं, भगत के आध्यात्मिक जीवन के आदर्शों का मूल्यांकन तथा भगत सिंह के विचारों पर लेनिन के मार्क्सवाद का प्रभाव था या नहीं इस विषय से अधिक महत्वपूर्ण विषय भगत सिंह द्वारा युवाओं के राष्ट्र सेवा के लिए किये गए उद्बोधन को लेकर किया जाना चाहिए। भगत सिंह द्वारा राष्ट्र हितों को लेकर किए गए वैचारिक उद्घोषों को समझ जाना चाहिए। भगत सिंह ने अपनी विचारों और संघर्ष के माध्यम से मानवी जीवन के मूल्यों को लेकर कार्य किया जिसमें समानता, स्वतंत्रता, समता और एकता के लिए किया गया कार्य ही भगत सिंह का धर्म था, उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई की सफलता के बाद स्वतंत्र एवं विखंडित भारत को लेकर चिंता व्यक्त की थी। भगत सिंह का जीवन मानवी सेवाओं को समर्पित था, उनका कहना था-जो कुछ मानव जाति को प्रभावित करता है वह मुझे चिंतित करता है। भगत सिंह ने हमेशा मानवी एकता के लिए कार्य किया उन्होंने अपनी प्रारंभिक रचना 'विश्व प्रेम' में समानता एवं विश्व बंधुत्व के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने भूख से मुक्त समाज की कल्पना की जहां लोगों में आपस में प्रेम हो और समाज भय से मुक्त हो। भगत सिंह का विश्व बंधुत्व, विश्व में समानता एवं कल्याण के भाव को लेकर राष्ट्र के विकास का पथ प्रदर्शक था। भारत का दुर्भाग्य था कि ऐसे सर्व सहारा एवं सर्व राष्ट्र के कल्याण के विकासोन्मुख विचारों के प्रणेता का जीवन अल्पायु था। भगत सिंह के इन्हीं सर्व सहारा एवं सर्वोन्मुखी कल्याण के विचारों से भयभीत होकर अंग्रेजों ने 23 वर्ष की अल्पायु में भगत सिंह को फांसी की सजा दे दी गई। राष्ट्र के मुक्ति संघर्ष में भगत सिंह के वैचारिक मूल्य का राष्ट्र ऋणी है।



भगत सिंह स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सर्व मानव जाति के कल्याण को लेकर चिंतित रहते थे, जेल में कारावास के दौरान उन्होंने अनेक रचनाएं लिखी, दुर्भाग्य से आज वे पांडुलिपियाँ नष्ट हो गई लेकिन कुछ रचनाएं जो पत्र - पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई थी वह हमारे सामने है। जेल में लिखी डायरी के पेज 190 नंबर पर भगत सिंह ने मानव धर्म को लेकर एक लेख लिखा - समाजवादी व्यवस्था में प्रत्येक को उसकी योग्यता के अनुसार, प्रत्येक को उसकी आवश्यकता के अनुसार मिलना चाहिए, ऐसे आदर्श विचार समाज के सामने प्रस्तुत किया। इस समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर भगत सिंह ने अपनी संस्था का नाम 1928 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से बदलकर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन कर दिया जो कि एक महत्वपूर्ण वैचारिक परिवर्तन का आह्वान था। भगत सिंह ने समाज में व्याप्त मानवी मूल्यों को आच्छादित करने वाले विचारों का जमकर विरोध किया। उस समय की तत्कालीन पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों में किरती एवं वीर अर्जुन में भगत सिंह के अनेक आलेख प्रकाशित हुए। उन्होंने भारत में व्याप्त अछूतों की समस्या के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहा, किरती में जून 1928 में प्रकाशित अछूतों की समस्या नामक लेख से भगत सिंह के विचारों को समझा जा सकता है, भगत सिंह ने इस लेख में लिखा कि जब एक इंसान को पीने के लिए पानी देने से इनकार करते हैं, स्कूल में पढ़ने का अधिकार नहीं देते, भगवान के मंदिर में प्रवेश नहीं देते और एक इंसान के समान अधिकार नहीं देते और इसके आगे भगत सिंह ने अपने कथन को पूर्ण करते हुए कहा कि एक कुत्ता हमारी गोद में बैठ सकता है परंतु एक इंसान के स्पर्श मात्र से हमारा धर्म भ्रष्ट हो जाता हैं तो यह कैसी विडंबना है। इस समस्या के उन्मूलन के लिए उन्होंने नवयुवकों और नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले यह तय करो कि हम सब इंसान हैं तथा हम सभी में इंसान है। भगत सिंह ने आगे कहा कि इंसानियत और हमारे कार्य मानवी चेतनाओं से सिंचित हो यही हमारा धर्म है। भगत सिंह ने भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा सांप्रदायिकता और अस्पृश्यता के विचारों को माना जिनका समन ही मानवी गुणों की रक्षा है, यही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। असहयोग आंदोलन और खिलाफत आंदोलन के बाद भारत में सांप्रदायिकता की भावना का तेजी से विकास हुआ, अंग्रेजों द्वारा सन 1905 में बंगाल के विभाजन के साथ जो सांप्रदायिकता और अलगाववाद का बीज बोया गया था यह उसके परिपक्वता का काल था। सन् 1926 में कोलकाता में एक भयानक दंगा हुआ संयुक्त प्रांत में 1923 और 1927 के बीच कुल 88 दंगे हुए जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय एकता को गहरा आघात पहुंचा, इससे आहत होकर किरती पत्रिका में भगत सिंह ने एक लेख लिखा सांप्रदायिक समस्या का हल। भगत सिंह ने इस आलेख में सांप्रदायिक दंगों के अनेक कारणों को बताया जिसमें उन्होंने आवाहन किया कि-धर्म किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला है उसे राजनीति में शामिल नहीं करना चाहिए, इसके लिए उन्होंने कहा कि यदि सांप्रदायिकता को समाप्त करना है तो हमें व्यक्ति को इंसान के रूप में देखना चाहिए, यही हमारा धर्म है। मानवी धर्म की सबसे बड़ी बाधा धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरपन है, यह हमारे राष्ट्र की एकता और विकास में बाधक है, इससे हर हालत में हमें छुटकारा पाना चाहिए। इन्हीं आदर्श विचारों के पोषक भगत सिंह ने नौजवान सभा के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य करके कहा कि हमेशा स्वतंत्रता पूर्वक गंभीरता से, शांति से और सब्र के साथ सोचो, मक्कार एवं बेईमान के हाथ में खेलने से बचे, हमें हमेशा संजीदगी और ईमानदारी के साथ सेवा, त्याग, बलिदान को अनुकरणीय वाक्य के रूप में अपनाना चाहिए, यही हमारा श्रेष्ठ धर्म है। भारतीय राष्ट्र में समानता, समता, बंधुत्व और सबके कल्याण और पोषण के इन्हीं आदर्श विचारों ने युवाओं के दिल में भगत सिंह की एक गहरी छाप छोड़ दी।

# पंजाबी देश को बचा सकती है, अगर ख़ुद बचे तो

**पंजाबी दुनिया की उन चंद भाषाओं में है जिनका दायरा देश और मजहब दोनों की सरहदों को तोड़ता है। यह भारत और पाकिस्तान दोनों के पंजाब की भाषा होने के साथ साथ अब इंग्लैंड, अमरीका और कनाडा में फैल चुकी है। यह सिख, हिंदू और मुसलमान की भाषा रही है, पंजाब के छोटे से ईसाई समुदाय की भी। आज यह भाषा मुख्यतः गुरुमुखी लिपि में लिखी जाती है, लेकिन एक जमाने में यह देवनागरी और शाहमुखी (यानी अरबी) लिपि में भी लिखी जाती थी।**



योगेन्द्र यादव

आज के दौर में पंजाबी भाषा देश को बचा सकती है, लेकिन तभी अगर वो ख़ुद अपनी आत्मा को बचाए। अगर पंजाबी अपनी जड़ों से जुड़ती है तो वह राष्ट्र और धर्म के नाम पर चल रही संकीर्ण राजनीति का जवाब बन सकती है, पूरे देश को राह दिखा सकती है। लेकिन अपनी जड़ों से कटी पंजाबी या तो हल्के फुलके मखौल की भाषा बन जाएगी या फिर उसका आग्रह सांप्रदायिकता और अलगाव की तरफ़ ले जा सकता है। यह बात मैंने पंजाबी साहित्यकारों और विद्वानों की एक बैठक में कही। वे सब पंजाब में अमृतसर के नजदीक प्रीतनगर में सातवें आनंद जोड़ी स्मृति पुरस्कार, 2025 के समारोह में भाग लेने आये थे। इस वर्ष पत्रकारिता में सराहनीय योगदान के लिए 'जगजीत सिंह आनंद पुरस्कार' पंजाबी के युवा पत्रकार हरमनदीप सिंह को दिया गया। वर्ष की श्रेष्ठ पंजाबी कहानी का 'उर्मिला आनंद पुरस्कार' पाकिस्तान की लेखिका अम्बर हुसैनी को दिया गया। यह अवसर प्रीतनगर की उस ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ने का भी था जहाँ आधुनिक पंजाबी साहित्य को पाला पोसा गया। पंजाबी के मूर्धन्य लेखक गुरबख्श सिंह ने 1933 में पंजाबी पत्रिका 'प्रीतलड़ी' की शुरुआत की और छह वर्ष बाद अमृतसर और लाहौर के बीच स्थित ज़मीन पर 'प्रीतनगर' बसाया जिसके पीछे शांतिनिकेतन जैसा एक सांस्कृतिक और शैक्षणिक केंद्र बनाने का सपना था। देश के विभाजन के चलते उनकी पूरी योजना तो फलीभूत ना हो सकी, लेकिन विभाजन से पहले और उसके बाद भी प्रीतनगर पंजाबी साहित्य की नर्सरी बना रहा। हर साल इस विरासत को ज़िंदा रखने के लिए पंजाबी लेखक और बुद्धिजीवी वहाँ जुड़ते हैं। इस मौके का फ़ायदा उठाकर मैंने वो बात कही जो पंजाबी भाषा और समाज के नज़दीक रहने के कारण काफ़ी समय से मेरे मन में रही है।

पंजाबी दुनिया की उन चंद भाषाओं में है जिनका दायरा देश और मजहब दोनों की सरहदों को तोड़ता है। यह भारत और पाकिस्तान दोनों के पंजाब की भाषा होने के साथ साथ अब इंग्लैंड, अमरीका और कनाडा में फैल चुकी है। यह सिख, हिंदू और मुसलमान की भाषा रही है, पंजाब के छोटे से ईसाई समुदाय की भी। आज यह भाषा मुख्यतः गुरुमुखी लिपि में लिखी जाती है, लेकिन एक जमाने में यह देवनागरी और शाहमुखी (यानी अरबी) लिपि में भी लिखी जाती थी। पाकिस्तान के पंजाब में औपचारिक रूप से सिर्फ़ उर्दू की पढ़ाई के चलते वहाँ पंजाबी सिर्फ़ एक बोली बनकर रह गई है, हालाँकि हाल ही में वहाँ शाहमुखी लिपि में पंजाबी साहित्य की



रचना फिर से जोड़ पकड़ रही है। श्रीगुरुनानक देव, बाबा फरीद और बुल्लेशाह की वारिस यह भाषा शुरू से ही समता और न्याय की आवाज बन कर खड़ी हुई है। पंजाबी भाषा का मिजाज और तेवर सत्ता के विरोध का रहा है। इसी के चलते पंजाबी लेखक गदर आंदोलन से जुड़ कर अंग्रेज़ी राज के ख़िलाफ़ खड़े हुए, उन्होंने इमरजेंसी का विरोध भी किया, विभाजन के दर्द को उकेरा और पंजाब में आतंकवादियों के ख़िलाफ़ भी अपनी कलम उठाई। इस पंजाबी ने अमृता प्रीतम, शिव कुमार बटालवी और अवतार सिंह पाश की कविता की जन्म दिया। साहिर लुधियानवी और गुलज़ार को दुनिया पंजाबी कवि के रूप में नहीं जानती, लेकिन उन्हें भी इसी पंजाबी भाषा ने सींचा है।

लेकिन आज पंजाबी भाषा की स्थिति अन्य भारतीय भाषाओं से बेहतर नहीं है। बेशक पंजाबी में आज भी बेहतरीन साहित्य निर्माण हो रहा है। दलित साहित्य उभर रहा है। उसकी एक झलक मुझे इस सम्मेलन में देखने को मिली। इस मायने में पंजाबी साहित्य हिंदी इलाक़े के हरियाणा जैसे किसी एक राज्य से बेहतर है। पंजाबी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिंदी इलाक़ों से बेहतर कुछ संस्थान भी हैं। पंजाबी पत्रकारिता में अब भी एक धार बची हुई है। लेकिन यह सब एक बड़े और कड़वे सच से हमारा ध्यान नहीं खींच सकता। अन्य भारतीय भाषाओं की तरह पंजाबी में भी मौलिक ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और समाजशास्त्र का निर्माण नहीं हो रहा। देश, दुनिया और भविष्य की समझ बनाने का काम अंग्रेज़ी में हो रहा है, पंजाबी में नहीं। राजसत्ता के ख़िलाफ़ खड़े होकर सच बोलने वाले पत्रकारों और पत्र पत्रिकाओं की संख्या घटती जा रही है। दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों में रहने वाले पंजाबी माँ-बाप अपने बच्चों से अंग्रेज़ी या हिंदी में बात करते हैं, पंजाबी में नहीं। इंग्लिश मीडियम स्कूल जाने की होड़ लगी है। सरकारी स्कूल में पंजाबी मीडियम में पढ़ाई करने वाले बच्चों में या तो पंजाब के गरीब हैं, या फिर बिहार और उत्तर प्रदेश के आप्रवासी। नई पीढ़ी में विदेश जाने का भूत सवार है, चाहे 'डंकी' वाले रास्ते से ही सही। पंजाब में चारों तरफ़ वीसा दिलाने और अंग्रेज़ी की आइलेट्स (IELTS) परीक्षा में पास करवाने के विज्ञापन छाये हुए हैं।

आप कह सकते हैं कि देश और दुनिया में पंजाबियों का बोलबाला है, कि पंजाबी गीतों पर सारी दुनिया नाच रही है। लेकिन मुझे डर लगता है कि इस सफलता की क़ीमत यह है कि पंजाबी समाज अपनी गहरी विरासत से कट रहा है। अमरीका की तरह सफलता, पैसे और शानो-शौकत को सब कुछ मानने का चलन चल निकला है। पंजाबी का जो फिल्मी स्टीरियोटाइप है - गाना, भंगड़ा और चुटकला -ख़ुद पंजाबी समाज उसमे क़ैद हो रहा है। ये पंजाब की विरासत नहीं है। ये वो पंजाबी नहीं है जो देश को रास्ता दिखा सके। पंजाबी देश को बचा सके, उससे पहले जरूरी है कि पंजाबी ख़ुद अपने आप को बचा सके। अपनी विरासत से कटी पंजाबी या तो सिर्फ़ एक सामंती वर्ग की अय्याशी का स्तुति गान करेगी, या फिर पंथिक मुहावरे में फँसकर अंततः अलगाव की राह पकड़ेगी। यह बात पंजाबी के संदर्भ में कही गई है। लेकिन इसका ज्यादातर हिस्सा तमाम भारतीय भाषाओं पर लागू होता है। जो पंजाबी का संकट है, वो कमोबेश हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं का संकट है जो सब अंग्रेज़ी के सामने झुकी हुई हैं। यह चुनौती सिर्फ़ एक भाषा की नहीं है। इसका मुक़ाबला अकेले नहीं किया जा सकता। इसके लिए पंजाबी और हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं को एक साथ खड़ा होकर सांस्कृतिक स्वराज की लड़ाई लड़ाई लड़नी होगी।

# 'जल है जीवन की धारा'

## विश्व जल दिवस पर वॉक विथ सुम्मेरा कार्यक्रम के अंतर्गत दिया जल बचाओ का संदेश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विश्व जल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ इकाई के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मानव ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में छात्र छात्राओं ने वॉक विथ सुम्मेरा कार्यक्रम के अंतर्गत सुम्मेरा तालाब के वॉकिंग परिसर में तालाब के जल को प्रदूषित कर रही गंदगी को साफ किया। वॉकिंग एरिया में चहलकदमी करते हुए छात्र छात्राओं ने सिगरेट और शराब के खाली पाउच चोरों ओर फैले हुए देखें जो अव्यवस्था को दर्शा रहे थे। विभाग प्रमुख डा. दीपक कुमार पाठक ने कहा कि दुनिया जहां 70 फीसदी जल से घिरी है वहीं, पीने योग्य ताजा पानी महज तीन फीसदी ही है। वहीं जनसंख्या बृद्धि, बढ़ता शहरीकरण और विकास के लिए तेजी से बढ़ रही फैक्ट्रियों के कारण जल के स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं। व्यक्तिगत तौर पर भी लोग पानी की बर्बादी कर रहे हैं। इससे स्वच्छ जल की मांग बढ़ रही है और पूर्ति बाधित हो रही है। जल प्रदूषण रोकने, जल के महत्व को समझाने और जल संरक्षण के उद्देश्य से हर साल वैश्विक स्तर पर जल दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पानी को बर्बाद होने से बचाकर कई समस्याओं का समाधान तलाशा जाता है। पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड. ने कहा कि जल संरक्षण की शुरुआत घर से करें। उन्हें पानी की जरूरत के बारे में बताते हुए बचाने के तरीकों को समझाएं। आस पड़ोस के लोगों, दोस्तों, रिश्तेदारों और करीबियों को भी जल संरक्षण का महत्व और तरीका बताएं।जल जीवन का मूल आधार है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विश्व जल दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 में शुरू किया गया था ताकि पानी के महत्व को समझाया जा सके और वैश्विक जल संकट पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। हम सबको अपने आस पास के जल संसाधनों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग मंत्री हरिओम जी ने बताया कि विश्व जल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य जल की महत्ता को समझाना और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है।विश्व जल दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह जल संरक्षण और सतत विकास के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। जल सीमित संसाधन है और हमें इसे संरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। हर बूंद महत्वपूर्ण है, इसलिए हमें जल के महत्व को समझकर इसे बचाने की पहल करनी चाहिए। पर्यावरणविद् डा.राजीव निरंजन ने छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि बच्चों के खुश और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ जल और उचित स्वच्छता आवश्यक है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2.2 बिलियन लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल के बिना रह रहे हैं। लाखों बच्चे, अक्सर लड़कियाँ, पानी की तलाश में हर दिन औसतन छह किलोमीटर चलने को मजबूर हैं।

## लोहे के रॉड से माँ-बेटे पर प्राणघातक हमला

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** चौकी नेहरूनगर अंतर्गत पाराशर कालोनी में रहने वाले राजेश रजक पुत्र कालीचरन ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को एक शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित राजेश रजक ने डीएम को अवगत कराया कि बीती 14 मार्च को शाम करीब 5 बजे जब वह घर से बाजार की ओर परचून का सामान लेने के लिए दुकान पर जा रहा था। जिसके लिए वह जैसे ही घर से निकला तो हड्डी मील के पास नेहरू नगर निवासी देवेन्द्र पुत्र गोटी उर्फ हरकिशन रैकवार, आकाश पुत्र नारायन ने उसे रोक लिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्तलोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये उसके साथ लोहे के पाइप व डण्डे से मारपीट कर दी। बताया कि इस हमले में उसके सिर में ही पाइप मार दिया, जिससे वह चिल्लाया तो उसकी मां अनीता बचाने के लिए पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट कर उसे मरणासन्न स्थिति में कर दिया। पड़ौसियों के बीच-बचाव करने के उपरान्त दोनों को अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया, जहां दोनों का चिकित्सीय परीक्षण और उपचार किया गया।

## 'इफ्तार पार्टी केवल धार्मिक आयोजन नहीं'

अवधनामा संवाददाता



■ ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**पटना।** बिहार दिवस के पावन अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ द्वारा फुलवारी शरीफ स्थित अल-बुरूज इंटरनेशनल स्कूल परिसर में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों, समुदायों और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े 250 से 300 गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाजसेवी, राजनेता, बुद्धिजीवी और धर्मगुरुओं ने शिरकत की और भाईचारे, एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

यह इफ्तार पार्टी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं थी, बल्कि यह बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक भी बनी। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने इसमें भाग लिया, जिससे यह संदेश गया कि बिहार की असली पहचान आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता में निहित है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ रोज़ा इफ्तार किया और बिहार की प्रगति, शांति और समृद्धि के लिए विशेष दुआ मांगी।

इफ्तार के बाद सभी लोगों ने मिलकर मग़रिब की नमाज़ अदा की और देश में अमन, शांति और सद्भावना के लिए दुआ की। इस अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रदेश अध्यक्ष तारिक अनवर ने कहा बिहार दिवस के इस पावन अवसर पर हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम समाज में एकता, भाईचारे और समानता को बढ़ावा दें। हमारा संगठन हमेशा समाज की भलाई और समरसता के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। यह इफ्तार पार्टी केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि सामाजिक सौहार्द का प्रतीक भी बनी। इस आयोजन के माध्यम से पूरे बिहार में अमन, शांति और सौहार्द का संदेश दिया गया। विभिन्न संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज में सद्भावना बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय महासचिव एवं संयोजक (महाराष्ट्र) कमरुद्दीन अंसारी ने इस अवसर पर कहा बिहार दिवस के मौके पर हमें यह याद रखना चाहिए कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत और आपसी भाईचारे को और मजबूत करना चाहिए।

## जीवन का सच्चा अर्थ है ईश्वर के प्रति समर्पण भाव



अवधनामा संवाददाता

**बांसी (ललितपुर)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में आध्यात्मिक महिला सशक्तिकरण एवं दिव्य अलौकिक समर्पण सम्मान समारोह मनाया। ब्रह्माकुमारी बहनें आस-पास के गांव में जाकर महिलाओं को जागरूक कर नारी नरक का द्वार नहीं, सिर का ताज है। नारी अबला नहीं, सबला है। शक्ति स्वरूपा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी के उत्थान के संकल्प के साथ उसे समाज में खोया सम्मान दिलाने, भारत माता, वंदे मातरम् की गाथा को सही अर्थो में चरितार्थ करने के लक्ष्य से मना रही है। इस दौरान बीके राजयोगिनी चित्ररेखा ने कहा कि नारी परिवार की धूरी है। वह घर को स्वर्ग बनाने वाली और बच्चों को सुसंस्कारित करने वाली है। आदिकाल से नारी पूज्यनीय और वंदनीय रही है। आजकल वह भले ही आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से सशक्त हुई है, लेकिन अध्यात्म से दूर होने के कारण उसके अंदर सहनशीलता, नम्रता और मधुरता जैसे सद्गुणों की कमी हो गयी है।

## भाजपा के जिला अध्यक्ष का चन्दौसी में भव्य किया स्वागत

**चंदौसी, संभल (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी जिला संभल के पुनः नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह का नगर चंदौसी में विभिन्न स्थानों पर पुष्प, फूलमाला,पटका एवम पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अभिनंदन यात्रा ने नगर भ्रमण किया। स्वागत यात्रा संजीवनी वाटिका, संभल तिराहा, मौलागढ़ पुलिया, गौशाला रोड, संभल गेट, बड़ा महादेव, खुर्जा गेट, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, घास मंडी, बड़ा बाजार, मुरादाबाद गेट, फुब्बारा चौक होते हुए सुभाष रोड स्थित नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के कैंप कार्यालय पर समाप्ति के बाद जलपान कराया गया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने अपने ऐतिहासिक एवम भव्य स्वागत के लिए देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा भाजपा में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है।

## जिलाधिकारी ने जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



■ सभी कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं के साथ की समीक्षा बैठक

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कार्यदायी संस्थाओं के अभियन्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति को जाना और इसके लिए उन्होंने कार्य की वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ्स भी देखे। आवास विकास के कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया कि उनके कार्यों की प्रगति खराब है और बैठक में अधिशासी अभियन्ता व कोई जिम्मेदार उपस्थित न रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध आवास आयुक्त को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होंने जल निगम शहरी के अधिशासी अभियंता के अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध भी स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जल निगम के कार्यों को थर्ड पार्टी, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी से जांच कराकर संतोषजनक कार्य के सत्यापन के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि प्रगति पूर्ण करने में जो भी बाधाएं आ रही हैं उन्हें सम्बंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर है, सभी अधिकारी अपने अपने विभागों की प्रगति को बेहतर करने के प्रयास युद्धस्तर पर करें, साथ ही ललितपुर कोषागार में 25 मार्च के बाद कोई बिल नहीं लिया जाएगा, इसलिए सभी आहरण वितरण अधिकारी 25 मार्च से पहले अपने बिलों को प्रस्तुत कर दें। बैठक में सीडीओ के.के.पांडेय, डीआईओएस ओपी सिंह, डीआईओ डीएस दयाल, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अवनीश सिंह, डीएसटीओ सहित सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए प्रभारी के जन्मदिन पर बच्चों को बांटी पाठ्य पुस्तकें

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पीडीए प्रभारी बुन्देलखण्ड महेश कश्यप का जन्मदिन सपाईयों ने ग्राम इमलियाकलां में बच्चों के बीच केक काटकर मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा नेता एवं रायकवार समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रायकवार ने की। उन्होंने केक बच्चों के बीच काटकर उन्हें खिलाते हुए पाठ्य पुस्तकें वितरित कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं उन्होंने ग्रामीणों पीडीए के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया ने पीडीए अभियान चलाया है, लोकसभा चुनाव में पीडीए के सहारे सपा सत्ता में वापिसी करेगी। तब गरीब, मजदूर, युवा एवं जरूरतमंद के चेहरे पर फिर मुस्कान लौटेगी। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार ने नये रास्ते खुलेगें, किसानों की मदद करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर भरत रायकवार, कनई रायकवार, छक्की लाल रायकवार, बृजेश रायकवार, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, राजू रायकवार, रामसेवक रायकवार आदि मौजूद रहे।

### डीएमएसपी ने थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई की

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी जनपद सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में थाना जुनावई पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महोदय गुन्नौर व राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सुलाह समझौता के आधार पर सात परिवारो को मिलाया गया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखने में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार की देखरेख में सुबह 10:30 बजे संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी पारिवारिक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां 124 पत्रावलियों को सुनने के लिए लगाया गया था जहां 64 परिवार ही पूर्ण रूप से उपस्थित हुए शेष पत्रावियों में अग्रिम तिथी दी गई। जहां सात परिवारों को मिलाया गया तथा दो पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 9 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई कुल 18 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद तथा काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर कंचन माहेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा हेड कांस्टेबल रश्मि गहलोत,उषा, शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

### फोर लेन पर हुए हादसे में एक की हुई मौत, तीन हुए घायल

**चांदा, सुल्तानपुर(अवधनामा संवाददाता)।** लखनऊ-वाराणसी फोरलेन पर भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई,जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा चांदा थाना क्षेत्र के घरवासपुर गांव के पास हुआ।जहां ट्रक,कार और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसा करीब 1 बजे हुआ,जिसके तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची चांदा पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा,जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। चांदा कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में शामिल कार हरियाणा नंबर प्लेट की थी,जो ट्रक से टकरा गई। फिलहाल,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नलकूप विभाग परिसर में हुआ अग्निकांड

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** नलकूप विभाग परिसर में अग्निकांड ही गया। आग पर काबू पाने के लिए दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। नगर कोतवाली क्षेत्र के पयागीपुर चौराहे के निकट स्थित नलकूप विभाग परिसर का मामला बताया जा रहा है। अग्निकांड की घटना की सूचना से हड़कंप मच गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा का कहना है कि दो दमकल वाहन अग्निकांड को नियंत्रित करने के लिए रवाना किए गए।

## मो. शोएब खान बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिले में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के सुल्तानपुर जिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक कुंडा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के निर्देशानुसार पर इस बार सुल्तानपुर जिले में मो. शोएब के को अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसका बड़ी बेसब्री से पार्टी के कार्यकर्ताओं को इंतजार था। राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतांत्रिक पार्टी के निर्देशानुसार मो. शोएब को सुल्तानपुर जिले का अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह के निर्देशानुसार सुल्तानपुर के पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष विजय सरोज के हाथों द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया। अल्पसंख्यक अध्यक्ष का नियुक्ति प्रमाण पत्र जहां कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हुई थी उन्हें दिया गया। लोगों ने सुल्तानपुर जिले के नवनियुक्त अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर अपने खुशी का इजहार किया।

## विनियमित क्षेत्र के जेई की शह पर भूमाफियाओं का खेल

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** नगर में अवैध निर्माण का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। विनियमित क्षेत्र में बिल्डरों और भूमाफियाओं की मिलीभगत से धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है, और इस गोरखधंधे में सबसे बड़ा नाम सामने आ रहा है विनियमित क्षेत्र के छुश्र उमेश यादव का। उनकी शह पर अवैध निर्माण बेखौफ होकर किया जा रहा है, लेकिन जब सवाल पूछा जाता है, तो जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। शहर के पल्टन बाजार में पूर्व मंत्री मुईद अहमद के आवास के सामने अवैध निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। मकान की छत ढालने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और जेई साहब पूरी तरह से मौन साधे हुए हैं। स्थानीय लोग इस अवैध गतिविधि को लेकर परेशान हैं, लेकिन प्रशासनिक मिलीभगत के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। जब इस पूरे मामले पर विनियमित क्षेत्र के जे ई उमेश यादव से टेलीफोनिक वार्ता की गई, तो उन्होंने बड़ी ही बेशर्मी से कहा कि अभी मैं बाहर हूं, मुझे कोई जानकारी नहीं है। यानी भ्रष्टाचार के खेल में शामिल भी रहो और जिम्मेदारी से बचने के लिए आंखें भी मूंद लो. उन्होंने पूरे मामले को एसडीएम के पाले में डालते हुए कहा कि इस संबंध में एसडीएम साहब से बात करिए। सवाल उठता है कि अगर विनियमित क्षेत्र का जिम्मेदार अधिकारी ही इस तरह से अपनी जिम्मेदारी से बचता रहेगा, तो अवैध निर्माण को कैसे रोका जाएगा? इस पूरे मामले पर एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पानी बचाने के लिए जागरूक हों परिवार : ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह

**कूरेभार, सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जल संरक्षण की शुरुआत घर से करें। पानी बचाने के लिए हर परिवार को जागरूक होना पड़ेगा। पानी बर्बाद होने से बचाकर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। हमारा छोटा सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। जल संरक्षण हेतु हम सबको सचेत होने की जरूरत है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहीं। वह राणा प्रताप विधि महाविद्यालय धरमदासपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विश्व जल दिवस पर कटका क्लब द्वारा आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कटका क्लब के गौरैया आओ मेरे देश और जल संरक्षण अभियान के तहत आयोजित इस समारोह में राणा प्रताप पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि कबूतरों ने गौरैया के ठिकानों पर कब्जा कर लिया है।

## उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक व पूर्व मंत्री



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह आज भी क्षेत्र में सक्रिय रहे। इस दौरान सबसे पहले वे कूरेभार ब्लाक पहुंचे और दर्जनों दिव्यांगों को ट्राई सायकिल का वितरण किया। यहां के बाद वे खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे और हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया साथ ही कई सेवा निवृत्त अध्यापकों का भी सम्मान किया। इसके बाद विधायक विनोद सिंह नगर के पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के सम्मान में आयोजित अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए और उन्हें बधाई दी। इसके बाद वे चंदीपुर ग्राम प्रधान नवीन मिश्रा के घर पहुंचे और संभ्रांत नागरिकों और ग्रामीणों से मुलाकात कर हाल चाल लिया। इसके पहले सुबह आवास पर उन्होंने क्षेत्र से आए तमाम नागरिकों और संभ्रांत लोगों से मुलाकात की। तमाम लोगों की समस्याएं सुनी और उसका निस्तारण भी करते नजर आए। वहीं उन्होंने क्षेत्र के तमाम विकास कार्यों की चर्चा भी की और जल्द से जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया।

## संगठन को बूथ इकाई तक फुलप्रुफ व सक्रिय बनाए - मीना चौबे



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** भाजपा 365 दिन 24 घंटे काम करने वाला दल हैहर एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देनी होगी।अभी से तैयारी कर आने वाले पंचायत व 2027 विधानसभा चुनाव में जीत का परचम फहराना होगा।यह बातें जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता व निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा के संयोजन में भाजपा जिला कार्यालय के बगल आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। आगे कहा संगठन को बूथ इकाई तक फुलप्रुफ व सक्रिय करना होंगा उन्होंने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी को बधाई व शुभकामनाएं दी। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं।कार्यकर्ता के सम्मान व स्वाभिमान पर कभी आंच नही आने दूंगा।यह भी कहा कि बूथ इकाई के ढांचे को पन्ना प्रमुख तक मजबूत करना होगा। आने वाले समय में पंचायत से लेकर विधानसभा 2027 के चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कसनी होगी।

## संचारी रोग नियंत्रण में न हो लापरवाही : डीएम

### शहर से लेकर गांव-गांव में चलायें विशेष सफाई अभियान, लोगों को करें जागरुक

अवधनामा संवाददाता





■ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण उपरान्त परीक्षा कराने के निर्देश

**ललितपुर।** माह अप्रैल में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक एवं सघन टीबी अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए माईक्रोप्लान तैयार कर 27 मार्च तक स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दें। साथ ही क्षेत्रीय कर्मचारियों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ब्लॉक स्तर पर एमओआईसी की अध्यक्षता में एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के साथ संचारी रोग से सम्बंधित गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण सत्र आयोजित कराकर प्रश्नपत्र देकर उनकी परीक्षा भी करायी जाए। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले वर्कर्स का पुनः प्रशिक्षण कराया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष बैठकें एवं प्रशिक्षण टाइम लाइन के अनुसार सम्पन्न करा लें एवं पिछली कमियों को दूर करते हुये इस अभियान में सभी गतिविधियां माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत प्रतिशत पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने सूचना विभाग को निर्देश दिये कि अभियान से सम्बंधित गतिविधियों का आम जनता में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि लोक संचारी रोगों के प्रति जागरुक हो सकें।

बताया गया कि जनपद में 01 से 30 अप्रैल संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये शासन के निर्देशानुसार अभियान में विभिन्न गतिविधियां कराई जायेगी। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रदीप सिंह यादव ने अभियान की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिये कहा। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान में सभी विभागों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी। डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण में जन सहभागिता जरूरी है।

## हजरत अली की शहादत के शोक में शबीहे ताबूत बरामद किया गया

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मौला ए कायनात हजरत अली की यौमे शहादत 21 वी रमज़ान के शोक में शबीहे ताबूत बरामद किया गया जिसमें मातम व नोहाख्वानी की गयी मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमामबाडा सगीर हसन मे शुक्रवार की रात मे मजलिस ए अजॉ बरपा की गयी जिसकी शुरूआत शमाईम रजा ने मौला अली की शहादत का मरसिया पढ कर की इस के उपरांत सुहैल अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत अली गरीबो मिसकिनो बेसहारा मजलूमो कमजोरो के लिए मसीहा थे पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा के चाचा जात भाई हजरत अली रात के अंधेरे मे घर घर जा कर रोटिया पहुँचते थे ताकि कोई भी गरीब भूखा न सोये खुदा की इबादत मे बेमिसाल हजरत अली को कूफा शहर की मस्जिद मे नमाज अदा करते समय मस्जिद मे पहले से ही मौजूद एक व्यक्ति ने तलवार से सर पर वार करके घायल कर दिया था जिससे आप की 21 वी रमज़ान को शहादत हो गयी थी।

GH
25 सालों से सेवा में तत्पर
गोयल अस्पताल एवं ब्लड बैंक
द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर
गोयल प्लाजा अयोध्या रोड लखनऊ, नियर लेखराज मैट्रो इन्दिरा नगर लखनऊ
दिनांक 23.03.2025 दिन रविवार समय सुबह 11.00 am बजे से शाम 4.00 pm बजे तक
1. जनरल सर्जरी विशेषज्ञ (वरिष्ठ सर्जन) (Dr. R.K.Tripathi)
2. स्त्री रोग एंव प्रसूति विशेषज्ञ (Dr. Anju Goel, Dr. Juhi Sisodia)
3. टी. बी. एवं चेस्ट (छाती) रोग विशेषज्ञ (Dr. Gourav Srivastva)
4. टी. बी. एवं चेस्ट (छाती) रोग विशेषज्ञ (Dr. Ajay Mishra)
5. उच्चरक्तचाप एवं डायबिटीज व हृदय रोग विशेषज्ञ (Dr. A.K. Goel)
6. न्यूरो (दिमाग एवं स्पाइन) रोग विशेषज्ञ (Dr. Pradeep)
सभी रोग से सम्बन्धित जानकारी एवं उचित सलाह, सभी रोगी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें
आयुष्मान एंव पं0 दीन दयाल कार्ड धारकों को
निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
जिसमें (कैंसर का आपरेशन, कीमोथैरेपी, गुर्दे की पथरी, हड्डी एवं स्पाइन एवं ब्रेन की सर्जरी, बच्चेदानी का आपरेशन, नाक, कान, गले का आपरेशन एवं जनरल सर्जरी (पित्त की पथरी, हर्निया, हाईड्रोसील, अपेन्डिक्स) शामिल है।
B.P. , WAIGHT, SUGER, HB (FREE)
सभी प्रकार की जाँच पर 30 % की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 10 % की छूट
स्वास्थ्य बीमा (टी. पी. ए.) की कैशलेस सुविधा
: 7054001441, 7054001447

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में बुंदेली लोकगीत और आल्हा गायन की जमकर रही धूम



■ वन विभाग द्वारा कार्यक्रम में गंगा के साथ क्षेत्रीय नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शहर के कीरत सागर तट पर स्थित आल्हा मंच में वन विभाग व जिला गंगा समिट महोबा के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा की सफाई के अलावा ऐतिहासिक स्थलों नदिया व तालाबों को स्वच्छ रखने के अलावा पर्यावरण संतुलन के लिए लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने जागरूक किया गया। इस मौके पर संगीत संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने बुंदेली लोकगीत और आल्हा गायन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। नमामि गंगे योजना के तहत 16 मार्च से 31 मार्च तक समूचे प्रदेश में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिला गंगा समिट व वन विभाग के तत्वावधान में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डीएफओ नरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें गंगा की स्वच्छता और निर्मलता के साथ अपने क्षेत्र की नदियों और ऐतिहासिक सरोवरों की स्वच्छता के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है और नदी के साथ लोगों के संबंध तथा इसे प्रदूषित होने से रोकने पर भी गौर करने की जरूरत हैं÷। उन्होंने ऐतिहासिक नदियों और सरोवरों के किनारे पर्यटन को बढ़ावा देने के महत्व और देश की अन्य नदियों के कायाकल्प पर जोर दिया साथ ही पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने के लिए जागरूक किया। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आल्हा मंच पर कलाकारों ने बुंदेली कलाकारों ने लोकगीत और आल्हा गायन, की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया साथ ही भजन संध्या और गंगा आरती भी हुई। कार्यक्रम को देखने के लिए आल्हा गायन और लोकगीत प्रेमियों की खासी भीड़ जमा रही, जिन्हें कलाकारों की प्रस्तुति पर जमकर तालिया बजाई। इस मौके पर शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कालेज के छात्र छात्राओं की चित्र लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से जन मानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला परिजनाधिकारी जिला गंगा समिट यशराज आनंद ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी, आल्हा मंच के अध्यक्ष शरद तिवारी दाऊ, सुशील कुमार शुक्ला, विनोद कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, रामबाबू श्रीवास सहित सैकडों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम व सीओ ने थाना दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली में छिबरामऊ एसडीएम व सीओ सदर की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें करीब आधा दर्जन शिकायतें आई जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित थाना दिवस में छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी एवं सीओ सदर कमलेश कुमार ने चार राजस्व एवं दो पुलिस संबंधित शिकायतों की विस्तृत जानकारी लेकर मौके पर ही पुलिस संबंधित एक शिकायत का निस्तारण कर दिया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित करने के उपरांत एसडीएम ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य जनता के बीच प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था को मजबूत करना है ताकि आम जनता अपनी समस्याओं का समाधान जल्दी पा सके। सीओ सदर ने कहा कि थाना दिवस लोगों के विश्वास को बढ़ाने और उनकी परेशानियों को हल करने का एक प्रभावी तरीका है। इस अवसर पर सदर तहसीलदार अतुल हर्ष, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, कानून गो प्रेम कृष्ण मिश्रा, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, लेखपाल कौशल पांडेय, अभिषाक कटियार, अतुल प्रताप सिंह, कुलदीप यादव, रोहित यादव, अमन श्रीवास्तव सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# जातिगत और भ्रामक प्रचार करने वालों के प्रति सख्ती अपनाई जाएगी : परवेज़ हनीफ

एआइपीएमएम ने जूम मीटिंग का किया आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) की महत्वपूर्ण जूम मीटिंग संपन्न, संगठन को सशक्त करने के लिए कई निर्णय लिए गए। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की एक महत्वपूर्ण जूम मीटिंग दिनांक 21 मार्च 2025 को रात 10 बजे आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने की, जबकि संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस द्वारा किया गया। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश, और जिला स्तर के पदाधिकारी, पसमांदा एक्टिविस्ट, बुद्धिजीवी, और अन्य महत्वपूर्ण सदस्य शामिल हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा भ्रामक प्रचार पर संगठन का स्पष्टीकरण, संगठन के खिलाफ जातिगत और भ्रामक प्रचार करने वालों के प्रति सख्ती अपनाई जाएगी। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज सभी ओबीसी बिरादरियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन-विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले सदस्यों पर कार्रवाई होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा कि ईद मिलन समारोह एवं आसिम बिहारी की जयंती (पटना, अप्रैल 2025 का दूसरा सप्ताह) में मनाया जायेगा। पसमांदा समाज की एकता को मजबूत करने हेतु पटना में कार्यक्रम आयोजित होगा। इस बैठक में संगठन का. प्रदेश कार्यकारिणी को बैंक खाता खोलने की स्वीकृति प्रदान कर प्रत्येक प्रदेश कार्यकारिणी के पास संस्थागत बैंक अकाउंट होगा। बैंक खाते का संचालन तीन पदाधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा। वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी को खाता सीज करने का अधिकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की गई कि वक्फ बिल में किसी भी बदलाव से पहले मुस्लिम समाज को विश्वास में लिया जाए। संगठन के सभी बड़े फैसले जूम मीटिंग में चर्चा के बाद ही लिए जाएंगे। इस अवसर पर शमीम अंसारी (राष्ट्रीय संयोजक, नॉर्थ), अख्तर हुसैन (राष्ट्रीय सलाहकार), कमरुद्दीन अंसारी (राष्ट्रीय महासचिव), रियाजउद्दीन बख्खो (राष्ट्रीय महासचिव एवं संयुक्त संयोजक, बिहार एवं झारखंड), नेहाल अंसारी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक, उत्तर प्रदेश), इमरान अली (प्रदेश सहसंयोजक, उत्तर प्रदेश), शाहीन अंसारी (राष्ट्रीय सचिव), अबु शहीद अंसारी (प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड), तारिक अनवर (प्रदेश अध्यक्ष, बिहार), मोहम्मद इदरीस (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), शब्बीर आलम (प्रदेश महासचिव, बिहार), शमीम अंसारी (जिला अध्यक्ष, झारखंड), कार्यालय सचिव एहतेशाम आदि लोग शामिल हुए।

# सीसीटीवी कैमरे ग्राम पंचायतों में लगाने के दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शनिवार को थाना परिसर अजनर में पुलिस उपाधीक्षक कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सात मामले प्राप्त हुए। इनमें से तीन मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि चार मामलों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में विशेष रूप से कैथोरा निवासी मुन्ना के मकान के विवाद में जमीन नाप के लिए लेखपाल बहादुर सिंह को निर्देशित किया गया। इसके अलावा, बैठक में कुल आठ प्रार्थना पत्र आए, जिनका तुरंत निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अनुराग प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड हर्षिता गंगवार, थानाध्यक्ष अजनर सत्वेन्द्र सिंह भदौरिया, ग्राम प्रधानों सहित कई अन्य अधिकारियों और लेखपालों ने भाग लिया। एसडीएम अनुराग प्रसाद ने इस मौके पर पंचायतों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रत्येक पंचायत में छह सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात की, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। ग्राम प्रधानों की उपस्थिति से यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय सरकार और प्रशासन एक साथ मिलकर जनता की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। सभी अधिकारी इस प्रयास को सफल बनाने के लिए तत्पर दिखे।

## मथुरा के फरह टोल प्लाजा पर फायरिंग

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र में शनिवार की सुबह महुअन टोल प्लाजा पर सुबह कार सवारों की टोल कर्मियों से बहस हो गई। इसके बाद कार सवार फास्ट टैग से पेमंट कर फायरिंग करते हुए कार को दौड़ा ले गए। फायरिंग से टोल पर काम करने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस कार सवारों की जानकारी जुटा रही है।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब साढ़े छह बजे मथुरा की तरफ़ से कार सवार तीन युवक टोल प्लाजा पर पहुंचे। टोल दिए बगैर कार सवारों ने वहां से निकालने का प्रयास किया। इस पर टोल कर्मचारियों और कार सवारों में झगड़ा होने लगा। इसी दौरान कार सवारों ने फास्टटैग से टोल का भुगतान कर दिया। इसके बाद कार सवारों ने टोल से कार निकालने के दौरान फायरिंग शुरू कर दी। युवकों द्वारा की गई फायरिंग से टोल कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। कर्मचारी अपनी सीटों को छोड़कर भागने लगे।

# सरस्वती ज्ञान मंदिर वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न, उमड़े लोग

■ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दी मनमोहक प्रस्तुति, हुये पुरूस्कृत



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सरस्वती ज्ञान मंदिर के वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का दिल जीत लिया। बीतीशाम कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। इसके बाद नृत्य, संगीत, नाटक और कविता पाठ जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जो दर्शकों के दिल को छू गया। विशेष रूप से रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में एक अद्भुत माहौल बना दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष जगदीश चन्द्र बाथम ने बच्चों की तारीफकरते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय के चेयरमैन नौरतन सिंह यादव ने सभी बच्चों की सराहना करते हुये पुरूस्कृत कर आशीर्वाद देने के उपरान्त कहा कि यह आयोजन विद्यालय के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और बच्चों को अपनी कला में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राकेश बाबू कुशवाहा, शैलेश कुमार गुप्ता, प्रवल प्रताप सिंह, अमित कुमार यादव, डा. रविदत्त यादव, वीरभान दुवे, वीरपाल कुशवाहा, रामसेवक बाथम, लाल खॉं, सुशील कुमार गुप्ता, अतुल गुप्ता, डा. शमशाद बालकराम, पिन्टू गुप्ता, शिवकान्त सैनी, सभासद जीतू गुप्ता, चरनजीत, विजय दुवे, धर्मेन्द्र कौशल, विनोद सविता, शिक्षक और अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत विकास परिषद का होली मिलन सम्पन्न



**उन्नाव।** शहर के सिल्वर हाइट्स होटल में भारत विकास परिषद् (ब्रह्मावर्त प्रांत) चंद्रशेखर आजाद शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू ने महापुरुषों की फोटो पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजको ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी को फूल माला पहना एक दूसरे को रंग लगा स्वागत किया। इस दौरान चन्द्रशेखर आजाद शाखा के अध्यक्ष कृष्णगोपाल अग्रवाल, सचिव आशीष शुक्ला, कोषाध्यक्ष आशीष निगम, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, पूर्व चेयरमैन रामचंद्र गुप्ता, अजय शुक्ला, डॉ. बी.के.सिंह, डॉ.शशि रंजना, भानू सिंह, नवीन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### हत्या के तीन आरोपियो को आजीवन कारावास

**उन्नाव।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन÷ अभियान के तहत पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के फ्लस्वरूप न्यायालय एडीजे 7 द्वारा हत्या के अभियोग में 3 अभियुक्तों को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। 1 अक्टूबर 2021 को शिवपाल, कल्लू पुत्रगण सिद्धनाथ, सिद्धनाथ पुत्र दुलारे निवासीगण बन्दीपुरवा थाना अचलगंज द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर वादी के पिता की हत्या कर दी गई थी। जिसके संदर्भ में थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0-296/21 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्तगण को 03 अक्टूबर 2021 को गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। आज न्यायालय द्वारा उपरोक्त आरोपियो को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 20,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। अभियोजन विभाग से हरीश अवस्थी (एस.पी.पी.) व विवेचक निरीक्षक राजेश कुमार एवं पैरोकार उ0नि0 ज्ञान सिंह व कोर्ट मोहर्रिर का0 कृष्णवीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

### एसडीएम ने की पीस कमेटी की बैठक

**उन्नाव।** उपजिलाधिकारी सफीपुर एवं प्रभारी निरीक्षक सफीपुर द्वारा थाना सफीपुर में रमजान माह एवं आगामी ईद व नवरात्र को दृष्टिगत रखते हुए संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई। मीटिंग में त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई एवं सभी से सुझाव प्राप्त किये गये व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### उद्योग प्रतिनिधि मण्डल का होली मिलन सम्पन्न

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि मंडल की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह शहर के इंद्रा नगर मे स्थित गोकुल लान मे आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह के आयोजक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अध्यक्ष अमित मिश्रा ने सदर विधायक पंकज गुप्ता का फूल माला पहना एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात होली मिलन समारोह में पहुंच नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रवीण मिश्रा का व्यापारी नेता पुष्पेंद्र मिश्रा, पंकज त्रिपाठी, संजय राठी, अजय शुक्ला, पुष्पेंद्र दीक्षित, अभय प्रकाश तिवारी, सत्यम शर्मा द्वारा फूलमाला पहना गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार संगठन के व्यापारी नेता जीतू मिश्रा, विजय त्रिपाठी, पुष्पेंद्र सिंह, अभय प्रकाश तिवारी, सत्यम शर्मा, उदय मिश्रा एवं आशीष कुमार सहित बडी संख्या मे व्यापारी उपस्थित रहे।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों एवं थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन परिसर, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा एवं पीआरवी, गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुरवा अजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

### दंगा-बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास

**उन्नाव।** आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/ भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व क्षेत्राधिकारी पुरवा अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान विधि विरुद्ध भीड़ को तितर बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके। दंगा/बलवा नियंत्रण ड्रिल में करीब 154 अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया।

# सार्वजनिक स्थलों पर छाया और प्याऊ की व्यवस्था पर जोर

■ डिप्टी कलेक्टर ने हीट वेव कम करने के उद्देश्य से ली बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एंव एडीएम के निर्देशन में जिले में हीट वेव के प्रभावों को न्यून करने के उद्देश्य से डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन ने बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से समस्त संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ हीट वेव प्रबंधन के लिए विभाग वार जिम्मेदारियों को चिंहित करते हुए निर्धारित किया गया। बैठक में समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया, कि लू प्रकोप के प्रभाव को कम करने के लिए निःशुल्क प्याऊ कि व्यवस्था, स्थान.स्थान पर वाटर कूलर का प्रबंधन, छाया प्रदान की व्यवस्था किए जाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग में आशा, एएनएम की सहायता से ओआरएस का पैकेट का घर घर अत्याधिक वितरण किया जाये। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों तथा कर्मियों का उपयुक्त प्रशिक्षण किया जाये, जिससे कि हीट वेव संबंधित बीमारियों की तत्काल पहचान करते हुए प्रभावित का राहत स्वरूप इलाज किया जाये, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आइस पैक, ओआरएस पैकेट इत्यादि कि पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये, जिला अस्पतालध् महिला अस्पताल एवं समस्त इत्यादि पर हीट वेव आईसोलेशन वार्ड बना लिया जाये तथा सभी की सूची उपलब्ध करा लिया जाए पर्यटन. नगर पालिका तथा परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड.मंदिर.धार्मिक स्थल एवं रेलवे स्टेशन इत्यादि परिसरों में छाँव घर एवं प्याऊ कि व्यवस्था कि जाये, शिक्षा विभाग द्वारा हीट वेव कि मौसम संबंधित चेतावनी के अनुसार स्कूल के समय में बदलाव किया जाये एवं स्कूलों में बाहरी फील्ड की गतिविधियों को रोकने एवं स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेय जल इत्यादि कि व्यवस्था कि जाये, विद्युत विभाग द्वारा हीट वेव के दौरान मुख्यतः पीक हीट आवर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाये, जल निगम ग्रामीण ध्नगरीय को ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। श्रम विभाग ध् विकास विकास द्वारा मजदूरों के लिए लू प्रकोप से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल, छाँव क्षेत्र कि व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य विभाग से संपर्क स्थापित कर के मजदूरों के स्वास्थ्य का नियमित चेकअप ओ आर एस कार्नर इत्यादि की व्यवस्था की जाये । पीक हीट आवर के दृष्टिगत मजदूरों के ड्यूटी के समय में परिवर्तन किया जाए । पशुपालन विभाग पशुओ के लिए उचित छाया पानी का व्यवस्था के साथ ये भी ध्यान दें, कि पानी गर्म न हो । वन विभाग एवं सभी विभागों द्वारा पशु पक्षियों के लिए पानी का व्यवस्था अपने कार्यालय के बाहर किया जाए। आमजनमानस को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये एवं कार्रवाई की सूचना उपलब्ध कराई जाये। भीषण गर्मी और लू प्रकोप प्रबंधन कि बैठक की गई। जिसमें लू और गर्मी से बचाव पर जोर दिया गया। बैठक में उपनिदेशक कृषि डाण् अभय यादव, प्रभागीय वनाधिकारी डा नरेंद्र सिंह, मुख्य पशु अधिकारी डा ण्सुरेश पाल, आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह, तहसीलदार प्रमित सचान, ए सी एम ओ डॉ0 एस के वर्मा, अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी, आपदा लिपिक दिलशाद अहमद इत्यादि उपस्थित रहें।

# ब्रज के वृक्षों की लता पता ओ से भी निकलते राधा कृष्ण के नाम के स्वर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** दक्षिण भारत के कर्नाटक से उतर भारत के धार्मिक भ्रमण पर लगभग दो सौ श्रद्धालु भक्तों के साथ निकले शिराली चित्रापुर के ग्यारहवें मठधिपति सद्योजात शंकराश्रम स्वामी महाराज ने तीन दिन ब्रज के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बिताए। उन्होंने कहा कि बृज में प्रिया प्रीतम राधा कृष्ण का उदघोष लता पटाओ से आज भी सुनाई देता है जिससे श्रद्धालुओं में भक्ति का भाव जागृत होता है। जो मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। कर्नाटक के शिराली स्थित चित्रापुर मठ के ग्यारहवें मठधिपति सद्योजात शंकराश्रम स्वामी महाराज तीन दिवसीय धार्मिक भ्रमण पर वृंदावन आए । जिनके साथ कर्नाटक के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग दो सौ श्रद्धालु भक्त साथ आए। इनके द्वारा वृंदावन में अटाला चुंगी स्थित एक आश्रम में यात्रा का पड़ाव रखा गया ।जहां उनके द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ महादेव बाबा की आराधना की गई। अगले दिन वृंदावन के बांकेबिहारी लाल के दर्शन किए। मथुरा में श्री कृष्ण जन्म स्थान के दर्शन किए। गोकुल में यमुना मईया की आरती की गई। यात्रा के दौरान उनके द्वारा अलीगढ के विवेकानंद महाविद्यालय में धार्मिक प्रवचन भी किए गए।यात्रा के अगले पडाव में महाराज जी के साथ भक्तों ने गिर्राज महाराज की परिक्रमा की । और सभी यात्रियों ने धार्मिक यात्रा के दौरान बरसाने में राधारानी के दर्शन किए। इस अवसर पर महाराज सद्योजात शंकराश्रम स्वामी ने कहा कि बृज में प्रिया प्रीतम के नाम का उदघोष वृक्षों की लता पटाओ से भी सुनाई देता है। बृज का कण कण भगवान कृष्ण और राधारानी जी की लीलाओं का गवाह है। बड़े पुण्यों का उदय होने से ही ब्रज में जन्म मिलता है। महाराज जी ने धार्मिक यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश के लोगों को धर्म के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है जो मानव कल्याण के लिए आवश्यक है ।

# भारतीय सीखें नेपाली भाषा

**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन (मथुरा)।** नेपाल विश्व विद्यालय के कुलपति डा. घनश्याम न्यौपाने ने कहा कि नेपाल में हिन्दी बोली जाती है, वैसे ही भारत के लोग नेपाली भाषा सीखें। दोनों देशों के बीच साहित्य व संगीत का आदान प्रदान और बढ़ना चाहिए। नेपाल व भारत दोनों भाई हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत अमिट है। इसे मिटाया नहीं जा सकता। वृंदावन स्थित गीता शोध सस्थान व रासलीला अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय भारत नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव में डॉ. न्यौपाने संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के ऐतिहासिक संबधों की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजनों की बेहद जरूरी हैं। आयोजक डॉ. विजय पंडित और डा. हर्ष शर्मा ने कहा कि भारत नेपाल साहित्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव वसुद्धैव कुटुम्बकम की भावना के साथ दोनों देशों के मध्य ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूती प्रदान करना है। विशिष्ट अतिथि नेपाल की लघुकथाकार श्रीमती ममता मृदुल रही। इस दौरान लघुकथा सत्र में 25 लघुकथाकार व साहित्यकारों की एक दर्जन पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि यह सौभाग्य है कि वृंदावन में भारत नेपाल साहित्य संस्कृत महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से भारत और नेपाल के मध्य जो सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के संबंध हैं उसको विस्तार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं जनपद महाराजगंज का रहने वाला हूं, जो नेपाल के निकट है। भारत के साथ नेपाल से आए महानुभाव का अभिनंदन करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

# जिला पंचायत का 39. 84 करोड़ का बजट किया स्वीकृत

■ वर्ष 2025- 26 के बजट में खर्च व कार्यों को मिली स्वीकृति

■ वर्ष 2024- 25 के पुनरीक्षित बजट को भी मिली मंजूरी

■ बैठक में अधिकारियों के नही पहुंचने पर निंदा प्रस्ताव किया पारित

■ सदस्यों ने उठाई जनहित की समस्याएं, की निदान की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला पंचायत की जिला पंचायत के सभागार में आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिला पंचायत के सदस्यों ने बैठक में ना आने वाले अधिकारियों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं वर्ष 2025-26 के लिए 39 करोड 84 लाख 44 हजार 312 रुपये के बजट को सर्व सम्मिति से सदस्यों ने स्वीकृति दी। वहीं वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट को भी अपनी मंजूरी दी गई। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा पूर्व बैठकों में उठाई गई जनहित की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सदस्यों ने ड्रेन व माइनरों की सफाई, उचित नहीं होने का आरोप सिंचाई विभाग पर लगाया। साथ ही बुखरारी व शेरगढ नहरों को आदर्श सिंचाई योजना में शामिल करने की मांग रखी। वहीं प्रधानमंत्री सड़क योजना में आरईएस द्वारा कोसी- शाहपुर सड़क के निर्माण का मुद्दा उठाया। बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के शमशान स्थल पर दो-दो बैंच लगाने की मांग पंचायत सदस्यों ने की। बरसाना क्षेत्र के अष्टसखियों के गांवों के तालाबों के जीर्णोद्धार उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद से कराने की मांग रखी। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने सभी ग्राम प्रधानों से कहा कि कुंड व तालाबों के जीर्णोद्धार कराने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद को भेजें। ·बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत 3174474 लाख मानव दिवस के लिए 12539. 17 लाख रुपये का लेबर बजट भी स्वीकृत किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### तीन पंचायत सदस्यों के त्यागपत्र किए स्वीकृत

मथुरा। ग्राम पंचायत तरौली सुमाली चौमुहां के वार्ड 11 के सदस्य चरन सिंह , ग्राम पंचायत सैनवा के वार्ड 11 के सदस्य तरुण कुमार, ग्राम पंचायत उंदी छाता के वार्ड 4 के सदस्य आदेश का स्वेच्छा से दिया त्यागपत्र जिला पंचायत अधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला पंचायत की बैठक में सर्व सम्मिति से स्वीकृत किया गया।

# टमाटर की भाजी की लवर हैं आलिया भट्ट, क्या आप ने काफी खाई है, नोट करें आसान विधि

बॉलीवुड सेलेब्स क्या खाते हैं और क्या डाइट होती है, इन सबके बारे में सभी जानना चाहते हैं। आपके पसंदीदा स्टार को क्या खाने की चीज सबसे पसंद है, यह सवाल सभी के मन में आता है। क्या स्टार्स भी हमारी तरह ही सादा खाना खाते हैं। चाहे स्टार इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर पिज्जा, पास्ता या बर्गर खाते हुए फोटे लगाते हैं, लेकिन वो भी हमारी तरह अच्छा सादा और घर का खाना खाते हैं। ऐसे ही अदाकारा आलिया भट्ट को भी सादा खाने का पसंद करती हैं।आलिया भट्ट भी अपने व्लॉग्स और यूट्यूब चैनल पर अपनी फेवरेट रेसिपीज के बारे में बता चुकी हैं। उनको टमाटर की भाजी बेहद पसंद है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।



***टमाटर भाजी के लिए सामग्री***

- 4-5 पके हुए टमाटर (बारीक कटे हुए)
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1/2 चम्मच राई
- 1/2 चम्मच जीरा
- 1 हरी मिर्च
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चुटकी हींग
- स्वादानुसार नमक
- 3-4 करी पत्ते
- 1 चम्मच गुड़
- 1 चम्मच हरा धनिया

***टमाटर भाजी बनाने की विधि***

- सबसे पहले आप एक कड़ाही लें और उसे माध्यम आंच पर तेल गर्म करें। तेल हल्का गर्म हो जाए, तो उसमें राई और जीरा डालें। जैसे ही ये चटकने लगे, करी पत्ते और हींग डालें। तड़के में शानदार खुशबू आएगी।

- अब आप बारीक कटी हुई हरी मिर्च डालें और कुछ सेकंड तक भूने। ताकि उसका तीखापन हल्का हो जाए। इसके बाद हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालें। इन मसालों को हल्का भूनें ताकि कच्चापन दूर हो जाए और स्वाद अच्छे से निकालकर आए।

- इसके बाद कटे हुए टमाटर डालें और अच्छे से मिलाएं। धीमी आंच पर टमाटर को पकने दें। जिससे वह नर्म हो जाए मसालों के साथ अच्छे से मिल जाएं। इसे बीच-बीच में चलाते रहें ताकि जले नहीं। इसके आप 5-7 मिनट तक पकने दें, ताकि सारे स्वाद अच्छे तरह मिल जाएं।

- टमाटर भाजी पूरी तरह तैयार हो जाए, इसके बाद आप गैस को बंद कर सकते हैं और ताजा कटा हुआ हरा धनिया डाल सकते हैं। इसे आप गर्मागर्म पराठे, रोटी या चावल के साथ परोसें और स्वाद का आनंद लें।

# चेहरे पर ग्लिसरीन लगाना पड़ सकता है भारी, इस्तेमाल करने से पहले जरूर करें पैच टेस्ट

ग्लिसरीन हमारी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार यह त्वचा के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। अधिकतर लोग खूबसूरती बढ़ाने के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल करते हैं। ग्लिसरीन एंटी-एजिंग के तौर पर काम करती है। इससे मुंहासे कम होते हैं और ब्लैकहेड्स दूर होते हैं। लेकिन ग्लिसरीन के तमाम सारे फायदों के साथ कई नुकसान भी होते हैं। कई बार इसके इस्तेमाल से जलन, एलर्जी और सूजन आदि की समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्लिसरीन लगाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



***त्वचा का लाल होना***

कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है, तो त्वचा लाल होने लगती है। ऐसे में आपको अगर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है या फिर एलर्जी है, तो आपको फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसी स्थिति में ग्लिसरीन लगाने से त्वचा लाल हो सकती है। इसलिए जब फेस पर पिंपल्स हों, तो आपको फेस पर ग्लिसरीन नहीं लगाना चाहिए।

***चेहरे पर चकत्ते होना***

त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से कई बार फेस पर चकत्ते की समस्या हो सकती है। कई बार ग्लिसरीन लगाने से पिंपल्स की समस्या हो जाती है। या फिर दाने का खतरा बढ़ सकता है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले थोड़ा सा हाथ पर पैच टेस्ट करके जरूर देखें।

***सूजन की समस्या***

बता दें कि त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से सूजन की समस्या हो सकती है। कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से इसमें मौजूद तत्व त्वचा पर सूजन ला सकते हैं। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।

# स्किन के लिए गुणकारी है पत्थरचट्टा, जानें कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं

खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से है कई सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं। आमतौर पर कई महिलाएं पार्लर जाकर मेकअप या स्किन ट्रीटमेंट स्किन को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है, इसमें पत्थरचट्टा भी शामिल है। स्किन से जुड़ी समस्याओं से बचाव या राहत का लिए आप अपने स्किन केयर रुटीन में पत्थरचट्टा भी यूज कर सकते हैं। पत्थरचट्टा की पत्तियां एक्ने से राहत दिलाने में मदद करती है। स्किन की एलर्जी कम होती है।



पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं

पत्थरचट्टा की पत्तियां में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स और ग्लाइकोसाइड्स समेत कई बायोएक्टिव कंपाउंड्स पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन पर एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पैदा करते हैं, जिससे खुजली जैसी समस्या से राहत मिल सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे इसका प्रयोग करें।

- पत्थरचट्टा की पत्तियों को कुचलकर थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्किन के प्रभावित त्वचा पर 15 मिनट के लिए लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से अपना मुंह धो लें।

- पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल करके आप फेस मास्क के रुप में भी यूज कर सकते हैं। इन पत्तियों का फेस मास्क बनाने के लिए पहले आप इन्हें अच्छे तरीके से ग्राइंड कर लें या किसी चीज से पीस लें और फिर अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें।

# सर्दियों में पुरुष भी पा सकेंगे ग्लोइंग स्किन, जरूर फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

दिसंबर और जनवरी के महीने में कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है। वहीं इस समय तो आलम कुछ ऐसा है कि लोग सुबह और शाम को गर्म कपड़ों से पैक होकर घर से निकलते हैं। क्योंकि इस मौसम में चलने वाली सर्द हवाओं की वजह से न सिर्फ सेहत खराब होती है, बल्कि इससे त्वचा की नमी भी खो जाती है। हालांकि महिलाएं तो स्किन का खास ख्याल रख लेती हैं। लेकिन पुरुष अक्सर स्किन केयर में लापरवाही बरतने लगते हैं। इसी वजह से कड़ाके की सर्दी में पुरुषों की स्किन डल हो जाती है। ऐसे में हर पुरुष को सर्दियों में अपनी स्किन का खास ख्याल रखना चाहिए। लेकिन बहुत से पुरुषों को यह आइडिया ही नहीं होता है कि वह अपनी स्किन का कैसे ध्यान रखें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम पुरुषों की स्किन केयर के कुछ खास टिप्स देने जा रहे हैं। जिससे कि वह भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें।



***मॉइस्चराइजर***

बता दें कि महिलाओं के साथ ही पुरुषों की भी स्किन सर्दियों में रूखी हो जाती है। इसलिए दिन में कम से कम दो बार मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं। साथ ही ध्यान रखें कि फेस और हाथ-पैर के लिए अलग-अलग मॉइस्चराइजर आता है। इसलिए फेस पर हल्के और नॉन-ग्रीसी मॉइस्चराइजर लगाना चाहिए।

***गर्म पानी से रहें दूर***

सर्दियों के मौसम में ठंड से दूर रहने के लिए लोग खूब गर्म पानी से नहा लेते हैं। लेकिन ज्यादा गर्म पानी से नहाने से स्किन की नमी खत्म हो जाती है। इसलिए नहाने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। नहाने के फौरन बाद स्किन पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।

***सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना न भूलें***

महिलाओं की तरह ही पुरुषों को भी नियमित रूप से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में यूवी किरणें आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना न भूलें।

***लिप बाम है जरूरी***

अगर आप अपने लुक को खराब नहीं करना चाहते हैं, तो आपको होंठों का खास ख्याल रखना चाहिए। सर्दियों में होंठ फटने लगते हैं, ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करें। किसी ऐसे लिप बाम का इस्तेमाल करें, जिसमें शिया बटर या नारियल तेल हो।

***शेविंग के बाद करें ये***

सर्दियों में पुरुषों को शेविंग के बाद स्किन का खास ख्याल रखना चाहिए। शेविंग के बाद स्किन को मॉइस्चराइज करना न भूलें। सर्दियों में हमेशा अच्छी क्वालिटी का शेविंग क्रीम और आफ्टरशेव का इस्तेमाल करें।

***स्क्रबिंग करें***

सप्ताह में एक बार फेस को एक्सफोलिएट करना चाहिए। जिससे कि डेड स्किन सेल्स हट सकें। इससे स्किन चमकदार बनी रहे। इसके लिए हमेशा जेंटल स्क्रब का इस्तेमाल करें। इससे स्किन पर अधिक खिंचाव न हो। इस टिप्स की मदद से पुरुष अपनी स्किन को सर्दियों में भी हेल्दी और चमकदार बना सकते हैं। स्किन की नियमित देखभाल करने से नेचुरल नमी बनी रहती है और स्किन संबंधी समस्या भी दूर होगी।

# मीठा खाने का है मन तो फटाफट बनाकर तैयार करें गाजर की खीर, यहां देखिए रेसिपी

सर्दियों के मौसम में हर घर में गाजर खाई जाती हैं। गाजर में पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाई जाती है। बहुत से लोग गाजर की सब्जी, अचार, पराठे तो कभी स्वादिष्ट हलवा बनाकर खाया जाता है। वहीं सर्दियों में गाजर का हलवा हर घर में बड़े चाव से खाया जाता है। हालांकि गाजर का हलवा बनाना टेढ़ी खीर है। क्योंकि इसमें घंटों की मेहनत लगती है, तब जाकर यह हलवा तैयार होता है। लेकिन अगर आपका कुछ झटपट बनाकर खाने का मन है, तो गाजर के हलवे जैसा स्वादिष्ट गाजर की खीर बनाकर खा सकती हैं।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गाजर की खीर बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आज हम आपको रबड़ीदार और परफेक्ट गाजर की खीर की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह स्वादिष्ट गाजर की खीर आपके परिवार के सभी सदस्यों को खूब पसंद आएगी।



***गाजर की खीर की रेसिपी***

गाजर की स्वादिष्ट रबड़ीदार खीर बनाने के लिए आपको जिन भी सामग्रियों की जरूरत होगी वह ये हैं।

गाजर- एक कप कद्दूकस की हुई
देसी घी- 2 बड़े चम्मच
दूध- डेढ़ कप
कंडेंस्ड मिल्क- दो बड़े चम्मच
फ्रेश मलाई
काजू
बादाम
पिस्ता
किशमिश
चीनी
इलायची पाउडर- 1/4

***ऐसे बनाएं गाजर की खीर***

बता दें कि गाजर की खीर बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को कद्दूकस कर लें। अब गैस पर पैन चढ़ाकर दो बड़े चम्मच देसी घी डालें। अब इसमें मनपसंद ड्राई फ्रूट्स डालकर रोस्ट कर लें। फिर इन ड्राई फ्रूट्स को एक प्लेट में निकालकर अलग रख लें। इसके बाद उसी पैन में कद्दूकस की हुई गाजर डालें और इसको अच्छे से रोस्ट कर लें। इससे गाजर में अच्छा सा फ्लेवर आ जाएगा। करीब 5-7 मिनट तक हल्दी आंच पर कद्दूकस की हुई गाजर को चलाते हुए रोस्ट करें।

जब गाजर अच्छे से रोस्ट हो जाए, तो इसमें उबला हुआ दूध डाल दें। अब गाजर और दूध को अच्छे से चलाते हुए मिक्स करें और फिर मीडियम आंच पर धीरे-धीरे पकने दें। जब इसमें उबाल आ जाए, तब इसमें कंडेंस्ड मिल्क या फिर गाढ़ी मलाई मिलाएं। इसको बीच-बीच में चलाते रहें।

करीब 5 मिनट तक पकाने के बाद स्वादानुसार चीनी डालें और यदि आपने कंडेंस्ट मिल्क मिलाया है, तो चीनी थोड़ा कम ही डालें। क्योंकि कंडेंस्ड मिल्क पहले से मीठा होता है। इन सभी सामग्रियों को अच्छे से चलाते हुए पका लें। करीब 5 मिनट तक इसको गाढ़ा होने तक पकाएं। अब इसमें फ्लेवर और खुशबू के लिए इलायची पाउडर मिक्स करें और गैस बंद कर लें। इस तरह से गाजरी की स्वादिष्ट खीर बनकर तैयार हो जाएगी। गार्निशिंग के लिए ऊपर से कटे हुए ड्राई फ्रूट्स डालें और गर्मागर्म सर्व करें।

# सर्दियों में घर पर बनाएं टेस्टी ड्राई फ्रूट्स एंड सीड्स चिक्की, सब बार-बार खाने को मांगेंगे



सर्दियों में अक्सर कुछ टेस्टी चीजें खाने की क्रेविंग होती रहती है। अगर आप भी कुछ हेल्दी और टेस्टी डिश बनाना चाहते हैं, तो आप इस रेसिपी को घर में जरुर बनाएं। इस रेसिपी को बनाना बेहद आसान है और हेल्द के लिए भी काफी फायदेमंद है।

इसे बनाने के लिए सामग्री

- 1 कप सीड एंड नट मिक्स
- 1 कप कद्दूकस किया हुआ गुड़
- 1 चम्मच घी
- एक चुटकी हरी इलायची पाउडर (वैकल्पिक)

***सीड्स और ड्राई फ्रूट्स चिक्की को कैसे बनाएं***

- बीज और मेवे के मिश्रण को मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भून लें, ठंडा कर लें।

- गुड़ को गाढ़ा होने तक गर्म करें। भुने हुए बीज और मेवे, इलायची पाउडर और घी डालें, अच्छी तरह मिलाएं।

- बटर पेपर पर रोल करें, मनचाहे आकार में काटें और ठंडा होने दें।

# एक बार घर पर बना लें कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स, सब बार-बार खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान विधि

भारत में इन दिनों कोरियन खाने का ट्रेंड खूब बढ़ गया है। आजकल सोशल मीडिया पर भी कोरियन खाने की रेसिपीज वायरल होती रहती हैं। कोरियन स्पाइसी नूडल्स को ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं क्योंकि ये खाने में काफी अलग और बेहद टेस्टी है। यदि आप ने भी कोरियन डिशेज नहीं खाई हैं, तो आप घर आसानी से कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है, चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।



***कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए आपको चाहिए***

- चार उबले मसले हुए आलू
- चार बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक बड़ा चम्मच तेल
- चार से पांच लहसुन की कटी हुई कलियां
- दो बड़े चम्मच सोया सॉस
- एक बड़ा चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
- आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच सफेद तिल
- एक से डेढ लीटर पानी

***कैसे बनाएं कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स***

इसे बनाने के लिए चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू लें और इसे अच्छे से धो लें। फिर इन आलू को अच्छे से उबाल लीजिए। उबालने के बाद इन आलू को मसले लें। अब 4 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर आटा मसले आलू में डाल दीजिए और इसे अच्छे से मिलाएं। आलू का आटा आपका तैयार है। इस आटे का छोटा-छोटा हिस्सा लें और बॉल्स तैयार कर लें। अब एक पैन में एक लीटर पानी और एक बड़ा चम्मच तेल डालें और इसमें आलू के बॉल्स डालें। फिर इसे कम से कम 10 मिनट तक उबालें। अब इन उबले आलू में धनिया पत्ती. चार लहसुव की कटी हुई कलियां, जो बड़े चम्मच सोया सॉस, आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, सफेद तिल और आधा कप गर्म तेल डालें। सभी को अच्छे से मिलाएं और कोरियाई चिली पोटैटो बॉल्स का मजा लें।

# बसंत पंचमी पर बनाएं स्वादिष्ट कद्दू का हलवा, इस खास भोग से प्रसन्न होगी मां सरस्वती

हिंदू पंचांग के मुताबिक हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस साल 02 फरवरी को 2025 को बसंत पंचमी को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि इस शुभ दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। मां सरस्वती की पूजा करने से ज्ञान, बुद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है। इस दिन विद्या की मां सरस्वती को पीले रंग की बनी चीजों का भोग बनाकर प्रसाद चढ़ाया जाता है। ऐसे में अगर आप भी मां सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए भोग में कुछ अलग और टेस्टी बनाना चाहते हैं। ऐसे में आप बसंत पंचमी के दिन कद्दू का हलवा बना सकते हैं। यह हलवा न सिर्फ खाने में टेस्टी होता है, बल्कि इसको बनाना भी बहुत आसान है। बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक को इसका स्वाद बेहद पसंद आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यहां पर कद्दू के हलवे की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।



***कद्दू के हलवे की सामग्री***

कद्दू- 1 किलो
दालचीनी- 1 1/2
पानी- 150 मिली
चीनी- 150 ग्राम
मक्खन या घी- 4 बड़े चम्मच
रोस्टेड नारियल- 2 बड़ा चम्मच कद्दूकस किया हुआ
किशमिश- 50 ग्राम
बादाम की कतरन- 2 बड़े चम्मच

***ऐसे बनाएं कद्दू का हलवा***

कद्दू का हलवा बनाने के लिए एक पैन में कद्दू, पानी और दालचीनी डालकर उसे ढककर नरम होने तक पकने दें। अब पानी को छानकर कद्दू को मैश कर लें। अब दूसरे बड़े पैन 4 चम्मच घी गर्म करके उसमें कद्दू डालकर लगातार चलाएं। जब इसकी प्यूरी गाढ़ी हो जाए और रंग बदलने तक करीब 10 मिनट पकाएं। अब चीनी डालकर हलवा डालकर पकने तक चलाएं। आप चाहें तो, हलवे में चीनी की जगह गुड़ का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आसान तरह से कद्दू का हलवा बनकर तैयार हो जाएगा और इसे सर्विंग डिश में निकालकर उसमें बादाम, किशमिश और नारियल से गॉर्निश करें।

# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल, फोटो देख यूजर्स ने की तारीफ



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। सामंथा ने इस बीच बेहतरीन साड़ी पहनी हुई थी। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं। सामंथा के फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे होने पर उन्हें %एमसीआर ग्रुप ऑफ कंपनीज% की तरफ से सम्मानित किया गया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि %15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया। सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार %सिटाडेल हनी बनी% में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म %ये माया चेसावे% से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला। उन्हें साल 2012 में %नीथाने एन पोनवसंथम% तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके साथ इसी साल में उन्हें तेलुगू फिल्म %ईगा% में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं। उन्होंने अत्तरीनतिकी दरेदी (2013), कत्थी (2024), थेरी (2016), 24 (2016), मेरसल (2017) साल 2012 में सामंथा हिंदी फिल्म %एक दीवाना था% में नजर आई। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि %15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया। सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार सिटाडेल हनी बनी में नजर आई थीं।

# आगे खिसकी त्रिविक्रम के साथ अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म

अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी फिल्म %पुष्पा 2% की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। सुकुमार निर्देशित इस फिल्म ने अल्लू अर्जुन की लोकप्रियता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया है और प्रशंसक उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन चौथी बार त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ पौराणिक एक्शन ड्रामा पर काम करने के लिए तैयार हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन तेज गति से चल रहा था, लेकिन अब इस फिल्म में देरी की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अर्जुन निर्देशक त्रिविक्रम की फिल्म फिल्म में भगवान कार्तिकेय का किरदार निभाएंगे। हालांकि, ताजा अपडेट के अनुसार फिल्म में रुकावट आ गई है। बताया गया है कि फिल्म के प्री-प्रोडक्शन में बहुत ज्यादा काम करना होगा, जिसकी वजह से देरी हो सकती है। ऐसे में फिल्म को स्थगित कर दिया गया है और अब यह 2026 में फ्लोर पर आएगी।

इस बीच, अल्लू अर्जुन ने कथित तौर पर एटली की अगली फिल्म को हरी झंडी दे दी है, जिसकी शूटिंग जून 2025 में शुरू होने वाली है। यह अल्लू अर्जुन और एटली के बीच पहला सहयोग है। हालांकि, निर्देशक और अभिनेता दोनों के फीस के संबंध में चल रही बातचीत के कारण इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। इन रुकावटों के बावजूद, एटली की फिल्म पुष्पा 2 के बाद अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म होने की पुष्टि हो गई है। शाहरुख खान के साथ



ब्लॉकबस्टर फिल्म %जवान% देने वाले एटली को अपनी अगली फिल्म तय करने में काफी समय लगा। उन्होंने सलमान खान को भी एक फिल्म का प्रस्ताव दिया था, लेकिन वह फिल्म सफल नहीं हो सकी। रिपोर्टों के अनुसार, प्रोडक्शन दिग्गज सन पिक्चर्स इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण करेगी। इसने पहले एंथिरन, रायन और जेलर जैसी बड़े बजट की फिल्मों को निर्मित किया है। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि सन पिक्चर्स अर्जुन-एटली फिल्म के लिए संगीत तैयार करने के लिए साई अभ्यंकर को चुन रहा है। अभ्यंकर फिलहाल आरजे बालाजी निर्देशित सूर्या 45 के लिए संगीत तैयार करने में व्यस्त हैं।

# बच्चों के साथ मिलकर सोहा ने किया ये काम, वीडियो देख यूजर कर रहे तारीफ

बॉलीवुड के कई अभिनेता और अभिनेत्रियां सामाजिक कामों में हिस्सा लेते हैं। इसमें अभिनेत्री सोहा अली खान भी शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई के बांद्रा में एक सफाई अभियान में हिस्सा लिया है। उन्होंने इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि लोग अपने आस-पास साफ-सफाई रखें। सोहा अली खान अपने इंस्टाग्राम से एक वीडियो शेयर की है, उसमें देखा जा सकता है कि कई लोग कचरे से भरी एक गंदी जगह की साफ-सफाई कर रहे हैं। वह यहां से कचरा उठाकर बोरी में भर रहे हैं। इस वीडियो में बच्चे भी सफाई करते हुए नजर आ रहे हैं। सोहा ने पोस्ट के साथ लिखा है कि %कई सालों से कार्टर रोड पर कचरा फेंका जा रहा था। समुद्र किनारे प्लास्टिक, टिन केन और खराब खाना फेंका जा रहा था। ये देखने में अजीब है और दम घोंटने वाला है। सोहा ने पोस्ट में आगे लिखा कि %अगर आप समुदाय की फिक्र करते हैं और समाज में बदलाव चाहते हैं, तो आपको %कार्टर क्लीन अप% के साथ मिलकर सफाई कर सकते हैं। सफाई अभियान में व्योमी और



आइशा शामिल हुई जो सिर्फ सात साल की हैं।% सोही की इस पोस्ट को कई लोगों ने लाइक किया है। सोहा की इस पोस्ट पर कई लोगों ने कमेंट भी किया है। एक यूजर ने लिखा है कि %साफ सफाइ करने की सबकी जिम्मेदारी होती है।% एक दूसरे यूजर ने लिखा है कि %अगली बार मुझे भी कॉल करना, मैं भी आउंगी।% एक और यूजर ने लिखा है कि %सोहा बहुत अच्छी है, वह अपने बच्चों को अच्छी चीजें सिखा रही है। सोहा अली खान के काम की बात करें तो वह %साहब बीवी और गैंग्स्टर 3%, %गो गोआ गोन% और %तुम मिले% जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। सोहा अली खान बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सैफ अली खान की बहन हैं। वह अभिनेता कुणाल खेमू की पत्नी भी हैं।

# आर माधवन ने इंस्टाग्राम पर युवा लड़कियों से चैट करने की खबरों पर तोड़ी चुप्पी



आर माधवन फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए मशहूर हैं। अब उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर फैली गलतफहमियों को दूर किया, जिसमें कुछ लोगों का मानना था कि वह युवा लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। अभिनेता इन अफवाहों का खंडन करने और स्थिति को साफ करने के लिए आगे आए और इस मामले में अपनी बात सामने रखी।

चेन्नई में एक एप के लॉन्च के दौरान आर माधवन ने सोशल मीडिया पर अपने साथ होने वाली बेवजह जांच के बारे में बात की। वह इस एप में निवेशक के तौर पर शामिल हुए हैं। उनके भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए माधवन ने एक उदाहरण साझा किया और कहा, %एक युवा लड़की ने मुझे संदेश भेजा, %मैंने यह फिल्म देखी। मुझे यह बहुत पसंद आई। मुझे लगा कि आप एक शानदार अभिनेता हैं, बहुत बढ़िया। आपने मुझे प्रेरित किया%। इसके साथ ही उन्होंने दिल, किस और लव इमोजी भेजे। आर माधवन ने आगे कहा कि अब, जब कोई प्रशंसक मुझसे इतने विस्तार और प्यार से बात करता है तो मैं जवाब देने के लिए मजबूर महसूस करता हूं। मैं आमतौर पर जवाब देता हूं और मैंने ऐसा ही किया। मैंने उन्हें जवाब दिया और लिखा, %बहुत-बहुत धन्यवाद, आप बहुत दयालु हैं। भगवान आपका भला करे।% हालांकि, लड़की ने तब मेरे रिप्लाई का स्क्रीनशॉट लिया और इसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। अब लोग क्या देखते हैं? दिल, चुंबन और प्यार भरी बातें और मैडी ने इसका जवाब दिया है। मेरा इरादा उस पर जवाब देने का नहीं था। मेरा इरादा उसके संदेश का जवाब देने का था, लेकिन यह एक छोटी सी बात है, आप केवल उस प्रतीक को देखते हैं और कहते हैं %ओह मैडी छोटी लड़कियों से बात कर रहा है%। अगर मुझे यही डर है और मुझे हर बार सोशल मीडिया पर संदेश डालते समय इधर-उधर भागना पड़ता है तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर मुझे मेरे अनुभव के साथ इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो किसी दूसरे व्यक्ति को कितनी समस्या होगी?

## टाइगर को जन्मदिन का तोहफा 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज

आज बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने 'बागी 4' फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें टाइगर फुल एक्शन और थ्रिलर लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म %बागी 4% का नया पोस्टर आज रिलीज कर दिया गया है। इस पोस्टर को टाइगर श्रॉफ के जन्मदिन के दिन जारी किया गया है, जो उनके फैंस के लिए भी एक तोहफा है। रिलीज हुए पोस्टर में टाइगर थ्रिलर लुक में नजर आ रहे हैं और उनके चेहरे से खून निकलता दिखाई दे रहा है। फिल्म के नए पोस्टर को नाडियाडवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। बर्थडे बॉय टाइगर श्रॉफ ने फिल्म के नए पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। एक्टर ने इसके कैप्शन में लिखा कि जिस फ्रैंचाइजी ने उन्हें पहचान दी और उन्होंने ही उनको एक एक्शन हीरो के तौर पर साबित करने का मौका दिया। अब वही उनकी पहचान बदलकर दर्शकों के सामने नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उम्मीद है आठ साल पहले जैसे दर्शकों ने प्यार दिया था, वैसे इस फिल्म को भी स्वीकार करेंगे।

# इसलिए शाहिद को नहीं मिली थी एनिमल, निर्देशक संदीप ने एक्टर की जमकर की तारीफ



फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डु वांगा ने अपनी फिल्म %एनिमल% के बारे में बताया है कि उन्होंने इस फिल्म में शाहिद कपूर के बजाए रणबीर कपूर को क्यों लिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि शाहिद ने %कबीर सिंह% में बेहतरीन प्रदर्शन किया था लेकिन वह एनिमल के लिए रणबीर के साथ अलग काम करना चाहते थे। गेम चेंजर्स के साथ बातचीत में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि शाहिद का नाम उनके पास नहीं आया। क्योंकि %एनिमल% एक भावनात्म कहानी थी इसलिए उनके दिमाग में रणबीर कपूर का नाम आया। इसी इंटरव्यू में संदीप रेड्डी ने %कबीर सिंह% में बेहतरीन काम करने के लिए उनकी तारीफ की। उन्होंने बताया कि उनके साथ काम करने पर उन्हें तजुर्बा मिला।

उन्होंने कहा कि %शाहिद रीमेक में काम करने के लिए बहुत इच्छुक थे। चूंकि कबीर सिंह एक रीमेक फिल्म थी, इसलिए इस पर कम चर्चा हुई। संदीप ने शाहिद के बारे में बताया कि वह एक मौलिक अभिनेता हैं इसलिए उन्हें रीमेक फिल्मों में काम नहीं करना चाहिए। शाहिद के साथ काम करने को लेकर संदीप ने कहा, %हमने एक सीन को 90 मिनट में पूरा कर लिया जो स्क्रिप्ट में नहीं था और हमने इसे शूट करने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन जब लाइट शिफ्ट हुई, तो शाहिद से मैंने पूछा कि इसमें कितना वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि एक घंटा, तो मैंने कहा, %शाहिद, एक घंटा क्यों बर्बाद कर रहे हो? चलो इसे शूट करते हैं।% इसके बाद शाहिद ने इसे बिना वक्त गंवाए शूट कर दिया। तभी मुझे एहसास हुआ कि शाहिद जैसे अभिनेता को रीमेक नहीं करना चाहिए- वह मौलिक अभिनेता हैं। मैंने उन्हें कई बार यह बात बताई। कबीर सिंह विजय देवरकोंडा और शालिनी पांडे की तेलुगु ब्लॉकबस्टर अर्जुन रेड्डी की हिंदी रीमेक थी। 2019 की कबीर सिंह में शाहिद कपूर ने कियारा आडवाणी के साथ सह-अभिनय किया। संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म %एनिमल% का भी निर्देशन किया है। यह फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणबीर कपूर अहम किरदार में थे। इसमें अनिल कपूर, बॉबी देओल रश्मिका मंदाना और तृप्ती डिमरी हैं। उन्होंने कहा कि %शाहिद रीमेक में काम करने के लिए बहुत इच्छुक थे। चूंकि कबीर सिंह एक रीमेक फिल्म थी, इसलिए इस पर कम चर्चा हुई। संदीप ने शाहिद के बारे में बताया कि वह एक मौलिक अभिनेता हैं इसलिए उन्हें रीमेक फिल्मों में काम नहीं करना चाहिए। शाहिद के साथ काम करने को लेकर संदीप ने कहा, %हमने एक सीन को 90 मिनट में पूरा कर लिया जो स्क्रिप्ट में नहीं था और हमने इसे शूट करने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन जब लाइट शिफ्ट हुई, तो शाहिद से मैंने पूछा कि इसमें कितना वक्त लगेगा।




## अवनीत ने दुबई में खाई पानी पुरी, कहा- दिल है हिंदुस्तानी

## फिल्मों में आने से पहले वेटर थे 'जेम्स बॉन्ड'

जेम्स बॉन्ड के नाम से मशहूर अभिनेता डेनियल क्रेग आज अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं। डेनिल क्रेग पिछले तीन दशक से इंड्स्ट्री का हिस्सा हैं और उन्होंने सबसे लंबे समय तक जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाया है। डेनियल 15 साल से बॉन्ड के किरदार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। जेम्स बॉन्ड की एडवेंचरस लाइफ से तो आप सभी वाकिफ होंगे, लेकिन क्या आप अभिनेता की पर्सनल लाइफ के बारे में जानते हैं? क्या आपको पता है कि उन्होंने अब बॉन्ड सीरीज की कितनी फिल्में की हैं और उन फिल्मों ने कितने का कारोबार किया है? डेनियल क्रेग का जन्म 2 मार्च 1968 को इंग्लैंड के चेस्टर में हुआ। पहले उनके पिता एक स्टील वर्कर थे। बाद वह एक पब के मालिक बन गए। अभिनेता की मां एक आर्ट टीचर थीं। अपनी मां से प्रेरित होने के बाद ही उनके अंदर अभिनय का बीज फूटा और कला के क्षेत्र में रुचि बढ़ी। अपने पैशन को फॉलो करने के लिए अभिनेता ने नेशनल यूथ थिएटर में हिस्सा लिया।

# फिर दिखेगी राजकुमार-कृति की प्रेम कहानी

## फिल्म शादी में जरूर आना 7 मार्च को महिला दिवस पर री-रिलीज होगी

बॉलीवुड में फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का चलन जोर पकड़ रहा है और दीपक मुकुट की सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट इस ट्रेंड में अपनी फिल्में जोड़ रहे हैं। सनम तेरी कसम (2016) की सफल री-रिलीज के बाद दीपक मुकुट अब 2017 में रिलीज हुई फिल्म %शादी में जरूर आना% को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजकुमार राव और कृति खरबंदा की फिल्म %शादी में जरूर आना% 7 मार्च को महिला दिवस पर री-रिलीज होगी। राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी री-रिलीज पर खुशी जाहिर की है। मूल रिलीज के समय यह फिल्म %फ्लॉप% साबित हुई थी। हालांकि, कुछ वर्षों के दौरान इस फिल्म ने अपनी कहानी से कई दर्शक जुटाए। इस फिल्म का बजट 13 करोड़ रुपये था। सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के दौरान इस फिल्म ने 11.14 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, अब री-रिलीज के बाद फिल्म की कमाई में उछाल आने की उम्मीद है। पहले 7 मार्च को जॉन अब्राहम की %द डिप्लोमैट% रिलीज होने वाली थी, लेकिन उसे एक हफ्ते के लिए आगे खिसका दिया गया, जो अब 14 मार्च को रिलीज होगी। ऐसे में 7 मार्च को कोई बड़ी रिलीज




नहीं है, जिसका फायदा %शादी में जरूर आना% की री-रिलीज को मिल सकता है। फिल्म का निर्देशन रत्ना सिन्हा ने किया और इसका निर्माण विनोद बच्चन के सौंदर्या प्रोडक्शंस के तहत किया गया। शादी में जरूर आना आरती (कृति द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जो सत्तू (राजकुमार द्वारा अभिनीत) के साथ अरेंज मैरिज करने के लिए तैयार होती है, लेकिन शादी के दिन भाग जाती है।

# पांचवीं बार फोर्ब्स की लिस्ट में सबसे ज्यादा कमाने वाले एक्टर बने ड्वेन जॉनसन

फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता ने पहली बार 2016 में 64.5 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फिर लगातार तीन वर्षों, 2019, 2020 और 2021 में टॉप पर बने रहे। अभिनेता ने पिछले साल अपनी फिल्मों से काफी ज्यादा कमाई की। इस मामले में वह रयान




रेनॉल्ड्स और जेरी सीनफील्ड जैसे मशहूर सितारों से भी आगे निकल गए हैं। कथित तौर पर अभिनेता ने पिछले साल %रेड वन%, %मोआना 2% और अन्य फिल्मों के जरिए लगभग 88 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस सूची में दूसरे नंबर पर रयान रेनॉल्ड्स ने 85 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ रहे। केविन हार्ट ने 81 मिलियन डॉलर और जेरी सीनफील्ड ने 60 मिलियन डॉलर के साथ टॉप 4 स्थान हासिल किया। ड्वेन जॉनसन को आखिरी बार 'रेड वन' और 'मोआना 2' में देखा गया था। अभिनेता की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह 'ए24' में नजर आएंगे। इसके अलावा वह मार्टिन स्कॉर्सेसी की फिल्म, 'द स्मैशिंग मशीन' में लियोनार्डो डिकैप्रियो और एमिली ब्लंट के साथ भी अभिनय करेंगे।

# डीएम ने विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, सहकारिता विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि समाज कल्याण विभाग के लेखाकार कमलेश कुमार, स0 क0 अजीत कुमार और अर्जुन सोनकर, ग्रा0 विकास अधिकारी ज्ञानचन्द अनुपस्थित मिले। सहकारिता विभाग के ग0से0 अजय कुमार सिंह, जिला प्रबंधक/सहकारी पर्यवेक्षक पीसीयू बाल केशव पटेल और कम्प्यूटर आपरेटर सुषमा पाल अनुपस्थित मिली जिस पर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सहायक पटलों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कमचारियों के टेबल पर नेम प्लेट नही लगाया गया है, जिस पर उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में कर्मचारियों के पटल पर नेम प्लेट लगवाना सुनिश्चित किया जाए। समाज कल्याण विभाग के स्तर पर लगभग कुल 2204 पेंशन के आवेदन स्वीकृत करने हेतु लम्बित पाये गये जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समाज कल्याण अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने और लम्बित पेंशन को 48 घण्टे के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी से लम्बित पेंशन आवेदन पत्रों के सन्दर्भ में जानकारी ली गयी। जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में साफ-सफाई पाये जाने पर संतोष जाहिर किया गया। आज जनसुनवाई के दौरान एक वृद्ध महिला के द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत की गयी थी कि उनका पेंशन नही आ रहा है, जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा कार्यालय समाज कल्याण अधिकारी का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान पाया कि उक्त वृद्ध महिला को पेंशन लगातार प्राप्त हो रही है। वृद्ध महिला को उनके पेंशन के सन्दर्भ में जानकारी देते हुए संतुष्ट किया गया।

## माफिया अशरफ के साले सद्दाम की रील वायरल

**प्रयागराज।** माफिया अतीक, अशरफ की हत्या के बाद भी करीबी और गैंग मेबर लगातार चर्चा में रहते हैं। अब अशरफ के साले सद्दाम की एक रील सोशल मीडिया पर वायरल है। सद्दाम यूं तो बरेली का रहने वाला है लेकिन इन दिनों वह बदायूं जेल में बंद है। जेल से पेशी के दौरान सद्दाम की यह रील बनाई गई। इसमें सद्दाम के वीडियो के साथ गाना लगाया गया है। इसमें .. यूपी में घर बैठे मर्डर करा देंगे... गाना लगाया गया है। कहा जा रहा है कि सद्दाम को जब जेल से पेशी के लिए ले जाया गया तब यह रील बनाई गई। वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया है। वीडियो के बैकग्राउंड में धमकी भरा गाना भी लगाया गया है जो चर्चा में है। इस गाने का बोल ÷यूपी में घर बैठे मर्डर करा देंगे है। यह 14 सेकंड का वीडियो एक इंस्टाग्राम पर भी अपलोड किया गया है। वीडियो की शुरुआत में सद्दाम प्रिजन वन में बैठा नजर आता है। कुछ सेकेंड बाद वह कोर्ट में किसी कागज पर हस्ताक्षर करते और फिर पुलिस सुरक्षा में जाते दिखाई पड़ता है। माना जा रहा है कि खौफ बरकरार रखने के मकसद से इसे अपलोड किया गया है।

# विश्व जल दिवस पर मौरंग खदान संचालक केन की अस्मिता कर रहे है तार तार

**मडौली खदान संचालक द्वारा बंधक बना दी गयी है केन नदी, अवैध खनन के चक्कर मे पूरी नदी खोद डाली**

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** जहां एक ओर पूरा बाँदा , बाँदा महोत्सव मना रहा है वहीं बाँदा की पहचान बताने वाली केन अपनी असतित्व को बचाने की नाकाम कोशिश कर रही है।जनपद के खनिज अधिकारी के विशेष कृपापात्र बनने की होड मे लगे है सभी मौरंग खंड संचालक और इसके चक्कर मे मौरंग का अवैध खनन जोर शोर से चल रहा है , मीडिया मे भी जब खनन की खबरें बढ जाती है तो मात्र दिखावे के लिये ही अवैध खनन के लिये भारी भरकम जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है , ऐसे मे सोचने वाली बात तो ये है कि यदि जुर्माना लग रहा है तो कहीं ना कहीं से राजस्व की चोरी भी हो रही होगी , अब वो चाहे अवैध खनन से हो या अवैध मौरंग परिवहन से हो। यहां ये भी सच है कि जब भी खदान पर जुर्माना होता है तो बाकायदा उसका कारण लिखते है कि अमुक खदान की अमुक गाटा संख्या मे इतने हेक्टेयर मे इतने घन मीटर अवैध खनन किये जाने पर इतना जुर्माना लगाया गया है , अब जब अवैध खनन हुआ है तो जुर्माना तो भरना ही पडेगा परंतु शायद ही किसी खंड संचालक ने जुर्माना भरा होगा परंतु फिर भी उस खदान पर खनिज विभाग द्वारा कोई कार्यवाही ना करना स्पष्ट बताता है कि खदान संचालक और खनिज अधिकारी के रिश्ते कैसे हैं। मडौली खदान जनपद की सबसे बडी मौरंग खदानों मे से है और जुर्माना भरे बिना ओवरलोड और अवैध परिवहन लगातार जारी है , जब भी प्रशासन की सख्ती बढ जाती है तो ट्रको का आवागमन दिनभर शांत रहता है और रात के अंधेरे मे बिना राजस्व दिये ट्रको को हमीरपुर की ओर निकाल दिया जाता है , जबकि ग्रामीणो की माने तो खंड मे मौरंग कम होने और पत्थर अधिक होने के कारण खंड संचालक अपने सशस्त्र साथियों के साथ ग्रामीणो के खेतो से भी मौरंग खनन करने से नही चूक रहे हैं , अब देखना है कि खनिज विभाग फिर कोई जुर्माना लगाकर अपना पल्ला झाड लेगा अथवा कडी कार्यवाही करके सभी खंड संचालको को अवैध खनन से रोकेगा।

## जी डी ग्लोबल स्कूल के बच्चो ने किया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

**आजमगढ़।** करतालपुर बाईपास स्थित जी डी ग्लोबल स्कूल मे बैगलेस एक्टिविटी के अंतर्गत विश्व जल दिवस के अवसर पर जी डी ग्लोबल के विद्यार्थियों द्वारा 'सेव वाटर सेव लाइफ' संदेश को प्रसारित करने हेतु विद्यालय से चंद्रमा ऋषि आश्रम तक साइकिल रैली निकाली गईं जिसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित करना। विद्यालय निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक गौरव अग्रवाल कार्यकारी निदेशक श्रीश अग्रवाल और प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विद्यालय कैंपस से साइकिल रैली का शुभारंभ किया इस रैली का समापन स्थल चंद्रमा ऋषि की तपोस्थली थी। वहां तमसा और सिलनी नदी का पवित्र संगम है । उक्त स्थल पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि जल ब्रह्माण्ड का अनमोल तत्व है इसके बिना जीवन संभव नहीं है अतरू संरक्षित करना हर मानव का कर्तव्य है। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपाली ने बताया कि इस प्रकार क्रियात्मक गतिविधि से बच्चों में प्राकृतिक तत्वों के प्रति लगाव उत्पन्न होता है और वे उसके महत्त्व को समझते हुए उसके संरक्षण हेतु दृढ़ संकल्पित होते है।

# ग्लेशियर के संरक्षण की आवश्यकता : प्रो. केएस पांडेय

**अवधनामा संवाददाता**

**विश्व जल दिवस के अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय में संगोष्ठी**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन भारत सरकार के मिशन लाइफ के तत्वावधान में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी प्रो. के .एस. पाण्डेय ने जल के महत्व को रेखांकित करते हुये कहा कि वर्ष 2025, ग्लेशियरों के संरक्षण और उनके सतत प्रबंधन पर केंद्रित है। उन्होंने भारत की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि भारत में जल संसाधनों की स्थिति में बहुत ही असमानता है जिसमें देश के 36 प्रतिशत क्षेत्रफल में 71 प्रतिशत जल संसाधन सिमटे हुए हैं, जबकि शेष 64 प्रतिशत क्षेत्र में केवल 29 प्रतिशत ही उपलब्ध है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो.रामनारायण ने पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने ग्लेशियर संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयास करने पर बल दिया और बताया कि ग्लेशियर के संरक्षण के लिए हमें कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की जरूरत है। इस अवसर पर सूक्ष्मजीविकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस पी तिवारी ने कहा कि वर्षा जल संरक्षण से भूजल स्तर को बढ़ाया जाय पानी का पुनः उपयोग किया जाय। इस अवसर पर जैव रसायन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि विश्व जल दिवस 2025 पर हमें ग्लेशियर संरक्षण के साथ साथ जल संसाधनों के सतत प्रबंधन और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहिए, ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित जल सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मिशन लाइफ के नोडल अधिकारी पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभय कुमार गुप्ता, डॉ ईशानी, डॉ सिपाही लाल, डॉ दिनेश कुमार, डॉ संजीव मौर्य डॉ.अवधेश मौर्य, डॉ. प्रतिमा डॉ श्वेता शोध छात्र चंद्र भूषण आदि मौजूद रहे।

## राज्य सूचना आयुक्त ने विधायक के भाई के निधन पर जताया गहरा शोक

**जौनपुर(खेतासराय)** विधायक शाहगंज के छोटे भाई तथा पूर्व सांसद प्रतापगढ़ कुंवर हरिवंश सिंह के पुत्र दुर्गेश सिंह के गत दिनों मुंबई में हुए असामयिक निधन पर शुक्रवार देर शाम तक व शनिवार को उनके पैतृक आवास बस्ती बंदगान पहुंचकर जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों समेत विशिष्टजनों का सिलसिला जारी है। राजयसूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने स्वजनों को ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि देते हुए उनकी दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी, कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, राकेश प्रताप सिंह विधायक गौरीगंज अमेठी, वीर विक्रम सिंह विधायक शाहजहांपुर, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, पूर्व सांसद लालगंज नीलम सोनकर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (ब्रज प्रदेश) के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह, राज्य महिला आयोग सदस्य गीता बिंद, राघवेंद्र सिंह प्रबंधक टी डी कालेज जौनपुर, डॉ रणजीत कुमार पांडेय प्राचार्य जी एस पीजी कालेज समोधपुर, भाजपा नेत्री अनिता रावत, डॉ अंजना सिंह आदि प्रमुख रहे।

# आबकारी विभाग मानक विहीन काम कर रहा है : शालिनी सिंह पटेल



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिले में अवैध शराब की बिक्री और नियमों के खिलाफ संचालित शराब की दुकानों को बंद कराने की मांग तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बांदा को सौंपा। इस ज्ञापन में जिले में संचालित 500 से अधिक अवैध शराब बिक्री केंद्रों को बंद कराने, आबकारी विभाग , बांदा की संलिप्तता की जांच कराने और बिहार की तर्ज पर शराबबंदी लागू करने की मांग की गई है। अवैध शराब की बिक्री से बढ़ रही अपराध और सामाजिक बुराइयां,ज्ञापन में बताया गया कि बांदा जनपद में अवैध शराब बिक्री जोरों पर है। गांवों और कस्बों में नियमों को दरकिनार कर शराब की दुकानें चलाई जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता ने कहा,अवैध शराब की बिक्री के कारण युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। घरेलू हिंसा, अपराध और सड़क हादसों में भी वृद्धि हो रही है। प्रशासन इसे रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। आबकारी विभाग की मिलीभगत का आरोप,जेडीयू के नेताओं ने लगाया कि जिले में शराब माफियाओं को आबकारी विभाग का संरक्षण प्राप्त है।अगर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करे, तो अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है। लेकिन आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह धंधा फल-फूल रहा है, सविता ने कहा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई शराब की दुकानें नियमों के खिलाफ संचालित हो रही हैं। सरकारी नियमों के अनुसार, शराब की दुकानें स्कूल, धार्मिक स्थल और रिहायशी इलाकों से 100 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए, लेकिन बांदा में यह नियम कहीं भी पालन नहीं किया जा रहा। सख्त कानून और निगरानी- अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। आबकारी विभाग की जवाबदेही तय की जाए- यदि कोई अधिकारी मिलीभगत में पाया जाए, तो उस पर कार्रवाई की जाए। बिहार की तर्ज पर शराबबंदी लागू हो- इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है।

बांदा जिले में अवैध शराब बिक्री एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिससे समाज और परिवार प्रभावित हो रहे हैं। जेडीयू ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस पर कितना प्रभावी कदम उठाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कंपोजिट स्कूल के नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण



**जौनपुर (बक्सा)** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय मयंदीपुर में प्रधानाध्यापिका किरन सिंह के सेवा सम्पूर्ति सम्मान समारोह और नवनिर्मित शिक्षण कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र उपस्थित रहे वहीं प्रधानाध्यापिका किरन सिंह को अंग वस्त्र एवं भगवान श्री रामचंद्र जी का स्वरूप देकर सम्मानित किया।इस मौके पर महाराष्ट्र सरकार में पूर्व राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, खंड अधिकारी शिखा मिश्र, पूर्व आईपीएस राम मोहन सिंह, अखिलेश पाण्डेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, किरन सिंह, आशीष सिंह आशु, नरेंद्र उपाध्याय, सिद्धार्थ सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष महराजगंज, पंकज कौशिक, राजेश सिंह, आनंद प्रकाश उपाध्याय, राजकुमार पाण्डेय, महेंद्र सरोज, आदि उपस्थित रहे।

### 60 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क ट्राईसाइकिल का वितरण



**आजमगढ़।** विकास खण्ड-कोयलसा आजमगढ़ के प्रांगण में पूर्व से चिन्हित कुल 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाइकिल का वितरण मुख्य अतिथि संतोष यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कोयलसा आजमगढ़ के कर कमलों द्वारा किया गया किया गया। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा बताया गया कि जो भी दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत पात्र है, उनके आवेदन पत्रों को पूर्ण कराकर लाभान्वित किया जायेगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि दिव्यांगजनों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़े जाये ताकि वे सशक्त हो सके। कैम्प में उपस्थिति समस्त दिव्यांगजनों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। आज के वितरण कैम्प में श्री मनीष सिंह मण्डल अध्यक्ष,रूद्र प्रताप शर्मा मण्डल अध्यक्ष कोयलसा, राजू राजभर मण्डल अध्यक्ष मदियापार, सागर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कोयलसा, चन्दन, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अभिषेक कुमार, जितेन्द्र प्रजापति, ब्रजभूषण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में दो भाईयों हुई हाथापाई एक की मौत



**आजमगढ़।** बिलरियागंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंडाखोर गांव में शनिवार की सुबह करीब 10 बजे जमीन सम्बन्धी विवाद में दो सगे भाईयों और परिवार के बीच हुई हाथापाई के दौरान धक्का लगने से एक भाई जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए उसे सीएचसी बिलरियागंज ले गये, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिलरियागंज थाना अंतर्गत अंडाखोर टिकरिया गांव निवासी गोरेलाल यादव तथा अभिराम यादव आपस में सगे भाई हैं। पारिवारिक जमीन को लेकर सुबह 10 बजे दोनों भाइयों में कहा सुनी होने लगी। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। अभिराम यादव पुत्र स्वर्गीय पिल्लू यादव द्वारा अपने बड़े भाई गोरेलाल यादव उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय पिल्लू यादव को हाथापाई के दौरान धक्का दे दिया गया, जिससे गोरेलाल यादव जमीन पर गिरा और बेहोश हो गया। परिजनों द्वारा घायल को आनन-फानन में सीएचसी बिलरियागंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अंतर विभागीय समिति की प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अंतर विभागीय समिति की प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल के बीच चलाया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य सभी विभाग अपने कार्य एवं दायित्वों का दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार अनुपालन करेंगे एवं सौंपे गए गतिविधियां संपन्न करते हुए शत-प्रतिशत कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण, माइक्रो प्लानिंग दिए गए समय के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। एवं अभियान के दौरान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य हर शनिवार को अपनी उपलब्धियों की रिपोर्ट से सभी संबंधित को अवगत कराएंगे, जिससे कमियों को दूर करते हुए अभियान के तहत विगत वर्ष की भाति इस वर्ष भी अभियान को सफल बनाया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, शिक्षा विभाग, नगर निगम/शहरी विकास, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना विभाग, चिकित्सा विभाग पंचायती राज विभाग के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद के ब्लॉक स्तरीय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के जिला इकाई किया रिक्शा स्टैण्ड पर धरना प्रदर्शन

**आजमगढ़।** बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के जिला इकाई के तत्वावधान में सात सूत्रीय मांगों को लेकर नगर के रिक्शा स्टैण्ड पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व में रिक्शा स्टैंड से होते हुए कलेक्ट्रेट के बार रैली की शकल में प्रदर्शन किया गया। जहां प्रतिनिधिमंडल द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। सौंपे गये मांग पत्र में जिलाध्यक्ष त्रिभुवन बौद्ध ने बताया कि महाबोधि टेंपल एक्ट 1949 को बौद्धों ने नहीं बनाया इसलिए महाबोधि टेंपल एक्ट 1949 को रद करके इसकी जगह नया एक्ट बनाया जाए। जिसमे सभी सदस्य बौद्ध होने चाहिए। महाबोधि महाविहार यह बौद्धों की विश्व धरोहर है ऐसे में महाविहार परिसर में अन्य किसी भी धार्मिक स्थापना अनुचित है दीवार पर पांडवों का जिक्र करना अपमान है। प्रदेश संयोजक सुबाष चन्द्र बोद्ध ने कहाकि महाबोधि महाविहार मूलत बौद्धों की विश्व धरोहर है ऐसे में इस स्थल को बौद्धों का सुपुर्द किया जाए। साथ ही महंत के कोठी के सैकड़ों बुद्ध की प्रतिमाए, शिलालेख और अभिलेख पड़े है, उसे एएसआई बोधगया संग्रहालय को सुर्पुद किया जाना चाहिए। इसके अलावा महाबोधि महाविहार के आस-पास के परिसर में विधर्मी बड़े पैमाने पर लाउड स्पीकर लगाने से माहौल खराब हो रहा है, जिसका संज्ञान लेना चाहिए। महाबोधि महाविहार के पास सम्राट अशोक का महल था, जिसे फ्रांसीस बुकानन ने देखा था उसे ढूंढकर बोधगया का इतिहास उजागर किया जाए। इसके अलावा उन्होंने ईवीएम प्रणाली पर सवाल करते हुए चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की। इसके अलावा बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क ने चेतावनी दिया कि अगर शीध्र ही सात बिन्दुओं पर कार्य नहीं किया गया तो संगठन पांच चरणों में चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## स्वर्गीय राजेश शिल्पकार ठठेरा का आठवां पुण्यतिथि मनाया जाने पर विचार

**आजमगढ।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा संयुक्त रूप से कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुआ बैठक कि अध्यक्षता अवधेश ठठेरा एवं संचालन सुनिता विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने बताया कि आज कि बैठक में होने वाला अयोजित कार्यक्रम स्वर्गीय राजेश शिल्पकार ठठेरा के आठवां पुण्यतिथि एवं अजय मिश्रा वर्ग महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह मनाया जाएगा जिसका ठठेरा वर्ग नेतृत्व करेगा उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार माननीय पशुपति कुमार पारस जी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाए जाने का सभी लोगों ने समर्थन किया।

## चाइनीज मांझे से बाइक सवार की गर्दन में गहरी चोट

**प्रयागराज।** चाइनीज मांझे से एक और गंभीर हादसा सामने आया है। जार्जटाउन थाना क्षेत्र में कुंदन गेस्ट हाउस के पास बाइक से जा रहे युवक की गर्दन चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गई।

घायल युवक की पहचान धूमनगंज के प्रीतम नगर निवासी संकल्प सहाय के रूप में हुई है। वह अल्लापुर के एक निजी अस्पताल में काम करते हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब वह अपनी ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे।

संकल्प को अचानक गर्दन में जलन और दर्द महसूस हुआ। जब उन्होंने गर्दन पर हाथ लगाया तो खून निकल रहा था। इसके बाद वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तत्काल सर्जरी कर उनकी गर्दन में 51 टांके लगाए।

# अल्तमश व शिवांश बने जीत में नायक

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने डीआरएम कप अंडर - 13 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्रिकेट क्लब को एक तरफा मुकाबले में 157 रन से और दूसरे मैच में गोल्डन केसरिया ने श्री सहायक क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। दौलत हुसैन के अल्तमश की नाबाद ( 96 रन, 65 गेंद, 12 चौके व एक छक्का और 3.5 - 0 - 7 - 4 ) खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।

शनिवार को पहले मैच में श्री सहायक क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में चार विकेट पर 109 रन ( शौर्य 28, श्रेयश 22 नाबाद, वर्षीश यादव 13 रन, शिवांश केसरवानी 2/10, यश 1/22, यशराज 1/28 ) पर बनाए। जवाब में गोल्डन केसरिया क्रिकेट क्लब ने 24.1 ओवर में सात विकेट पर 110 रन ( शिवांश केसरवानी 28, निशांत सरन 21, यश 16 अविजित रन, अथवा 3/17, शौर्य 1/12, श्रेयश 1/19, वेद पांडेय 1/30 ) पर बना लिए। मैच से पहले एजीयूपी के पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी अस्करी अब्बास में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व मैच के बाद वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप सिंह ने शिवांश केसरवानी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में दो विकेट पर 245 रन ( अल्तमश 96 नाबाद, अबुब्कर 55, मो. बशर 23, मो. अली 14 अविजित रन बनाए। जवाब में हिंदुस्तान इंजीनियरिंग की पूरी टीम 21.5 ओवर में महज 88 रन ( श्रेयांश शर्मा 23, यश शर्मा व आयुष शुक्ला 10 -10 रन, अल्तमश 4/07, सौरव तिवारी 2/15, मो. अब्दुल्लाह व मो. हमजा खान 1 - 1 विकेट ) पर सिमट गई। मैच के बाद रेलवे खिलाड़ी नितिन सिब्बल व बैडमिंटन खिलाड़ी धर्मेन्द्र निषाद ने अल्तमश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

# मौला अली की शहादत पर ताबूत को कांधा देने उमड़ा स्याह सैलाब

**शहादत हज़रत अली पर विशेष**

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** पहले इमाम हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत इक्कीस रमज़ान साठ हिजरी को कूफा में हुई थी उसी की याद में तीन दिवसीय शोक दिवस के अन्तिम दिन बख़्शी बाज़ार स्थित मस्जिद क़ाज़ी साहब से अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमिया व मोमनीन की ओर से भोर में अंधेरा कर मोमबत्तियों की रौशनी में ताबूत मौला ए कायनात अमिरुल मोमेनीन निकाला गया। फजिर की अज़ान के बाद जैसे ही मौलाना जवादुल हैदर रिज़्वी ने बाजमात नमाज़ अदा कराई और दुआओं का सिलसिला खत्म हुआ वैसे ही मस्जिद के साथ आस पास की गलियों की लाईटें बन्द कर मौलाना जव्वादुल हैदर रिज़्वी ने हज़रत अली की शहादत का ज़िक्र करना शुरु किया। तो हर तरफ से आहो बुका की सदाओं के गूंजने से माहौल संजीदा सा हो गया। अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमिया के सदस्य स्टील के बड़े गहवारे में रखे ताबूत जो रेशमी व मलमल की चादर से ढंका और गुलाब व चमेली के फूलों से सजा मौला ए कायनात का ताबूत लेकर आए तो हर तरफ से स्याह सैलाब उमड़ पड़ा। कांधा देने और बोसा लेने की होड़ सी मच गई। सभी की आंखें नम और लबों पर या अली मौला हैदर मौला की सदाएं बुलन्द हो रही थी। मस्जिद से निकल कर ताबूत का जुलूस अहाता खुर्शेद हुसैन पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। वहीं दूसरा सबसे बड़ा व क़दीमी जुलूस इमामबारगाह आज़म हुसैन रानीमंडी से निकाला गया जिसमें अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी के नौहाख्वान डॉ अबरार, फ़ैज़ जाफरी, हुसैन मेंहदी, गौहर, सादिक़ आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस में शिरकत की। इमामबाड़ा आबिदया से मिर्ज़ा काज़िम अली,हसन नक़वी, इशत आब्दी, शेरु भाई की क़यादत में ताबूत अलम व ज़ुलजनाह का जुलूस निकाला गया। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार रानीमंडी से निकाले गए दोनों जुलूस बच्चा जी धर्मशाला ,चड्ढा रोड, कोतवाली, नखास कोहना, खुल्दाबाद, हिम्मतगंज होते हुए चकिया करबला तक गए। रास्ते भर अक़ीदतमन्दों ने ताबूत अलम व ज़ुलजनाह पर अक़ीदत के फूल चढ़ा कर मन्नत व मुरादें मांगी। बख्शी बाज़ार रानी मण्डी के मातमी जुलूस में बड़ी संख्या में शहर के साथ साथ आस पास के ग्रामीण इलाकों ,कस्बों से भी हज़ारों लोग ज़ियारत को पहुचे।

# बैंक कर्ज 11 फीसदी बढ़ा, जमा में 10% उछाल अब महिंद्रा के वाहन भी तीन फीसदी तक होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** बैंकों का कर्ज 7 मार्च को समाप्त पखवाड़े तक सालाना आधार पर 11.1 फीसदी की वृद्धि के साथ?225.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इस अवधि तक बैंकों में



जमा राशि 10.2 फीसदी बढ़कर 181.28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मूल्य के लिहाज से देखों तो 7 मार्च को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज 1.38 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है, जबकि जमा राशि में 2.25 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई?है।? बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि नकदी की कमी और जमा राशि जुटाने के दबाव के कारण बैंक आक्रामक तरीके से कर्ज देने से बच रहे हैं। निजी क्षेत्र के कई?बड़े बैंक अपने कर्ज-जमा अनुपात को घटाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस कारण?पिछले कुछ?महीनों में कर्ज वृद्धि की रफ्तार घटी है।?हालांकि, आरबीआई के तरलता कवरेज अनुपात ढांचा और एनबीएफसी पर बढ़े जोखिम भार को वापस लेने जैसे कदमों से आने वाले महीनों में बैंकों के कर्ज बांटने की रफ्तार बढ़ सकती है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा भी अप्रैल से एसयूवी व वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा, बढ़ती उत्पादन लागत और जिंसों की कीमतों में वृद्धि से यह फैसला लिया गया है। मारुति समेत कई कंपनियां भी दाम बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

बाजार नियामक सेबी ने पिछले साल 'फिन-इन्फ्लुएंसर' ढांचे के लागू होने के बाद से सोशल मीडिया मंचों से 70,000 भ्रामक खाते और पोस्ट हटाए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा, अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक खतरा हैं, जो निवेश में लोगों की बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं। ऐसे सलाहकारों से लोगों को बचाने के प्रयासों के तहत अक्तूबर, 2024 से अब तक सेबी ने 70,000 से अधिक भ्रामक खातों और पोस्ट को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम किया है। पंजीकृत निवेश सलाहकारों के कार्यक्रम में अनंत नारायण ने बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने में सलाहकारों की मदद मांगी। साथ ही, सेबी पंजीकृत संस्थाओं की पहचान में मदद के लिए यूपीआई 'पेराइट' खाते और इस दिशा में नियामक के प्रयासों के रूप में वैकल्पिक केंद्रीकृत शुल्क संग्रह तंत्र का उल्लेख किया। एजेंसी


विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की निकासी पर पूर्णकालिक सदस्य ने कहा, कुल मिलाकर निवेश प्रवाह उतना बुरा नहीं है, जितना सोचा गया था। लेकिन, हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत को विदेशी बचत की जरूरत है। उन्होंने कहा, फरवरी, 2025 तक एफपीआई के पास भारतीय शेयर बाजार में 62 लाख करोड़ रुपये की हिस्सेदारी है।पिछले पांच वर्षों में शेयर और ऋण में 54 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है, जो उससे पहले के पांच वर्षों के 19 अरब डॉलर से बहुत अधिक है।

बाल अधिकार गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत के अगरबत्ती निर्माण उद्योग में बाल श्रम में कम उम्र के श्रमिकों के रोजगार में उल्लेखनीय गिरावट आई है। बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में किए गए इस शोध में इस क्षेत्र से बाल श्रम के उन्मूलन में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया। हालांकि, अनियमित परिस्थितियों में घर-आधारित काम में लगे बच्चों के बारे में चिंताएँ भी जताई गईं।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस द्वारा कई गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से किए गए अध्ययन से पता चला कि 82 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने इलाकों में कोई बाल श्रम नहीं देखा।

## एलन मस्क ने टेस्ला की प्रतिष्ठा नष्ट कर दी, कंपनी के निवेशक ने की नया सीईओ चुनने की मांग

**नई दिल्ली।** टेस्ला में लंबे समय से निवेश कर रहे रॉस गेरबर ने सार्वजनिक रूप से एलन मस्क से सीईओ के पद से इस्तीफा देने की मांग की है। गेरबल का तर्क है कि विशेष रूप से व्हाइट हाउस में ट्रंप की भूमिका के कारण उनका ध्यान बंट रहा है, जो कंपनी को संकट की ओर ले जा रहा है। गेरबर कावासाकी वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ गेरबर ने स्काई न्यूज से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे (मस्क) सरकार में अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यहीं वह अपना समय बिता रहे हैं। वह टेस्ला नहीं चला रहे हैं। मुझे लगता है कि टेस्ला को एक नए सीईओ की जरूरत है। व्यवसाय को बहुत लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है।



एक दशक से ज्यादा समय से गेरबर कावासाकी ने मस्क के नेतृत्व में टेस्ला में निवेश किया है। टेस्ला के सबसे बड़े शेयरधारकों में से न होने के बावजूद- फरवरी 2025 तक उनके पास कंपनी के 262,352 शेयर हैं। उनका फर्म 2023 से लगातार टेस्ला में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही है। कंपनी के बोर्ड में बदलाव के मुखर समर्थक रॉस गेरबर ने मस्क की आलोचना करना शुरू कर दिया है। मस्क के व्हाइट हाउस की गतिविधियों में शामिल होने के बाद उनका विरोध और बढ़ गया है।

उन्होंने आउटलेट से कहा, टेस्ला बहुत सारे महत्वपूर्ण काम कर रहा है, इसलिए या तो एलन को टेस्ला में वापस आ जाना चाहिए और टेस्ला का सीईओ बन जाना चाहिए और अपनी अन्य व्यस्तताएं छोड़ देनी चाहिए या फिर उन्हें सरकार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और वह काम करते रहना चाहिए जो वह कर रहे हैं, लेकिन टेस्ला के लिए एक उपयुक्त सीईओ ढूंढना चाहिए।

टेस्ला के शेयरों में गिरावट जारी है। पिछले पांच दिनों में शेयरों पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। दिसंबर के शिखर से कंपनी के शेयर 50 प्रतिशत से ज्यादा टूट चुके हैं। ऐसे में, गेरबर का कहना है कि नेतृत्व परिवर्तन आवश्यक है।

उन्होंने आगे तर्क दिया कि ट्विटर (अब एक्स) के साथ मस्क की भागीदारी के समय से उनका ध्यान भटक गया है और टेस्ला को इससे एक नकारात्मक प्रचार मिला है। उन्होंने कहा, कंपनी की प्रतिष्ठा एलन मस्क ने नष्ट कर दी है। बिक्री घट रही है, इसलिए हां, यह एक संकट का समय है। आप सचमुच बाजार में सबसे अच्छा उत्पाद नहीं बेच सकते क्योंकि सीईओ का ध्यान भटका हुआ है।

# एशियन पेंट्स के कलरनेक्स्ट 2025 ने कलर ऑफ द ईयर, कार्डिनल की घोषणा की

**लखनऊ।** भारत में रंग और डिजाइन ट्रेंड्स के अग्रणी विशेषज्ञ एशियन पेंट्स कलरनेक्स्ट ने अपने प्रतिष्ठित रंग और सामग्री बुद्धिमत्ता पूर्वानुमान के 22वें संस्करण का अनावरण किया है।

पिछले 20 से अधिक वर्षों से, एशियन पेंट्स ने संस्कृति और समाज को प्रतिबिंबित करने वाले रुझानों को बताने के लिए रंग, टेक्सचर और डिजाइन में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग किया है।

कलरनेक्स्ट, इस क्षेत्र में अपनी तरह की एकमात्र पहल है, जो वर्ष 2025 के लिए कलर ऑफ द ईयर, वॉलपेपर ऑफ द ईयर और चार प्रमुख डिजाइन ट्रेंड्स की कहानियां प्रस्तुत करता है जो आने वाले साल के लिए डिजाइन और सजावट के प्रारुप को तय करेंगे।

2025 के लिए कलर ऑफ द ईयर कार्डिनल, मानवीय भावनाओं की



गहराई और वास्तविक संबंधों की आवश्यकता को प्रदर्शित करता हैं। यह नॉस्टेल्जिया (स्मरण), माइंडफुलनेस (सचेतना) और निर्भीकता का मिश्रण है, जो आंतरिक सज्जा, फैशन और डिज़ाइन में गर्मजोशी और समृद्धि को जोड़ता है।

वर्ष 2025 के लिए वॉलपेपर ऑफ द ईयर स्प्रिंग ट्यून, प्रकृति की कोमल सुंदरता को दर्शाता है, कला और पुरानी यादों को मिलाकर एक ऐसा डिज़ाइन बनाता है जो कभी पुराना नहीं लगता।

वर्ष 2025 के चार प्रमुख डिजाइन ट्रेंड्स– फील मोर, सॉल्ट, इंडिया एवरीवेयर, और बैड टेस्ट– पुनः खोज और मौलिकता पर नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। कलरनेक्स्ट 2025 के बारे में बात करते हुए, एशियन पेंट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री अमित सिंगल ने कहा, पिछले दो दशकों से अधिक समय से, कलरनेक्स्ट भारत के विकसित हो रहे डिज़ाइन परिदृश्य को समझने में अग्रणी रहा है, जो गहन शोध और विश्लेषण के माध्यम से रंग और सामग्री नवाचार के लिए स्पष्ट दिशा प्रदान करता है।

कलरनेक्स्ट का पूर्वानुमान हमारी दुनिया को आकार देने वाले सांस्कृतिक और भावनात्मक परिवर्तनों को दर्शाता है। 2025 के लिए कलर ऑफ द ईयर कार्डिनल और चार प्रमुख डिज़ाइन ट्रेंड्स इन परिवर्तनों को उजागर करते हैं, जो डिज़ाइनरों और रचनाकारों को प्रेरित करते हैं।

एशियन पेंट्स में, हम उद्योग की अग्रणी बातचीत के नेतृत्व लिए प्रतिबद्ध हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि रंग न केवल स्थानों को बढ़ाते हैं बल्कि अनुभवों को आकार भी देते हैं और नए विचारों को प्रेरित करते हैं। एशियन पेंट्स में, हम उद्योग की चर्चाओं का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे रंग केवल स्थानों को सुंदर बनाने का माध्यम न होकर अनुभवों को आकार देने और नए विचारों को प्रेरित करने का साधन भी बने।

## रिपोर्ट का दावा- भारत दिग्गज देशों को पीछे छोड़ने की राह पर, 2034 तक खपत दोगुनी...

**नई दिल्ली।** भारत में खपत लगातार बढ़ रही है। देश की कुल जीडीपी में 56 फीसदी का योगदान देने वाला यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी वृद्धि की रफ्तार सबसे तेज है। इसके दम पर भारत जल्द ही प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दुनिया की खपत राजधानी बन जाएगा। एंजल वन और आइकॉनिक एसेट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता आधार की वजह से भारत में खपत 2034 तक बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। इसमें एकल परिवार के चलन की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी वजह से भारत में घरेलू विकास जनसंख्या वृद्धि से आगे निकल रहा है और यह बढ़ती खपत का प्रमुख चालक बनकर उभर रहा है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में टैक्स के मोर्चे पर करदाताओं को दी राहत से एक लाख करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिससे 3.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील खपत को बढ़ावा मिलेगा। इसमें भारतीय जीडीपी को एक फीसदी तक बढ़ाने की क्षमता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अगले 25 वर्षों में पिछले 25 साल की तुलना में 10 गुना अधिक बचत होने की उम्मीद है। 1996-97 से 2022-23 के बीच भारत की कुल बचत 12 लाख करोड़ डॉलर थी, जो 2027 तक करीब 10 गुना बढ़कर 103 लाख करोड़ डॉलर पहुंच जाएगी। इससे वृद्धिशील उपभोग की व्यापक संभावनाएं खुलेंगी।

खास बात है कि सरकार की नीतियों से भारत वैश्विक कार्यबल वृद्धि में भी अग्रणी बनने के लिए तैयार है।

उपभोग के मोर्चे पर अमेरिका-चीन की राह पर चलने को देश तैयार

एंजल वन एवं आइकॉनिक एसेट ने अपनी रिपोर्ट में कहा, आर्थिक और आय विस्तार के दौरान अमेरिका व चीन दोनों देशों में गैर-विवेकाधीन खर्च की तुलना में विवेकाधीन उपभोग अधिक रहा। भारत भी अब इसी राह पर चलने के लिए तैयार है।

प्रति व्यक्ति आय में मजबूत वृद्धि के दौर में अमेरिका में उपभोग खर्च में 10 गुना की वृद्धि हुई। प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के साथ भारत में भी उपभोग खर्च में ऐसी ही बढ़ोतरी देखे जाने की उम्मीद है।?

रिपोर्ट की अन्य खास बातें...

विवेकाधीन उपभोग में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, आभूषण और एसेसरीज तेजी से उभरने वाले सेगमेंट हैं।

92 फीसदी खुदरा व्यापार अब भी किराना स्टोर के जरिये होता है।

आधुनिक खुदरा व्यापार के लिए भी आगे बढ़ने और बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का एक बड़ा अवसर है।

भारत में अमेरिका की कुल आबादी से अधिक जनरेशन जेड की संख्या हैं। 2035 तक खर्च किया जाने वाला हर दूसरा रुपया जनरेशन जेड की जेब से आएगा, जिससे खपत वृद्धि को जोरदार समर्थन मिलेगा।

### देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5जी उपभोक्ता

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के मुताबिक, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है। देश में अगले तीन साल में यानी 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई।

### हीमैटोहाइड्रोसिस बीमारी का होम्योपैथी में सफल इलाज



होम्योपैथिक ट्रीटमेंट के पहले | होम्योपैथिक ट्रीटमेंट के बाद

**लखनऊ।** दुर्लभ बीमारी हीमैटोहाइड्रोसिस (खूनी पसीना) को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से ठीक किया जा सकता है। इस बीमारी में पसीने की जगह ब्लड निकलता है। इस दुर्लभबीमारी का इलाज होम्योपैथी में कम खर्च में किया जा सकता है। यह दावा होम्योपैथी विशेषज्ञ डा. ए के द्विवेदी ने पत्रकार वार्ता में किया। उनका कहना है कि उनकी इस सफलता को रिसर्च जनरल में प्रकाशित भी किया गया है। डा. ए के द्विवेदी ने बताया कि इंदौर में उनके पास 17 वर्षीय एक लड़की आयी। यह लड़की दुर्लभ बीमारी हीमैटोहाइड्रोसिस (खूनी पसीना) से पीड़ित थी। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें पसीने की जगह खून निकलता है। उन्होंने बताया कि लड़की के परिजनों ने बताया कि कई जगह एलोपैथी से इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तब डॉ. ए. के. द्विवेदी ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से लड़की का सफल इलाज किया। उन्होंने कहा कि कम खर्च में ही इस दुर्लभ बीमारी से छुटकारा दिलाने के बाद, उनकी इस सफलता को रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इसके अलावा इसी बीमारी से पीि- ड़त झारखंड के एक बच्चे ने भी दस महीने तक होम्योपैथिक चिकित्सा से इलाज कराया। अब वह पूरी तरह से ठीक है। बच्चे के पिता जीके अनुसार पिछले 6 महीनों से उसमें कोई ब्लड 6 नहीं आया है। और अब वह हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई भी सफलता से जारी रखे हुए है। पहले परिजन इस अनोखी बीमारी से घबराए हुए थे।

## गोरखपुर के सुधांशु राय की फिल्म बैदा ने सिनेमा घरों में मचाई धूम, पिशाच के रोल में खूब जचें महाभारत के श्री कृष्ण सौरभ

गोरखपुरः- इस शुक्रवार रिलीज़ हुई फिल्म बैदा सिनेमा घरों के दर्शकों को बहुत पसंद आ रही है। इस फिल्म को सबसे ज़्यादा सराहना एक अलग तरह का बॉलीवुड मनोरंजन परोसने के लिए मिल रही है। फिल्म के निर्देशक पुनीत शर्मा ने एक नयी निर्देशन शैली का प्रमाण देते हुए दर्शकों को धीरे धीरे कहानी के अंदर खींचा है, और फिर उन्हें उस मनोरंजन का आभास कराया है, जो शायद थिएटर में आने के पहले दर्शकों ने सोची नहीं होगी। वहीं इस फिल्म कहानी दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधती है, और आपको बता दें की बैदा के लीड एक्टर और लेखक गोरखपुर के सुधांशु राय हैं, जो पहले ही एक बहुत प्रसिद्ध कहानीकार हैं।

सुधांशु ने लेखक के अलावा एक एक्टर के तौर पर भी दर्शकों को शुरुआत से अंत तक बांधे रखा है। अगर फिल्म की प्रतिक्रिया की बात की जाए तो फिल्म में पिशाच का किरदार दर्शकों को काफी रोमांचित कर रहा है, जिसे सौरभ राज जैन ने निभाया है। आपको याद दिला दे की सौरभ राज जैन को इससे पहले महाभारत में श्री



कृष्ण के किरदार के लिए काफी वाह वाही मिली थी।

बैदा एक पूर्व जासूस रामबाबू की कहानी है, जिसे फिल्म के मुख्य अभिनेता और राइटर सुधांशु राय ने निभाया है। अपनी नौकरी से तंग आकर, जहां वह हर दिन अपनी जान जोखिम में डालता है, वह एक सेल्समैन बन जाता है और उसे उत्तर प्रदेश के सुदूर गांवों में भेज दिया जाता है। उसे जरा भी अंदाज नहीं है कि कोहरे और जंगलों के बीच उसका सामना एक भयावह शक्ति से होगा, जिसने समय और मौत को चुनौती दी है।

फिल्म की शुरुआत में हितेन तेजवानी का किरदार के जीवन के संघर्ष के आगे हार जाता है और इसके तुरंत बाद आधुनिक समय में एक मजेदार जीप सीक्वेंस के साथ बदल जाता है, जिसमें मुख्य नायक का परिचय होता है। और फिर शुरू होती है ऐसी कहानी जहाँ घने जंगल, कोहरे, एक गांव और पिशाच भी है। इस फिल्म के कलाकारों में तरुण खन्ना भी हैं, जो महादेव के रूप में बेहद लोकप्रिय है। इनके अलावा मनीषा राय का अहिलमा के रूप में अभिनय दर्शकों को रास आ रहा है।

निर्देशक पुनीत शर्मा और लेखक सुधांशु राय ने बैदा में टाइम ट्रेवल और पैरेलल डायमेंशन जैसे कॉन्सेप्ट्स के बीच भोजपुरी का भी पर्याप्त तड़का परोसा है, जो भोजपुरी भाषी लोगो को ज़रूर देखनी चाहिए। मोतिहारी में जन्मे एक्टर शोभित सुजय, जिनकी यह पहली बॉलीवुड फिल्म है, ने इस इंटेंस साइंस फिक्शन सुपरनैचुरल थ्रिलर में कॉमेडी का जिम्मा भरपूर संभाला है। भोजपुरी डायलॉग्स और अलग अलग इमोशंस के साथ गोलू के रूप में शोभित ने सधे हुए अभिनय का परिचय दिया है, जो दर्शकों को काफी लुभा रहा है।

बैदा का आकर्षक बैकग्राउंड स्कोर, मनोरंजक सिनेमैटोग्राफी, दमदार अभिनय और निर्देशकीय शैली फिल्म को कंप्लीट एंटरटेनमेंट पैकेज बनाती है। बैदा वास्तव में अपनी तरह की पहली साइंस-फिक्शन सुपरनैचुरल थ्रिलर है जिसे भारतीय दर्शकों को बड़े पर्दे पर ही देखनी चाहिए।

### तेल और गैस कंपनियों को विंडफॉल टैक्स से राहत, नए कानून में नहीं लगेगा अप्रत्याशित कर लाभ

**नई दिल्ली।** नए कानून के लागू होने के बाद तेल और गैस कंपनियों को अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) कर जैसे किसी भी नए कर का सामना नहीं करना पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, नए विधेयक के पारित होने के बाद इस तरह का कर लगाना कठिन हो जाएगा, क्योंकि कोई न कोई हम पर मुकदमा कर देगा। उन्होंने कहा कि तेल और गैस की खोज और उत्पादन में निवेश करने के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं। नए कर, जो दरें कम होने पर कम या शून्य मार्जिन की भरपाई किए बिना, ऊंची कीमतों पर अर्जित लाभ को छीनने का प्रयास करते हैं, अक्सर बाधक होते हैं।

भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया और वह उन देशों की सूची में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती थी। पिछले साल दिसंबर में 30 महीने बाद इस कर को खत्म कर दिया गया था। पुरी ने कहा कि वैश्विक तेल कंपनियां भारत में निवेश की संभावना तलाश रही हैं। ब्राजील की पेट्रोब्रास अंडमान बेसिन की खोज के लिए ऑयल इंडियाके साथ बातचीत कर रही है।

साथ ही ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) गहरे पानी की खोज में सहयोग के लिए एक्सॉनमोबिल और इक्विनोर जैसी बड़ी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। नया कानून उन सभी (अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों) के लिए भारत आने और देखने के लिए स्थितियां बना रहा है। यह विधेयक सरकार के सुधार एजेंडे का हिस्सा है, जिससे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को खोजना और उत्पादन करना आसान हो जाएगा।

बता दें कि अमर उजाला इससे पहले भी सितंबर से दिसंबर, 2024 की अवधि में विंडफॉल टैक्स को लेकर कई खबरों में साफ कर चुका है कि किन लोगों को इस फैसले का असर पड़ेगा।

# बिरला ओपस पेंट्स ने लखनऊ में पहला विशेष पेंट स्टूडियो लॉन्च किया, जो है पेंटिंग की सभी जरूरतों के लिए एक खास जगह

**लखनऊ।** आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ के तहत आने वाले ब्रांड, बिरला ओपस पेंट्स ने




आज लखनऊ में अपना दूसरा बिरला ओपस पेंट स्टूडियो (कंपनी ओन्ड एवं कंपनी ऑपरेटेड स्टोर) शुरू किया। गुरुग्राम में अपने पहले पेंट स्टूडियो की सफल शुरुआत के बाद, यह विस्तार इनोवेशन, प्रीमियम पेशकशों और दिलचस्प ग्राहक अनुभव द्वारा पेंट एवं डेकोर उद्योग में परिवर्तन लाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। यह लॉन्च बिरला ओपस पेंट्स की विकास रणनीति का सबसे अहम कदम है, जिसका मकसद पूरे भारत में अपने रिटेल नेटवर्क को फैलाना है। कंपनी आने वाले महीनों में एक्सपीरियंशल रिटेल पर केंद्रित रहते हुए मुंबई, नवी मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद और सूरत में अपने एक्सपीरियंस सेंटर खोलने की योजना बना रही है।

लखनऊ के इस बिरला ओपस पेंट स्टूडियो को बड़ी ही रचनात्मकता से एक प्रेरणा केंद्र के रूप में बनाया गया है, जो पारंपरिक पेंट स्टोर्स से काफी अलग है। यह एक अनुभव केंद्र है, जहां ग्राहक नए आइडिया खोज सकेंगे और साथ ही रंगों को छूकर, महसूस करके उन्हें वास्तविक माहौल में अनुभव कर सकेंगे। ग्राहकों को यहां रंग चयन, टेक्सचर और पेंट लगाने की तकनीकों पर निशुल्क विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही उन्नत विजुअलाइज़ेशन टूल्स की मदद से वे अपने चुने हुए रंगों को वास्तविक माहौल में देख सकेंगे। पेंट के अलावा, यह पेंट स्टूडियो वॉलपेपर, डिज़ाइनर फिनिश और खास कोटिंग की सुविधा भी देता है, जिससे यहां आपको संपूर्ण डेकोर समाधान मिलता है।

बिरला ओपस पेंट्स के सीईओ, श्री रक्षित हरगवे ने बताया कि, ÷गुरुग्राम में हमारे पहले बिरला ओपस पेंट स्टूडियो की सफलता के बाद, हमें यह अद्वितीय अनुभव लखनऊ में लाने की बहुत खुशी है। हम पूरे देश में रंगों के अनुभव को नया आयाम देने की दिशा में कार्यरत हैं। भारत में उपभोक्ता अब पेंट खरीदते समय या सेवाएं लेते समय नए और बेहतर विकल्पों को अपनाना पसंद करते हैं। उपभोक्ताओं की इस बदलती दिलचस्पी को समझते हुए, हम बिरला ओपस पेंट्स में ऐसे खास अनुभव केंद्र बना रहे हैं, जो गृहस्वामियों को अपने सपनों का घर बनाने का मौका देते हैं। उन्होंने कहा, ''यह एक्सपीरियंस सेंटर उत्कृष्टता, इनोवेशन और अतुलनीय गुणवत्ता की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा विश्वास है कि हर घर को एक व्यक्तिगत स्पर्श मिलना चाहिए। हम इस सेंटर में 170 से अधिक उत्पाद और कुछ अधिक एक्सक्लुसिव विकल्प पेश कर रहे हैं। इसलिए हमारे ग्राहक हमारे पेंट, डिज़ाईनर फिनिश और वॉलपेपर्स का अनुभव बिल्कुल नए और अद्वितीय रूप में ले सकेंगे। हमारा उद्देश्य है कि पेंटिंग एक ऐसी कला बन जाए, जो जगहों को व्यक्तिगत कहानियाँ बयाँ करने में समर्थ बना दे।

**नए स्टोर का पता**

बिरला ओपस पेंट स्टूडियो, ग्राउंड फ्लोर, पृथ्वी रतन हाइट्स, सीपी 4, विजयंत खंड, फैजाबाद रोड, गोमती नगर, लखनऊ, यू.पी. गोमतीनगर, लखनऊ - 226010

बिरला ओपस पेंट का हर स्टूडियो आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिज़ाईनर्स के लिए एक केंद्र है, जहाँ उन्हें संसाधनों, नमूनों और विशेषज्ञ सपोर्ट के साथ एक समर्पित कार्यस्थल मिलता है, जहाँ प्रोफेशनल्स सहयोगपूर्वक निर्माण कर सकते हैं।

## रमज़ान के दौरान डायबिटीज को कैसे करें मैनेज

**लखनऊ।** रमज़ान का महीना चल रहा है यह महीना आध्यात्मिकता और लोगों से मिलने-जुलने का है। कई लोग इस महीने में रोज़ा रखते हैं नमाज़ पढ़ते हैं और आपस में मिलते-जुलते हैं। लेकिन जिन लोगों को डायबिटीज है उन्हें इस पाक़ महीने में थोड़ा ज़्यादा ध्यान रखना चाहिए और पहले से ही योजना बनानी चाहिए। डॉ ज्योति साह, सीनियर कंसल्टेंवट, एकेडिस हॉस्पिटल, लखनऊ के मुताबिक रमज़ान में रोज़ा रखने वाले डायबिटीज के मरीजों के लिए, कॉन्टिन्युजअस ग्लूकोज मॉनीटरिंग बहुत काम की मशीन है यह मशीन हर समय ब्लएड शुगर का लेवल बताती रहती है, जिससे यह पता चलता है कि रोज़े से पहले और बाद में खाने से शुगर कितनी बढ़ रही है। इस जानकारी से खाने की मात्रा, खाने का समय और व्यायाम को सही तरीके से तय करने में मदद मिलती है, जिससे शुगर को कंट्रोल करना आसान हो जाता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। डा. ज्योति का कहना है कि सही जानकारी और सही चीज़ों का इस्तेमाल करके वे भी अच्छे से रोज़ा रख सकते हैं और इस पवित्र महीने का आनंद ले सकते हैं, वह भी अपनी सेहत को खतरे में डाले बिना। उचित पौष्टिक आहार के अलावा, ब्लड शुगर लेवल की निगरानी करने की भी सलाह दी जाती है। कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग वास्तविक समय में ब्लड शुगर लेवल की निगरानी करने का एक सुविधाजनक और दर्द रहित तरीका है। सोच-समझकर तैयार की गई डाइट के साथ अगर हम नियमित रूप से ग्लूकोज पर नजर रखेंगे तो डायबिटीज से ग्रस्त लोग भी रोज़ा रख सकते हैं और इस पूरे पवित्र महीने में अपने स्वास्थ्य को भी बरकरार रख सकते हैं। ब्लड शुगर लेवल की नियमित निगरानी का महत्व विशेष रूप से रमज़ान के दौरान, डायबिटीज को सही तरीके से मैनेज करने के लिए ब्लाड शुगर लेवल की निरंतर निगरानी आवश्यक है। फ्री स्टाइल लिब्रे जैसे कॉन्टिन्युएअस ग्लिकोज मॉनीटरिंग डिवाइसेस वास्तविक समय का डेटा प्रदान करते हैं, जो एक बार के रीडिंग के बजाय ब्लंड शुगर के रुझान का एक संपूर्ण दृश्य देते हैं। अपने स्मार्टफोन पर उपलब्ध इस डेटा के साथ आप अपने भोजन, शारीरिक गतिविधि और उपचार के बारे में समझदारी से निर्णय ले सकते हैं। सुबह सहरी से लेकर सूर्यास्त के बाद इफ्तार तक रोज़ा रखने के दौरान ब्लेड शुगर के स्तर को संतुलित करना संभावित उतार-चढ़ाव के कारण चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसलिए, सहरी और इफ्तार दिन के आवश्यक भोजन बन जाते हैं, जिससे हमारे शरीर को ऊर्जा और पोषण मिलता है। डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए, इस महीने के दौरान अपने खाने-पीने की सावधानीपूर्वक योजना बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। इससे ब्ल ड शुगर लेवल में होने वाले बदलावों को मैनेज करना आसान हो जाता है।

# दो बाईकों की टक्कर में बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

## पोता के साथ बाइक से सुकरौली रिश्तेदारी में जा रहे थे छत्तर

अवधनामा संवाददाता



सीएचसी में पहुंचे परिजन व गांव के लोग

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के बेलवा सुदामा पोखरा के निकट पोखर भिंडा जाने वाली मोड़ के सामने शनिवार को अपराह्न तीन बजे दो बाईकों में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी राहुल अपने बाबा छत्तर प्रजापति उम्र 76 वर्ष को बाइक से सुकरौली रिश्तेदारी में लेकर जा रहा था कि हाटा की तरफ से आ रही एक अन्य बाइक से हाटा कप्तानगंज मार्ग के पोखर भिंडा मोड़ के सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक पर बैठे छत्तर सड़क पर सिर के बल गिर पड़े, जिससे मौके पर ही मौत हो गई जबकि राहुल की हल्की सी चोटें आई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से छत्तर को मथौली सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार अपना बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। लेकिन मृतक के पोता ने बाइक व चालक का फोटो मोबाइल में खींच लिया है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन सीएचसी पहुंचे जहां दहाड़े मार रोने लगे।

कुछ देर बाद सीएचसी मथौली पहुंची हाटा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना स्थल से बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु प्रथम जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त सम्बन्धित विभागों के जनपदीय अधिकारी एवं सहयोगी संस्थाओं डब्लयूएचओ एवं यूनिसेफ के जनपद प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा बैठक की समीक्षा दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जल-जनित बिमारियों (कालरा, डायरिया) से बचाव हेतु स्वच्छ पेयजल का सेवन करने हेतु एवं ताजा खाना खाने हेतु लोगों को प्रेरित करने एवं इन बिमारियों से बीमार होने की दशा में उचित उपचार करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही गर्भवती महिलाओ एवं छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जनपद के समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर कालाजार एवं डायरिया से बचाव हेतु ओआरएस पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त आशा कार्यकत्रियों को दस्तक अभियान में घर-घर भ्रमण कर जल-जनित बिमारियों एवं मच्छर जनित बिमारियों की सघन निगरानी करने एवं छूटे हुए परिवारों का आभा आईडी कार्ड सृजित करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को सभी कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से चिन्हिकरण करने एवं उन्हे पोषाहार वितरण करने एवं अति कुपोषित बच्चों को पोषण केंद्रों में समय से भर्ती कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी को समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्रियों के साथ घर-घर भ्रमण में सक्रिय सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी को जन-समुदाय में चूहों एवं छछून्दरो से फैलने वाली बिमारी स्कबटाईफस से बचाव हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रुप से किसानों में चूहों एवं छछून्दरो के नियंत्रण हेतु कृषकों को संवेदीकृत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सूकर पालकों का संवेदीकरण करने, सूअरबाडें आबादी से दूर स्थापित करने सूअरबाडों की नियमित साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। जिला उद्यान अधिकारी को स्कूलों एवं कार्यालयों के परिसर में गेंदा फूल के पौधे एवं तुलसी के पौधे रोपित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## जनपद न्यायालय में दुकानों की नीलामी 27 को

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट/अध्यक्ष नीलामी कमिटी कुशीनगर, स्थान पडरौना सुनील कुमार यादव ने अवगत कराया कि जनपद न्यायालय कुशीनगर स्थान-पडरौना रविंद्र नगर धुस दीवानी न्यायालय परिसर में बने कैंटीन जलपान गृह हेतु दुकान संख्या 01, फरूट जूस कोल्ड ड्रिंक हेतु दुकान संख्या 02, कंप्यूटर टाइपिंग फॉर फोटोग्राफी हेतु दुकान संख्या 03, स्टेशनरी/फोटोस्टेट/ फोटोग्राफी हेतु दुकान संख्या 05, पान की दुकान हेतु दुकान संख्या-06, व सायकिल स्टैंड की वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नीलामी किया जाना है। अध्यक्ष नीलामी कमेटी ने बताया कि उक्त दुकानों व साइकिल स्टैंड की होने वाली नीलामी दिनांक 27 मार्च, 2025 को शाम 4:30 बजे नजारत के सामने स्थित हाल में बोली के आधार पर अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु नीलामी कमेटी द्वारा नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त प्रयोजन हेतु संबंधित दुकानों की नीलामी के लिए शर्तो के अधीन भाग ले सकते हैं।

# यूपी : भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर लगेगा प्रदर्शनी, आयुक्त ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो




कार्यक्रम को लेकर समीक्षा करते आयुक्त अनिल ढींगरा

**कुशीनगर।** आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यूपी भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर जनपद मुख्यालय पर बुद्धा पार्क में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

आयुक्त गोरखपुर मंडल ने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किए गए कार्यों व चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचा कर लाभान्वित किया जाना ही उद्देश्य है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कल शाम तक सभी कार्यों को धरातल पर दिखनी चाहिए, एवं किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा उक्त कार्यक्रम से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिन के/प्रत्येक कार्यक्रम हेतु नामित किए गए नोडल अधिकारियों, सहित प्रतिभागियों के संबंध में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई।

# निर्माण कम्पनियों की मनमानी से चार साल में भी अधूरी रह गई हैं 253 परियोजनाएं

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक नल की परियोजना चार साल में भी पूरी नहीं हो पाई है। अमेठी और गौरीगंज विकास खंड के एक दर्जन गांवों में अभी भी खारे पानी की समस्या बनी हुई है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक नल सुविधा के लिए जिले में 487 परियोजनाएं हैं। इन परियोजनाओं का काम तीन कम्पनियों को दिया गया है। सबसे पहले काम शुरू करने वाली वेलस्पन कम्पनी का काम सबसे पीछे है। इस कम्पनी को कई बार नोटिस जारी की गई है।दस लाख रुपए का जुर्माना भी हो चुका है, फिर भी परियोजनाओं की प्रगति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।

मेसर्स वेलस्पन इंटर? प्राइजेज के पास 240गांव और 133परियोजनाएं हैं।चार साल में 46परियोजनाएं ही पूरी हो पाई है। 79 गांवों में जलापूर्ति हो रही है। 161 गांवों में 87 परियोजनाओं का काम अधूरा है। मेसर्स गायत्री रैम्की के पास 302 गांव और 160परियोजनाएं हैं। इस कम्पनी के पास अभी तक 84 परियोजनाओं का काम पूरा हुआ है 155 गावों में जलापूर्ति हो रही है। 76 परियोजनाएं अधूरी है। मेसर्स वी टी एल गाजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के पास 402 राजस्व गांव और 194 परियोजनाएं हैं। 104 परियोजनाएं पूरी हुई हैं, 206 राजस्व गांवों में जलापूर्ति शुरू हुई है। 90 पेयजल परियोजनाओं का काम अधूरा है। कुल मिलाकर 653 करोड़ रू की 253 परियोजनाओं का काम अधूरा है। निर्माण कम्पनियों की मनमानी से चार साल में भी 504गांवों तक हर घर नल सुविधा नहीं पहुंच पाई है। मोदी सरकार की मंशा पर ग्रहण लगा हुआ है। **वर्षा जल संचयन को आठ टाप रूप वाटर सिस्टम बनवाए गए**- जल संरक्षण और भूगर्भ जल भंडार बढ़ाने के लिए लघु सिंचाई विभाग की ओर से हर वर्ष चेक डैम बनवाए जा रहे हैं। वर्षा जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बनवाए जा रहे हैं। संग्रामपुर विकास खंड को छोड़कर जिले के सभी विकास खंड सामान्य जल स्तर की श्रेणी में हैं। एक दशक पहले सेमी क्रिटिकल और ड्राई जोन में गया विकास खंड भादर अब जल स्तर के मामले में सुरक्षित हो गया है। जल की बर्बादी रोकने और भूमिगत जल का भंडार बढ़ाने के लघु सिंचाई विभाग की ओर से समय समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। सहायक अभियंता इंजीनियर जुबेर अहमद ने बताया कि पिछले छः महीने के भीतर बाजार सुकुल के दक्खिन गांव, संग्रामपुर के चंडेरिया और खौंपुर बुजुर्ग में ठेंगहा नाले/मालती नदी पर चैक डैम बनवाए गए हैं। जिले में 8 रूफ टॉप रैन वाटर बनाने का लक्ष्य था जिसे पूर्ण करा लिया गया है।

### बरनाटीकर और जंगल रामनगर ग्राम पंचायतों में नहीं दूर हो पाई खारे पानी की समस्या

**अमेठी।** जल जीवन मिशन की परियोजनाएं चार साल में भी बरनाटीकर और जंगल रामनगर की एक दर्जन ग्राम पंचायतों में खारे पानी की समस्या दूर नहीं कर पाईं हैं।इन गांवों के वाशिंदों के लिए शुद्ध पेयजल अभी भी सपना बना हुआ है।

### हर ग्राम पंचायत में नहीं खुद पाए तालाब

**अमेठी।** सरकार की ओर से हर ग्राम पंचायत में कम से कम अमृत सरोवर के निर्माण का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाया है। मनरेगा में धन का संकट बराबर बना हुआ है।लेबर और मैटेरियल पेमेंट न होने के कारण जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक एक अमृत सरोवर का निर्माण नहीं हो पाया है।

समय से परियोजनाओं का काम पूरा करने के लिए जिले में काम कर रही तीनों कम्पनियों को कई बार नोटिसें जारी की गई हैं। शासन की ओर से 30 जून 2025 तक परियोजनाओं को पूरा करने की डेट लाइन तय की गई है।

इंजीनियर अनिल कुमार राव
अधिशासी अभियंता
जल निगम -ग्रामीण अमेठी

## शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के 94वें शहीदी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर (मंडल-3120) द्वारा कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 मार्च 2025 (रविवार) को गेस्ट हाउस (डाक बंगला), पीडब्ल्यूडी परिसर, गांधी चौक, कसया-कुशीनगर में आयोजित होगा, जिसमें प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक रक्तदान किया जाएगा। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने सभी समाजसेवियों, युवाओं एवं जागरूक नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। उन्होंने बताया कि यह शिविर जरूरतमंद मरीजों के जीवन रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। विशेष रूप से, प्रत्येक रक्तदाता को शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

# विधायक ऊंचाहार ने 112 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण किए वितरित

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत सहायक उपकरण का वितरण कार्यक्रम विकास खण्ड ऊँचाहार के परिसर में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक, ऊँचाहार डॉ मनोज कुमार पांडेय द्वारा चिन्हित पात्र दिव्यांगजनों को कुल 112 उपकरण जिसमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्टकेन वितरित किये गये।

कार्यक्रम के नोडल परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सतीश चंद्र मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), रायबरेली, खण्ड विकास अधिकारी, ऊँचाहार कामरान नेमानी, खण्ड विकास अधिकारी, दीनशाहगौरा, रोहनियां एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के द्वारा चलायी जा रही दिव्यांगजनों की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया एवं दिव्यांगजनों को सरकार की समस्त योजनाओं से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कार्यालय कार्मिक जावेद खान, अमित मालवीय, अरविन्द प्रताप सिंह एवं नारायण दीक्षित उपस्थिति रहे। उपकरण प्राप्त लाभार्थियों को रामविलाश, जुम्मन, अंकित त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार आदि द्वारा प्राप्त उपकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उपकरण वितरण कार्यक्रम में 24 नवीन दिव्यांगजनों का भिन्न-भिन्न उपकरणों हेतु चिन्हांकन भी किया गया।

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर लालगंज में सुनी लोगों की फरियाद

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना लालगंज में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये।

# सिधुआ स्थान मंदिर के महंथ के बेटे की हार्टअटैक से मौत

## आशीष का शव मंदिर पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

अवधनामा ब्यूरो



आशीष के मौत पर विलाप करते परिजन

**कुशीनगर।** सिधुआ स्थान मंदिर के महंथ योगेश्वर नाथ त्रिपाठी के छोटे बेटे आशीष त्रिपाठी की लखनऊ आवास में हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। मौत की खबर मिलते है परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अत्यंत विनम्र, शालीन और मृदभाषी स्वभाव के थे। शनिवार को सिधुआ मंदिर परिसर में अंतिम संस्कार किया गया।

बताया जाता है कि दिवंगत आशीष त्रिपाठी अपने बड़े भाई मंजीत त्रिपाठी के आलावा गांव के ही तीन अन्य लड़कों के साथ अयोध्या दर्शन करने के लिए अपने ही निजी वाहन से घर से निकले थे। देर रात अचानक किराए के आवास में ठहरे दिवंगत आशीष त्रिपाठी के साथ अन्य सहयोगी लड़के जब सो रहे थे इसी दौरान दिवंगत आशीष त्रिपाठी अपने बिस्तर से उठे और अचानक गश खाकर गिर पड़े। गिरने की आवाज सुने एक साथी अन्य सहयोगियों के साथ आनन-फानन में आशीष को नजदीकी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने चिकित्सा उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। निधन की सूचना मिलते ही शुभचिंतक सिधुआ स्थान मंदिर पहुंचना शुरू कर दिया। आशीष के निधन के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। लखनऊ एंबुलेंस से आशीष का शव शनिवार को मंदिर पहुंचने ही चीख पुकार मच है। यहीं मंदिर परिसर में आशीष का अंतिम संस्कार के दिया गया।

## प्रदर्शन रैली निकाल बौद्धों ने डीएम को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**अमेठी।** महाबोधि विहार, बोधगया को बौद्धों को सौंपने और महाबोधि विहार प्रबंधन अधिनियम -1949 को खत्म करते हुए महाबोधि विहार का स्वामित्व बौद्ध भिक्षुओं को प्रदान करने के लिए बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। शनिवार को तीसरे चरण में प्रदर्शन रैली निकाल कर बौद्धों ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सात सूत्रीय ज्ञापन में महाबोधि टैम्पल एक्ट -1949को रद्द करके बौद्धों के स्वामित्व वाला नया एक्ट बनाने के साथ विश्व धरोहर महाबोधि विहार का अपमान रोकने, तथाकथित हिन्दू महंतों द्वारा इतिहास से की जा रही छेड़छाड़ और कर्मकांड रोकने के साथ ई वी एम से चुनाव प्रक्रिया को समाप्त करते हुए सभी चुनावों में बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की गई है। रामचन्द्र मौर्य जिला अध्यक्ष, संतोष कुमार मौर्य,जग प्रसाद कोरी,रामराज गौतम,बद्री प्रसाद बौद्ध, एड राजेन्द्र प्रसाद, तुलसीराम, विनोद कुमार एड, राजकुमार बौद्ध, गुरु प्रसाद बौद्ध आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ पूरा हुआ 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**अमेठी।** व्यसन मुक्ति, पौधरोपण को हर तरह के मांगलिक संस्कारों में शामिल करने, संस्कार युक्त शिक्षा और पीड़ितों की मदद के संदेश के साथ पांच दिवसीय 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शनिवार को समाप्त हुआ। पांच दिवसीय आयोजन में गायत्री मिशन की शिक्षाओं को घर घर पहुंचाने के साथ युवाओं से राष्ट निर्माण के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ महायज्ञ में नहीं आए। राज्य सरकार की ओर से परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञ की और धर्मार्थ कार्य को आगे बढ़ाया। जिला पंचायत अध्यक्ष और समाज सेवी उद्योग पति राजेश अग्रहरि ने यज्ञ स्थल पर ही पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने वरिष्ठ पत्रकार स्वामीनाथ शुक्ला के इलाज को 100000 रूपए की आर्थिक मदद की। उनका इलाज पीजीआई लखनऊ में चल रहा है। महेंद्र जायसवाल निवासी दुर्गापुर रोड के बेटे की किडनी के इलाज में भी एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की जिनका इलाज मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ में चल रहा है।

# जनता दर्शन कार्यक्रम में वकीलों और कोटेदारों से मिले सांसद किशोरी लाल शर्मा



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सांसद किशोरी लाल शर्मा दो दिवसीय दौरे पर अमेठी आए हैं। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्थित राजीव गांधी सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम में उन्होंने बार एसोसिएशन और कोटेदार संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद की ओर से अधिवक्ता संघ भवन के लिए फर्नीचर और ए सी उपलब्ध कराए गए हैं। किशोरी लाल शर्मा ने अधिवक्ताओं को समाज का सहज प्रहरी बताया और जनता की सेवा और समाज हित में सुझाव देते रहने की अपील की। सांसद ने कोटेदारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। कोटेदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में कोटेदारों को उत्तर प्रदेश से अधिक कमीशन मिलता है।वन नेशन,वन कार्ड की तरह वन नेशन,वन कमीशन का फार्मूला लागू होना चाहिए। सांसद ने राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष से कोटेदारों के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात और वार्ता कराने का आश्वासन दिया। बैठक में एड.रंजीत सिंह,जनार्दन शुक्ला,शिव मूर्ति तिवारी, ओम प्रकाश सिंह,कृष्ण कुमार सिंह,लालता प्रसाद यादव,छोटे लाल तिवारी, मो कुद्दूस, राजकरन तिवारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल रायबरेली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट पंकज तिवारी,शहर अध्यक्ष एडवोकेट धीरज श्रीवास्तव ,प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश महासचिव अशोक सिंह जौनपुर, प्रदेश उपाध्याय राघवेंद्र मणि त्रिपाठी गोरखपुर, संतोष सिंह जिला अध्यक्ष अमेठी गौरीगंज तहसील अध्यक्ष सुभाष चंद्र तिवारी, अनिल सिंह आदि मौजूद रहें।

## लवकुश ही निकला लवकुश का कातिल

**बछरावा, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर संबंधित धाराओं मे पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत हत्या के वांछित अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ लवकुश उर्फ बजरंगी पुत्र रामशंकर एवं नवरतन उर्फ रवीशंकर पुत्र सियाराम निवासीगण नवपुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव को थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोस्तपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास हत्या की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व सब्बल बरामद किया गया है। जिनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस से पूछताछ के दौरान अभियुक्त गणों ने बताया कि दिनांक 13 जनवरी 2025 की रात अभियुक्त गणों ने मिलकर ग्राम सेहगो पूरब गांव के रहने वाले मृतक लवकुश चौरसिया के यहां पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## स्कूलों के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किए गए विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को जिले के कई विकास खंडों में विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंध समितियों के कार्य और दायित्व पर विस्तार से चर्चा हुई। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों और निपुण भारत मिशन की सफलता हेतु अभिभावकों के दायित्व और समुदाय की जिम्मेदारी पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र भादर में खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में विद्यालय प्रबंध समिति ऐसी संस्था है जिसके ऊपर सभी तरह के नवाचारी कार्यक्रमों को संचालित करते हुए स्कूलों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के निर्माण की गुरुतर जिम्मेदारी है। रविशंकर दूबे, डॉ विनोद मिश्रा और देवांशु सिंह ने सभी विषय बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया। स्पेशल एजूकेटर सत्यप्रकाश मिश्र ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए संचालित योजनाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कम्पोजिट विद्यालय के इं प्र अ संजीव कुमार, वरिष्ठ शिक्षक शिव सिंह, ललित नारायण त्रिपाठी, राजेश कुमार, राजाराम यादव, प्रवीण कुमार सिंह,कुसुम मिश्र, ब्रह्मा सुधा तिवारी, सतीश शर्मा, अंकित सिंह, दिनेश कुमार,मो रऊफ, अखिलेश सिंह,एस एम सी अध्यक्ष रीता मौर्य, बच्चा राम वर्मा, विनोद कुमार गौतम,ओम प्रकाश, प्रहलाद गौतम,हरि गुलाम वर्मा, सुनील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सादीपुर कोटवा में निर्मित सामुदायिक शौचालय बना शोपीस

**डीह, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जहां एक तरफ केंद्र सरकार और राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से ग्राम पंचायतों को स्वच्छ रखने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करवाया है वही सरकार के नुमाइंदे स्वच्छ भारत मिशन योजना को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सादीपुर कोटवा,गढ़वा में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है परंतु निर्माण होने के बाद ही शौचालय में ताला लगा दिया गया है। जिससे ग्रामीण शौचालय के उपयोग से वंचित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा खुले में शौंच मुक्त कराने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी ग्राम पंचायतों के पात्र लोगों को घर पर शौचालय निर्माण कराने के लिए पहले ही अनुदान दे दिया गया है। परंतु जिन ग्रामीणों को शौचालय का लाभ नहीं मिला है उनकी सुविधा के लिए सभी ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया परंतु उसके बाद भी ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के दोषपूर्ण रवैये से ग्राम पंचायत में बने शौचालयों में ताला लटक रहा है।जबकि उन्हें ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित किया जाना था। लेकिन जब सादीपुर कोटवा और गढ़वा गाँव के ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शौचालय में हमेशा ताला लटकता रहता है कब खुलता है और कब बंद होता है इसका किसी को पता नहीं चलता जिससे गांव की महिलाओं को शौंच के लिए खुले में जाना पड़ता है।



# ‘यूपी, भारत का ग्रोथ इंजन’ की थीम पर नोडल अधिकारी ने की समीक्षा

■ 25 से 27 मार्च तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में 25 से 27 मार्च 2025 तक ‘‘यूपी, भारत का ग्रोथ इंजन’’ की थीम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से जनसामान्य को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने तथा सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियों से जनसामान्य को अवगत कराये जाने हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि शासन की मंशानुरूप सभी विभाग इन तीन दिनों में अपनी लाभार्थीपरक योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करें। साथ ही निर्माण कार्यो, उद्योग सृजन, रोज़गार सृजन, शिक्षा, कृषि सहित सभी विभागों द्वारा की गई प्रगति से जनसामान्य को अवगत भी कराएं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि त्रिदिवसीय आयोजन के दौरान उद्यम प्रोत्साहन विभाग, पशुपालन, मत्स्य, कृषि व बैंक आदि विभाग अपनी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, टूलकिट योजना, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना के माध्यम से जनसामान्य को उद्योग स्थापन हेतु प्रदान की जाने वाली सुविधाएं व ऋण आदि उपलब्ध कराने तथा सेवायोजन, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक आदि विभाग जनसामान्य को रोज़गार उपलब्ध कराने हेतु सक्रिय योगदान दें। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान सभी जगह निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण, गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण, संचारी रोग अभियान, क्षय रोग अभियान, आयुष्मान कार्ड आदि से जनसामान्य को लाभान्वित किया जाय। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्रिदिवसीय आयोजन के दौरान विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम अजय, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल, उपकरण आदि का वितरण, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री अप्रैन्टिसशिप योजना आदि से अनाच्छादित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना। श्री अग्रवाल ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि त्रिदिवसीय आयोजन के अवसर पर केन्द्र सरकार की 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार की 08 वर्ष की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में उपलब्धियों, विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओ एवं कार्यक्रमों का होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर एवं पैम्फलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए सरकार एवं विभाग की उपलब्धियो को जन-जन तक पहुंचाया जाय। श्री अग्रवाल ने आयोजन के दौरान मंच पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी मंच पर अपने विभाग की योजनाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन हेतु मिनट-टू-मिनट योजना बनाकर क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित लोगों से समन्वय स्थापित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को देर शाम जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में परामर्शदाता समिति का गठन किया गया और जनपद स्तर पर व विधान स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु नोडल अधिकारी नामित कर दिये गये हैं। डीएम ने बताया कि इस दौरान बैनर व पट्टिकाओं के साथ प्रभात फेरियों का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही विभागों द्वारा किये उत्कृष्ट कार्यो व प्रगति सम्बन्धी वीडियो क्लिप्स का प्रदर्शन भी किया जायेगा तथा गुडवर्क करने वाले उद्यमियों, कृषकों व कार्मिकों को सम्मानित भी किया जायेगा। डीएम ने बताया कि आयोजन के दौरान ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए टेन्टेज, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, एम्बुलेन्स व प्रसाधन इत्यादि सुविधाओं के माकूल बन्दोबस्त करने के भी निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग ने एसएंडटी को 89 रन से हराया



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** अंतर रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के अंतर्गत शनिवार को मैच इंजीनियरिंग एवं एसएंडटी और के बीच खेला गया। जिसमें टॉस एसएंडटी की टीम ने जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। इस दौरान इंजीनियरिंग की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। सवार्धिक रन सत्या ने 4 छक्के एवं 8 चौके की मदद से 105 रन बनाए।इंजीनियरिंग की तरफसे राहुल कुमार ने 4 ओवर में 5 विकेट लिए। जवाब मै उतरी एसएंडटी की टीम ने 14 ओवर में सभी विकेट खोकर 91 रन पर ऑल आउट हो गई। इसी के साथ इंजीनियरिंग की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल में प्रवेश कर लिया और इंजीनियरिंग के कप्तान प्रवीन कुमार के साथ साथ इंजीनियरिंग के अधिकारी सहायक मंडल अभियन्ता टूंडला रिहान शाहीद ने टीम को बधाई दी। मैच के दौरान आयोजक डिप्टी सीटीएम अमित सुदर्शन, कार्यालय अधीक्षक रहीश पाल एवं स्टेनो यश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## जब ताला ही डालना था तो बनाया ही क्यों शौचालय



**फिरोजाबाद।** जहां एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अन्तर्गत समुचित सफाई व्यवस्था के साथ-साथ चुनिंदा स्थानों पर पुरूष व महिला शौचालयों का निर्माण करा रही है लेकिन सरकार के इस स्वच्छ भारत मिशन को सरकार से ही तन्ख्वाह लेने वाले कर्मचारी जमकर पलीता लगा रहे हैं। वैसे तो जनपद में कई स्थानों पर स्थित शौचालयों पर ताला लटकने की खबरें आए दिन सुनने को मिलती हैं। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं चन्द माह पूर्व मेडिकल कॉलेज में बने पुरूष व महिला शौचालय की। लाखों की लागत से बनाए गए उक्त शौचालय पर पिछले कई हफ्तों से ताला लटका हुआ है। सूत्रों की मानें तो उक्त शौचालय पर ताला किसी सफाईकर्मी ने लगाया है। जब हमने इस बात की पड़ताल की तो कुछ लोगों ने बताया कि सफाईकर्मी को शौचालय की बार-बार सफाई आदि न करनी पड़े। इस कारण शौचालय पर ताला लगा दिया गया है। जब कभी मेडिकल कॉलेज में किसी उच्च अधिकारी का दौरा होता है तो यह ताले स्वतः खुल जाते हैं। जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर हो रही इस प्रकार की मनमानी से अधिकतर सरकारी ट्रॉमा सेण्टर व अटल पार्क में आने वाले मरीज एवं उनके तीमारदारों को परेशानी होती है।

# आयोजित कार्यक्रमों से फिरोजाबाद का आधारभूत चरित्र उभर कर आएगा : नोडल अधिकारी

■ विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं को बुलाकर उनके अनुभव शेयर करें

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के इस अवसर पर श्रीमती संयुक्ता समद्दार प्रमुख सचिव, राजनैतिक पेंशन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता और जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में एक समीक्षा बैठक का आयोजन दबरई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। नोडल अधिकारी ने आगामी तिथियों 25, 26 एवं 27 मार्च को विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षात्मक विवेचना की, उन्होंने कहा कि यह रूटीन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह विशिष्ट कार्यक्रम है, इसमें सभी विभागों द्वारा आने वाली जनता को यह आभास दिलाना है कि, शासन द्वारा जारी की गई जनकल्याणकारी योजनाऐं आप तक सुचारू रूप से पहुंच रही हैं, योजनाओं का लाभ केवल और केवल पात्र लाभार्थियों को ही दिलाया जा रहा है, इसीलिए इस दौरान जो भी कार्यक्रम आप द्वारा किए जा रहे हैं, इनको गंभीरता के साथ आप सभी कार्यान्वित करें, खासकर इस कार्यक्रम में मुख्य-मुख्य चीजों पर फोकस करें, साथ ही साथ यह प्रयास करें कि जो फिरोजाबाद का आधारभूत चरित्र है वह उभर कर सामने आए। उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि आपके यहां जो रोजगारपरक योजनाएं चल रही हैं, इनके लाभार्थियों को बुलाकर उन्हें लाभांवित किया जाए, जिसमें महिलाएं और पुरुष दोनों हो, ए0एल0सी0 को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए चल रहीं योजनाओं के प्रदर्शन के साथ-साथ कुछ श्रमिकों को मौके पर बुलाकर, उन्हें चल रहीं योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाए, यहां पर कुछ चूड़ी उद्योग बंद थे, जिन्हें पुनः चालू कराया गया है, जिससे रोजगार का सृजन हो रहा है। साथ ही साथ मजदूरों की जो समस्याएं थी, उनका भी हल किया गया है, नोडल अधिकारी ने कहा कि इन सब लाभार्थियों को बुलाकर उनके मुख से सफलता की कहानी लोगों के सामने रखी जाए, प्रधानमंत्री आवास सर्वे योजना के तहत जो भी बड़े कार्य हुए हैं, उनका प्रदर्शन भी यहां किया जाए, खासकर सिरसा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य हो रहें हैं, उनका प्रदर्शन भी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यहां किया जाए, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आवास मुख्यतः महिला लाभार्थियों को प्रदान किया जा रहा है, इस पर नोडल अधिकारी ने कहा कि महिला लाभार्थियों को बुलाकर उनके मुख से आवास मिलने के पश्चात् उनके जीवन में आए हुए उनके परिवर्तन को सुना जाए, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत जो भी कार्य जनपद में हुए हैं उनका विशेष रूप से इस कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन किया जाए, विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं को बुलाकर उनके अनुभव शेयर करें, प्रगतिशील महिलाओं के वृतांत से अन्य महिलाएं भी प्रेरित और प्रोत्साहित होगीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि चिकित्सा विभाग द्वारा शासन की योजनाओं के तहत जो भी कार्य कराए जा रहे हैं, इसका प्रमुखता के साथ प्रस्तुतीकरण किया जाए, जनपद में स्थापित मेडिकल कॉलेज के लाभों को प्रदर्शित किया जाए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, नगर आयुक्त रिषिराज, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## ब्लाक रिसोर्स पर्सन्स का 03 सदस्यीय पैनल गठित

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एंव अन्य योजनाओं के अन्तर्गत ग्राम सभा द्वारा सम्पादित की जाने वाली सोशल आडिट को फैसिलिटेट करने हेतु जनपद स्तर पर ब्लाक संसाधन व्यक्तियों (ब्लाक रिसोर्स पर्सन्स) का पैनल तैयार किए जाने सम्बन्धी निर्देशों के क्रम में उपायुक्त, स्वतः रोजगार, बहराइच की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिला कृषि अधिकारी व सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बहराइच को सदस्य नामित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि गठित समिति जिला विकास अधिकारी बहराइच के कार्यालय में प्राप्त 59 आवेदन पत्रों की जांच कर आख्या/रिपोर्ट सीडीओ के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में सम्मानित हुए पूर्व सैनिक, परिजन व वीर नारियां

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बहराइच में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में लगभग 400 शहीद सैनिक की पत्नियां/पूर्व सैनिक/ दिवंगत सैनिक की पत्नियां/उनके आश्रित उपस्थित थे। समारोह में 14 दिवंगत सैनिकों की पत्नियों/नान पेंशनर को रू. 2000.00 का चेक एवं शाल तथा 40 दिवंगत सैनिकों की पत्नियों को शाल एवं 300 पूर्व सैनिकों को कैप देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों/दिवंगत सैनिक की पत्नियों एवं उनके आश्रितों के लाभार्थ स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मेडिकल कैम्प, ईसीएचएस योजना, स्पर्श तथा स्वतः रोजगार तथा अन्य विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सीएसडी कैन्टीन की सुविधा की सुविधा भी प्रदान की गई। कर्नल अरूण सूर्यवंशी (अ.प्रा.), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी श्रावस्ती की अध्यक्षता में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन शौरभ टण्डन (अ.प्रा.) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गोण्डा, समाज सेविका श्रीमती निंशा शर्मा, कार्यालय सहायक भानु प्रताप गुप्त सहित अन्य कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक तथा उनके परिजन व आश्रित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन, पूर्व सैनिक पी.के. चक्रवर्ती ‘‘प्रचण्ड’’ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में आयोजक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी (अ.प्रा.) कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी ने सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1325/न0पं0नि0/नि0सू0-15th/2024-25, दिनांक- 21/03/2025

## अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 29/03/2025 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 22/03/2025 से दिनांक- 29/03/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मिनी ट्रैक्टर 03 सिलिंडर (01 नग) क्रय कार्य। | 497500.00 | 49750 | 590 | 01 माह |

(दिनेश कुमार शुक्ल)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन

(बद्री प्रसाद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत निघासन


## प्रत्येक राशन कार्ड धारक को समय से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न हो मुहैया

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख जन-सुनवाई के दौरान जब हुसैनपुर कुसमरा नि. अनूप सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या-8, 10, 11, 12 पर पट्टा आवंटन आदेश को मार्च-2000 में उप संचालक चकबंदी द्वारा खारिज कर किया चुका है, उक्त के संबंध में मा. उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर है, विपक्षीगणों द्वारा उक्त गाटा संख्याओं के चारों ओर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराकर फसल की बुवाई कर दी गई है, बार-बार शिकायतों के बाद भी प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। कुसमरा नि. बाल गोविंद शुक्ला, संजय, विनय, विजय ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या-904, 905 के दक्षिण दिशा में चकमार्ग संख्या-920, बंजर भूमि गाटा संख्या-902, 903 के पश्चिम दिशा में होते हुए प्रार्थी के पैतृक जमीन गाटा संख्या-894, 895 के उत्तर दिशा तथा हुसैनपुर ग्राम के गाटा संख्या-61, 62, 63, 64 पैतृक भूमि के पूर्वी दिशा में स्थित चकमार्ग पर अवैध कब्जा व निर्माण कर लिया गया है, जिस कारण चकमार्ग बंद होने के फलस्वरुप आवागमन बाधित हो रहा है, जनहित में चकमार्क से अवैध कब्जा हटवाकर चकमार्ग को खुलवाए जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से की, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी किशनी को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त दोनों शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी कार्यवाही करें यदि किसी के द्वारा अनाधिकृत कब्जा किया गया हो तो उसे तत्काल हटवाकर चकमार्ग को खुलवाना सुनिश्चित करें।

## स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक 25 मार्च को

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 25 मार्च 2025 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना: NER-LJN-2025-18 से NER-LJN-2025-19 तक

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-18, कार्य का नाम:- पूर्वोत्तर रेलवे-लखनऊ मण्डल:- वरिष्ठ मण्डल इंजी०/तृतीय के अधीन सीसेइं/पीवे/बादशाहनगर के अन्तर्गत मलहौर-डालीगंज खण्ड में दोहरीकरण परियोजना के बीच शेष विविध कार्यो को पूरा करना। (रेलपथ कार्य)। अनुमानित लागत (₹): 93,75,287.86, अग्रिम धन (₹): 1,87,500/-, समापन अवधि: 12 माह। क्रम सं.-02, ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-19, कार्य का नाम:- पूर्वोत्तर रेलवे-लखनऊ मण्डल:- डालीगंज-सीतापुर सीसेई/कार्य/बादशाहनगर के अन्तर्गत इटौंझा-अटारिया स्टेशन के बीच लेवल क्रासिंग संख्या 32/सी से लेवल क्रासिंग संख्या 34/सी तक संपर्क सड़क का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 1,86,21,653.68, अग्रिम धन (₹): 2,43,100/-, समापन अवधि: 09 माह।
(1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-18 से NER-LJN-2025-19 तक के लिये ई-निविदा दिनांक 11-04-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्लू-460 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में 150 मरीजों की हुई जाँच

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम जनपद फिरोजाबाद द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान मस्जिद रोड टूंडला पर स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 150 मरीजों की चिकत्सको ने बिभिन्न जाँच की गई। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम जनपद फिरोजाबाद द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ जिला क्षयरोग अधिकारी डा. ब्रजमोहन ने किया। इस दौरान टीबी, एचआईबी, शुगर, सर्दी, जुकाम, बुखार आदि की जाँच की गई तथा आयुष्मान कार्ड बनबाये गये। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डा. ब्रजमोहन ने बताया कि जैसे कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी आना, खांसी के साथ बलगम का आना, बुखार आना, वजन घटना, भूख कम लगना, सीने में दर्द, बलगम के साथ ब्लड आना आदि लक्षण पाये जाते है तो तुरंत चिकत्सक को दिखाना चाहिए। रोगी की शीघ्र जांच व पूर्ण अवधि तक इलाज करवाये, रोगी खासते तथा छीकते समय मुंह पर रूमाल या साफकपड़ा रखें। इधर-उधर ना थू के इससे बीमारी फैलने का खतरा रहता है, बलगम हमेशा ढक्कनदार डिब्बे में इकट्ठा करें तथा बलगम को जला दें या जमीन में गाड़ दे। 15 दिन के ईलाज से ही रोगी को टीबी फैलाने की क्षमता बिल्कुल कम हो जाती है, 6 से 8 महीने या चिकित्सकों द्वारा बताए समय तक इलाज लेने से रोगी पूरी तरह से स्वस्थ एवं रोग मुक्त हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉट्स केंद्र के डा. रमेश यादव ने की। इस दौरान लगभग 150 मरीजों का चिकत्सको द्वारा परीक्षण किया गया। इस मौके पर डॉ. ललित कुमार, डॉ.सरिता गौतम, डॉ. प्रशांत वर्मा, डॉ. हिरन पाल सिंह, डॉ. राजेंद्र शर्मा, डॉ. मोहम्मद आरिफ डा. दीपक लवानिया, डा. रमेश यादव, डा. एसपी तिवारी, डा. नागेंद्र कुमार, लक्ष्मी देवी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :- 526/सं0अनु0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक : 22 मार्च, 2025

## अल्पकालीन ई-निविदा-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत प्रयोक्ता शुल्क, ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए ई निविदायें ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु संशोधित विज्ञप्ति इस कार्यालय के पत्र सं0 514/सं0अनु0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक 10.03.2025 द्वारा जारी की गई थी जिसका प्रकाशन अमर उजाला व अवधनामा दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 11.03.2025 को हुआ। इसके आधार पर अभी तक मात्र 11 ई-निविदाओं में से मात्र 02 ई-निविदायें नियत अवधि में प्राप्त हुई है। शेष निम्नलिखित 09 मदों में कोई ई-निविदा प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष ई-निविदाओं को दिनांक 27.03.2025 तक दोपहर 03.00 बजे तक ऑनलाईन (etender.up.nic.in) के माध्यम से डाली जा सकती है। प्राप्त ई-निविदायें दिनांक 27.03.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। किसी भी ई-निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, शाहजहाँपुर को होगा। प्रत्येक ई-निविदा दाता को दो प्रमाणित फोटो, हैसियत प्रमाण-पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हो और वर्तमान में वैध हो एवं आधार कार्ड तथा नगर निगम द्वारा निर्गत अदेयता प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। ई-निविदा के लिए निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित H.D.F.C. BANK शाखा टाउन हाल के खाता सं0 50200017927485 IFSC-HDFC0000869 व जमानत धनराशि INDIAN BANK शाखा गोविन्दगंज के खाता सं0 50265293184 IFSC-IDIB000C632 में जमा करना होगा। नगर निगम, शाहजहाँपुर के पक्ष में देय होगा। नीलामी शर्ते (etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जिनके अवलोकन उपरान्त ही नीलामी में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

| क्र. सं. | मद | न्यूनतम धनराशि (2025-26) | 10 प्रतिशत प्रतिभूमि की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका मुर्दा उठाने जानवरान सीमा नगर निगम, शाहजहाँपुर। | 3,30,000.00 | 33,000.00 | 390.00 |
| 2 | ठेका मछली मार्केट मो0अली मार्केट नगर निगम, शाहजहाँपुर। | 1,80,000.00 | 18,000.00 | 236.00 |
| 3 | ठेका भूसा-घास पड़ाव वजीरगंज। | 8,41,500.00 | 84,150.00 | 1,062.00 |
| 4 | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड, गोविन्दगंज ओवरब्रिज के नीचे। | 26,600.00 | 2,660.00 | 118.00 |
| 5 | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड डा0सुदामा प्रसाद इण्टर कालेज के सामने, खिरनीबांग। | 7,61,000.00 | 76,100.00 | 944.00 |
| 6 | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड, बहादुरगंज जेल के पीछे। | 2,01,000.00 | 20,100.00 | 354.00 |
| 7 | नगर निगम द्वारा लगाई गई 04 एल0ई0डी0 के विज्ञापन के संचालन का ठेका। | 1,17,500.00 | 11,750.00 | 236.00 |
| 8 | ठेका पार्किंग हनुमतधाम बेसमेन्ट व प्रथम-तल | 4,00,000.00 | 40,000.00 | 472.00 |
| 9 | ठेका पोल बोर्ड, यूनीपोल व गेट एन्ट्री, आई0एच0बी0 हैंड बिल, सनपैक, वॉल पेटिंग, बैनर, घूमने वाले प्रचार-प्रसार रिक्शा आदि व नगर निगम सीमान्तर्गत होर्डिंगस को लगाने हेतु एकाधिकार चिन्हित स्थलों पर। | 1,05,25,000.00 | 10,52,500.00 | 12,420.00 |

नगर आयुक्त

# पानी की बर्बादी रोकने व जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विश्व जल दिवस के अवसर पर पर्यावरण छात्र संसद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश यादव ने जल संरक्षण का की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि पानी की बर्बादी रोकेंगे और पानी का संरक्षण करेंगे। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षक निर्मल सिंह ने पानी का महत्व बताते हुए कहा कि ग्लेशियर पिघलना और जल संकट दुनिया के सामने एक बड़ी समस्या बनकर आई है। इनका हमें निदान करना है। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर पिघल रहे हैं इससे न केवल समुद्र का स्तर बढ़ रहा है बल्कि पेयजल की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। ग्लेशियर पृथ्वी की प्राकृतिक जल भंडारण प्रणाली है और उनका पिघलने बड़े खतरे का संकेत है जिससे नदियों का प्रवाह असंतुलित हो सकता है। ग्लेशियर के पिघलने के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग और जंगल की कटाई प्रमुख है इसलिए हमें इसे रोकना होगा। छात्र संसद के संयोजक प्रधानाचार्य डा कैलाश यादव ने कहा कि बच्चों और बड़ों सभी को पानी के महत्व को समझना होगा। पानी की बर्बादी को रोकना होगा इसके साथ ही हमें बरसात का जल संचय करने के पर्याप्त इंतजाम करने होंगे। यह प्रयास करें कि पानी की एक बूंद भी बर्बाद ना होने पाए। यदि पानी बर्बाद हुआ तो फिर आने वाले समय में हम पानी के लिए तरस जाएंगे। कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर खुशबू गुप्ता ने कहा कि जल ही जीवन है हमें इस तरह से प्रयास करने हैं कि पानी का दुरुपयोग न होने पाए और पानी का सदुपयोग करें। टीचिंग एसोसिएट इं कसब खान ने कहा कि पानी बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है और हमें इस जिम्मेदारी का निर्वाहन करना है। पानी की बर्बादी को हर हाल में रोकना होगा। इस मौके पर पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना तथा स्वास्थ्य विभाग के वैभव त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सुलभ शौचालय का नलकूप खराब होने से लोग परेशान

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या एक में सुलभ शौचालय में लगा बोर खराब होने पर जल संस्थान का कनेक्शन दिया गया। मगर इसमें पानी ही नहीं आ रहा है। वार्ड के निवासियों ने समस्या से सदर विधायक को अवगत कराया है। विधायक ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को समस्या सुलझाने के निर्देश दिए हैं। वार्ड संख्या एक की निवासी पुष्पा, इंद्रपाल, पंकज, अर्चना, कुंजीलाल, सुरेंद्र वीर संत, माया यादव, अनुज यादव आदि ने सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि वार्ड में सुलभ शौचालय का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन के तहत कराया गया था। इसमें लगा बोर खराब हो गया है। इसमें पाइपलाइन का कनेक्शन लगा दिया था लेकिन वह पानी नहीं दे रहा है। इससे वार्ड के लोग परेशान है। वार्ड के वाशिंदों का आरोप है कि नगर पंचायत एवं जल संस्थान शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। सदर विधायक ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

# कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर हुयी समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यूपी : भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर जनपद मुख्यालय पर 25 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी / प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश शनमुगा सुंदरम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। बैठक में नोडल अधिकारी ने 25 से 27 मार्च तक जनपद में आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा / तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि कार्यक्रम को पूरे भव्यता के साथ आयोजित किया जाए ताकि आम जनमानस को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कहा कि उक्त कार्यक्रम में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संबंध में जिले में हुए कार्यों का प्रदर्शन, श्रम विभाग के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय से संबंधित उपलब्धियां, निपुण भारत मिशन एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, महिलाओं से संबंधित मिशन शक्ति ,यातायात जागरूकता , एमएसएमई से संबंधित स्टॉलों /प्रदर्शनियों पर विशेष फोकस किया जाए। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को कुल 06 सेशन में मुख्यालय स्थित चौरा देवी ग्राउंड में पूरी भव्यता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। प्रत्येक दिन दो सेशन आयोजित किए जाएंगे । पहला सेशन प्रातः 10:00 बजे से तथा दूसरा सेशन शाम 5:00 से आयोजित होगा। प्रत्येक सेशन अलग-अलग विषयों पर केंद्रित रहेगा इसके अंतर्गत किसान, युवा ,रोजगार ,महिला सशक्तिकरण, समाज कल्याण संबंधी योजनाओं, व्यापारी वर्ग पर ये सेशन केंद्रित रहेंगे। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, जादू शो, स्टॉल, फूड कोर्ट, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टैबलेट / स्मार्ट फोन वितरण , टूलकिट वितरण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास की चाभी वितरण ,वैक्सिनेशन कैम्प आदि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यो व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर रहेगा।

इस दौरान नोडल अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी में जनपद की विगत 8 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याण की योजनाओं, स्थापित व निर्माणाधीन परियोजनाओं, नई औद्योगिक इकाईयों आदि के अच्छे फोटोग्राफ्स, मॉडल आदि को प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी स्टाल पर सम्बन्धित विभाग अपनी योजनाओं की जानकारी की पुस्तिका, पम्पलेट आदि रखा जाये। पात्र लाभार्थियों के वहीं पर फार्म भराने की व्यवस्था भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम को अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय आदि थीम पर आयोजित किया जाये।

# विद्यालय में विश्व जल दिवस का हुआ आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ईको क्लब के कार्यक्रमों के अंतर्गत सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर तथा स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से जनपद के लगभग आधा सैकड़ा विद्यालयों ने अपने विद्यालयों में विश्व जल दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के विषय में जानकारी दी। विद्यालयों में जल संरक्षण से संबंधित चित्र बनाए गए तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में जो बच्चे प्रथम आए हैं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। विकास खंड बसरेहर के राजपुरा तोताराम से राधिका, बहादुर पुर में हेमंत, चकवा से अंशुल , सैफई में ककरिया से सुमित, बौराईन से रोशनी, विकास खंड बढ़पुरा में कन्या म्हाने पुर से कामिनी, विकास खंड ताखा में सोरों से नितिन, चकरनगर में बहादुरपुर से कौशलेंद्र, बच्चेड़ी में रश्मि ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण विद राजीव चौहान ने कहा कि जल का संरक्षण जीवन का संरक्षण है। हम सब जल का विवेक पूर्ण इस्तेमाल करें। स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें और पेड़ और पानी की रक्षा करें पॉलीथिन का प्रयोग घटाए। विश्व जल दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में अर्चना चौधरी, कौशलेंद्र भदौरिया, मंजू भदौरिया, शशि भदौरिया, मंजू लता राजपूत, संजू शंखवार, मदन मोहन, वीनस सिंह, शिल्पी यादव, राजकुमारी भदौरिया, पुष्पेंद्र राजावत, नवीन कुमार, अनुपम कौशल, प्रशांत दुबे का सराहनीय योगदान रहा।

## जागरूकता रैली निकाल कर मनाया विश्व जल दिवस



**मौदहा हमीरपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त 45 महिलाओं को सिलाई का प्रमाण पत्र देकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया। क्षेत्र के भैंसता हाट में नाबार्ड द्वारा आयोजित युवा कौशल विकास मंडल मौदहा द्वारा संचालित गुरदहा जलागम विकास परियोजना के अंतर्गत तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण संपन्न हुआ।विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्रामीण हाट भैंसता में आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एचडीएफसी बैंक केसहायक प्रबंधक कमलेश कुमार ने काजल, प्रभा, प्रतिज्ञा, पूनम, रोशनी, प्रीति, आशा सहित 45 प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर विश्व जल दिवस मनाया व परियोजना क्षेत्र में जागरूकता हेतु रैली निकाली । इस मौके पर परियोजना प्रबंधक अरविंद कुमार, दीपराज, अवधेश, अनुज, श्रीचंद्र, राजेश, विपिन, प्रदीप और द्रोण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** होली अष्टमी के अवसर पर फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा श्रीराम वाटिका में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त फोटोग्राफरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फोटोग्राफरों ने आपस में गुलाल और गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली तथा एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर फोटोग्राफरों ने अपनी समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। मुख्य रूप से फोटोग्राफी के भविष्य और समय पर भुगतान जैसी महत्वपूर्ण बातों पर सभी ने अपने-अपने विचार रखे। इसके साथ ही, फोटोग्राफरों ने किसी भी पार्टी द्वारा अभद्र भाषा के प्रयोग के खिलाफ एकजुटता दिखाई और इसके विरोध में लामबंद होने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी ब्रजमोहन चौधरी, मिडिया प्रभारी विनय बाथम, संतोष फोटोग्राफर, मुकेश कश्यप, सर्वेश, बंटी फोटोग्राफर, अवदेश फोटोग्राफर, रानू टिल्लू फोटोग्राफर, मनोज कुमार शर्मा, प्रिया स्टूडियो, देवेंद्र सिंह फोटोग्राफर, हरगोविंद यादव, नसीम फोटोग्राफर, बीरेंद्र सिंह, शाहरुख खान, अरविंद फोटोग्राफर, पिंटू इकदिल फोटोग्राफर, संजू कोहली, राजू दीक्षित, प्रमोद कुमार, बसरु फोटोग्राफर, आशीष राज, अतुल राठौर, यूनिक फोटोग्राफर, सौरभ फोटोग्राफर, राजपूत स्टूडियो, राजेंद्र कुमार प्रजापति (लव कुश स्टूडियो), अंकुश निगम, आरती फोटोग्राफर, संटू तोमर, आकाश फोटोग्राफर, देवानंद फोटोग्राफर सहित अनेक फोटोग्राफर मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल होली के उत्सव का हिस्सा बना, बल्कि फोटोग्राफर समुदाय के बीच एकता और विचार-विमर्श का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ।

## पीला दुर्गंध युक्त पानी आने से संक्रमण फैलने की बढ़ रही सम्भावना

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नमामि गंगे परियोजना के तहत हर घर को स्वच्छ जल मुहैया कराने का दावा फेल होता जा रहा है। पत्योरा डांडा में पीले पानी की जलापूर्ति होने से ग्रामीण परेशान है। प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं होता है। यह समस्या पिछले कई दिनों से है। पत्योरा डांडा के निवासी उत्कर्ष दुबे,राजेश, विजय कुमार, भगत, लाला तिवारी, शिवम सिंह, जय सिंह, बाबू खान, टिरुआ सविता आदि ने बताया कि एक पखवारे से नमामि गंगे परियोजना की पाइपलाइन में पीला बदबूदार पानी आ रहा है। शिकायत के लिए कोई सक्षम अधिकारी नहीं रहता है। इससे ग्रामीण शिकायत भी नहीं कर पा रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि अरविंद निषाद ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप सही है। पीला बदबूदार पानी कई दिनों से सप्लाई हो रहा है। शिकायत करने पर जिम्मेदार कहते हैं कि प्रतिदिन फिल्टर करके पानी देना संभव नहीं है। इसलिए सीधे सप्लाई दी जा रही है। प्रधान ने कहा कि वह मामले की शिकायत जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद से करेंगे। इस परियोजना में तमाम गड़बड़ियां हैं। अधिकारी शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं करते हैं। नमामि गंगे के अधिशासी अभियंता एस एन सिंह ने बताया कि गांव में कहीं लीकेज हो गया होगा इसलिए पत्योरा में गंदा पानी आ रहा हो।

# एनटीपीसी सिंगरौली में विश्व जल दिवस 2025 का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में दिनांक 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली के सभी कर्मचारियों को जल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस शपथ के माध्यम से कर्मचारियों को जल की महत्ता और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस वर्ष का विश्व जल दिवस का थीम ÷ग्लेशियर संरक्षण÷ था, जिसे ध्यान में रखते हुए राजीव अकोटकर एवं अन्य महाप्रबंधकगणों ने वृक्षारोपण कर इस अभियान को और भी प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जल संरक्षण पहलुओं पर भी चर्चा की गई। एनटीपीसी सिंगरौली के विभागाध्यक्षों ने जल संरक्षण, अपशिष्ट जल उपचार और जल के समुचित उपयोग के तरीकों पर अपने विचार साझा किए। इस चर्चा का उद्देश्य कर्मचारियों को जल के सही उपयोग के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के ईएमजी विभाग द्वारा जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सिद्धार्थ मंडल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), एवं एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नीरज कुमार यादव, विभागाध्यक्ष(ईएमजी) एवं संचालन दीपिका सिंह, प्रबन्धक(ईएमजी ) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी सिंगरौली में पर्यावरण के प्रति प्रेम और अपनत्व भाव को बढ़ाना था जो जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति एनटीपीसी कंपनी की प्रतिबद्धता को साकार कर रहा है।

# ठेकेदार ने रातोरात सड़क में बिछा दी गिट्टी, ग्रामीण आक्रोशित



**अवधनामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)** ग्राम मझगवां के मुख्य मार्ग पर सोलिंग कार्य में लाखों रुपये के फर्जी भुगतान की शिकायत होने पर ठेकेदार ने शुक्रवार रात में गिट्टी सड़क पर बिछा दी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की है।

मझगवां गांव के रिटायर्ड शिक्षक सुखदयाल राठौर ने मुख्यमंत्री व डीएम को शपथ पत्र भेज कर शिकायत की थी कि मझगवां क्षेत्र के धसान नदी पर कचीरघाट पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी मार्ग पर किसानों की 15 गाटाओं की भूमि प्रभावित है। भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। परंतु इन गाटों से ग्राम पंचायत मझगवां में क्षेत्र पंचायत द्वारा एक किलोमीटर का फर्जी चयनित रोड मुख्य मार्ग से रामायण मेला मैदान तक सोलिंग कार्य मनरेगा से दिखाते हुए फर्जी तरीके से 1657254 रुपए भुगतान किया गया है।

शिकायत होने पर हमने अपने समाचार पत्र में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने से ठेकेदार नीरज सोनी शुक्रवार रात को ट्रैक्टरों में गिट्टी भरकर पहुंचे और सड़क पर रातों-रात गिट्टी बिछा दी। शिकायतकर्ता सुखदायल राठौर ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्य बंद करा मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्र के साथ-साथ अब दिलों को भी ऊर्जा देगी एनसीएल

**'बाल हृदय जांच एवं निवारण' हेतु नन्हा-सा-दिल-एनसीएल पहल का हुआ शुभारंभ**

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/सिंगरौली।** शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की जीवन रक्षक सर्जरी हेतु नन्हा-सा-दिल पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान कंपनी के मुख्यालय में आयोजित कर्यक्रम के दौरान सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद, डॉ. राजेश मिश्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), जितेंद्र मलिक, सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी- विवेक गौर, रविकिरण श्रीपद, एनसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

निराशा के बीच से नवजीवन की आशा अंकुरित करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा प्रोजेक्ट नन्हा सा दिल के लिए एनसीएल ने सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के साथ मिलकर बच्चों के जीवन रक्षक हृदय शल्य चिकित्सा के लिए हाथ बढ़ाया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सीधी-सिंगरौली के माननीय सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर एनसीएल ने 'बाल हृदय जाँच और निवारण ' की दिशा में सार्थक कदम उठाया है जो सराहनीय है । इस अभिनव प्रयास से परिक्षेत्र में दिल की बीमारियों से पीड़ित बच्चों को निः शुल्क नवजीवन का उपहार मिलेगा।

उन्होने यह भी कहा कि एनसीएल अब देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ साथ दिलों को भी ऊर्जा प्रदान करेगी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने कहा कि एनसीएल राष्ट्र को ईंधन देते हुए परिधीय समुदाय के समग्र विकास हेतु कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि प्रोजेक्ट 'नन्हा सा दिल' के मूल में मानवता और करुणा है। 'नन्हा सा दिल' पहल पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि इससे परिक्षेत्र को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नव आयाम मिलेगा। इस दौरान सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी विवेक गौर ने प्रोजेक्ट नन्हा-सा-दिल-एनसीएल का संक्षिप्त परिचय रखा। नन्हा-सा-दिल-एनसीएल सीएसआर परियोजना के तहत एनसीएल ने सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के साथ एमओयू किया है जिसमें एनसीएल द्वारा सिंगरौली परिक्षेत्र में जन्मजात हृदय रोग-कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज (सीएचडी) से पीड़ित बच्चों के लिए 345 स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से एनसीएल ने 17000 से अधिक बच्चों की हृदय रोग जांच का लक्ष्य रखा है तदुपरान्त आवश्यकतानुसार इको विश्लेषण और आगे उपचार हेतु विशेष रूप से स्थापित डायग्नोस्टिक सेंटर में भेजा जाएगा। इसके बाद हृदय रोग की पुष्टि होने पर मरीज बच्चों को सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के अस्पतालों में निः शुल्क सर्जरी हेतु रेफर किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नन्हा-सा-दिल-एनसीएल सीएसआर परियोजना को समर्पित वैन को हरी झंडी दिखाकर परियोजना की औपचारिक शुरुआत की गई। गौरतलब है कि भारत में हर साल लगभग 3 लाख बच्चे सीएचडी के साथ पैदा होते हैं जिनमें से इलाज़ के अधिक लागत के कारण 5 प्रतिशत रोगी ही सर्जरी करवाने में सक्षम हो पाते हैं। परिक्षेत्र में निवासरत ज़रूरतमन्द बच्चों को बेहतर उपचार के अवसर एवं नवजीवन देने के उद्देश्य से 'ओनली दिल-नो बिल' की भावना के साथ, एनसीएल ने इस सीएसआर पहल की शुरुआत की है।

# बालिका संवर्ग में 100 मीटर दौड़ में कुमारी पूजा रही प्रथम

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** पीएम श्री विद्यालयों के बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का प्रथम जनपदीय आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक / जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडे एवं खंड शिक्षा अधिकारी चतरा अरविंदकुमार एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण ) जय किशोर वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से किया गया। तत् पश्चात अतिथियों द्वारा क्रीडा ध्वज के आरोहण व क्रीड़ा शपथ के द्वारा खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की शुरुआत कराई गई।समस्त आयोजनों के निर्णायक मंडल सदस्यो में खण्ड शिक्षा अधिकारियों धनंजय सिंह (रॉबर्ट्सगंज), अरविंद कुमार सिंह (चतरा), राकेश कुमार पांडे (करमा) की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामो में बालिका संवर्ग में 100 मीटर दौड़ में कुमारी पूजा ने प्रथम (कंपोजिट विद्यालय सरवट) एवं कुमारी चांदनी ने द्वितीय (कंपोजिट विद्यालय बहुअरा) स्थान प्राप्त किया। गोला प्रक्षेपण में कुमारी प्रतीक्षा ने प्रथम (कंपोजिट विद्यालय सरवट), कुमारी अर्चना ने द्वितीय (कंपोजिट विद्यालय मगरदहा) लम्बी कूद में मनीषा (कंपोजिट विद्यालय सरवट) ने प्रथम कुमारी खुशबू (कंपोजिट विद्यालय पलहारी) ने द्वितीय एवं पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी इच्छा ने प्रथम (कंपोजिट विद्यालय घोरावल) कुमारी अंजली ने (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार लोकगीत प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय मगरदहा ने प्रथम एवं कंपोजिट विद्यालय हिनौता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक संवर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मनोज कुमार (कंपोजिट विद्यालय जड़ेरुआ)ने प्रथम अंशु कुमार (कंपोजिट विद्यालय घोरावल) ने द्वितीय स्थान गोला प्रक्षेपण में मनोज कुमार (कंपोजिट विद्यालय जड़ेरुआ)ने प्रथम विराट कुमार (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) ने द्वितीय लंबी कूद प्रतियोगिता में शिवम कुमार (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) ने प्रथम एवं आशीष कुमार (कंपोजिट विद्यालय सरवट )ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में रवि किशन (कंपोजिट विद्यालय घोरावल) ने प्रथम एवं मोहम्मद अयान (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथि गणों द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस विशिष्ट आयोजन में एसआरजी विनोद कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सैय्यद अनवर हुसैन, नंदकिशोर (ब्लॉक स्काउट शिक्षक रॉबर्ट्सगंज) मदन लाल (ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रॉबर्ट्सगंज), एआरपी हृदेश सिंह, केसर सिंह, संकुल शिक्षक जय प्रसाद चौरसिया, ज्ञानेश त्रिपाठी, उमा सिंह पटेल, वरुण त्रिपाठी के अतिरिक्त मंच संचालक आनंद प्रकाश त्रिपाठी सहित खेल शिक्षकों, अनुदेशकों व समस्त विकास खण्डों के प्रतिभागी बच्चों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# एनटीपीसी सिंगरौली के संजीवनी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** संजीवनी अस्पताल में दिनांक 22 मार्च 2025 को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक, राजीव अकोटकर के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य नियमित रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में इसके प्रभाव को जन-जन तक समझाना था।इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक, राजीव अकोटकर ने सभी जन समूहों को नियमित रक्तदान को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ÷रक्तदान एक पुण्य कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचाता है बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाता है। यह पहल जन प्रयास फाउंडेशन द्वारा संजीवनी अस्पताल के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें डॉ. एस.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजीवनी अस्पताल के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 37 दाताओं ने भाग लिया और रक्तदान किया।इस अवसर पर संजीवनी चिकित्सालय ने सभी रक्त दाताओं, चिकित्सा पेशेवरों, तकनीकी कर्मचारियों और प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।रक्तदान न केवल जीवन बचाने का एक सशक्त तरीका है, बल्कि यह समाज की सेवा में एक महान योगदान भी है। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सिद्धार्थ मंडल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), तरुन दत्ता, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ़, फादर विंसेंट पेरेरा, प्रधानाचार्य, संत जोसफ स्कूल एवं एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# मनरेगा की निगरानी में यूपी पूरे देश में निरंतर अव्वल

- कार्यक्रम अधिकारियों ने निरीक्षण कर प्रदेश को बनाया अव्वल
- मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष फोकस
- एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन से हो रहे निरीक्षण
- वर्ष 2024-25 में अब तक 1,85,622 से ज्यादा निरीक्षण



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मनरेगा के तहत कार्यों की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी जांच भ्रमण के समय मनरेगा के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वारा एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग ग्राम्य विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस ऐप के जरिए मनरेगा योजनाओं के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश न केवल मनरेगा के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास में आगे है, बल्कि एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से कार्यों के निरीक्षण में यह देशभर में अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल बन रहा है। प्रदेश के कार्यक्रम अधिकारियों की मेहनत रंग ला रही है, मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके, इसलिए कार्यस्थलों पर निरंतर निगरानी हेतु अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। एरिया ऑफीसर 2.0 रिपोर्ट के मुताबिक कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में प्रदेश वर्तमान में सबसे आगे, प्रदेश द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा निरीक्षण कर उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक तक निर्धारित लक्ष्य 1,49,220 को पार करते हुए 1,85,622 निरीक्षण किये जा चुके हैं। कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा मनरेगा कार्यों के निरीक्षण के मामले में ।तमं वर्पिबमत 2.0 पर प्रदर्शित रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष 20.03.2025 तक टॉप 5 स्टेट में उत्तर प्रदेश में 1,85,622, झारखंड में 1,35,422, आन्ध्र प्रदेश में 126063, बिहार में 98593, तेलंगाना में 97544 निरीक्षण किये गये है। ग्राम्य विकास विभाग की बहुआकांक्षी योजना मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण एवं पारदर्शिता को लेकर निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जांच भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो अपलोड की करायी जाती है। कार्यक्रम अधिकारियों ने किये निरीक्षण वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष खण्ड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यस्थलों का तेजी से निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष 1 अप्रैल 2024 से अब तक 1,85,622 निरीक्षण किये जा चुके हैं। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से मनरेगा योजनाओं की निगरानी को सशक्त बनाया जा रहा है। इस ऐप के जरिए निरीक्षण के दौरान अधिकारी कार्यस्थलों की तस्वीरें और अन्य आवश्यक विवरण अपलोड करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि योजनाओं के तहत हो रहे कार्य सही समय पर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे हो रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता और कार्यों की गुणवत्ता में सुनिश्चित हो रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत है, योजना के तहत विभिन्न प्रकार के विकास कार्य जैसे तालाब निर्माण, खेल मैदान, ओपन जिम, आंगनवाड़ी केन्द्र, अन्नपूर्णा भवन आदि के कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों की नियमित निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जी0एस0 प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि मनरेगा के तहत सभी कार्य निर्धारित समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों. इसके लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से बकायदा कार्यस्थलों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति का जायजा ले रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करता है बांदा महोत्सव : जयवीर सिंह

- बांदा महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की प्रस्तुति होगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से 22 और 23 मार्च, 2025 को बांदा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय बांदा महोत्सव का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में हो रहा है, जिसमें दर्शकों को भक्तिमय और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा महोत्सव बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करने का विशिष्ट मंच है, जो 'विकास व विरासत' के मूल मंत्र को चरितार्थ करता है। उन्होंने बताया कि बांदा महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की भव्य प्रस्तुति होगी। 'सांस्कृतिक धरोहर, लोक कला, उद्योग एवं विकास' की थीम पर आयोजित महोत्सव में दर्शकों को बुंदेलखंडी लोकनृत्य, पारंपरिक संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा महोत्सव का हिस्सा बनें और अपनी संस्कृति से जुड़ें। यह ऐसा अवसर है, जहां आप परंपराओं से रूबरू होंगे और यादगार अनुभव अपने साथ ले जाएंगे। स्ट्रीट फूड, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय पकवानों के साथ घूमने का मजा दोगुना हो जाएगा। बच्चों के लिए झूले, खेल, एडवेंचर एक्टिविटीज उपलब्ध हैं, वहीं गीता ज्ञान, भजन संध्या और प्रेरणादायक प्रवचन सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा महोत्सव जैसे आयोजन के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की प्राचीन लोक कलाएं विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी हैं, उनको जीवन्त बनाने तथा अगली पीढ़ी को विरासत के रूप में उपलब्ध कराने के लिए इस तरह के आयोजनों की महती आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है, ऐसे महोत्सव राज्य की विरासत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महोत्सव में विधायक प्रकाश द्विवेदी, ओममणि वर्मा, विधान परिषद सदस्य बाबू लाल तिवारी, जितेंद्र सिंह सेंगर, जिलाधिकारी बांदा जे0 रीभा सहित अन्य की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

# सपा के तत्वावधान में इफ्तार का आयोजन

- रोज़े की असली भावना को समझने की ज़रूरत : मौलाना सुफ़ियान निज़ामी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष जय सिंह जयंत और ज़िला महासचिव शब्बीर खान की ओर से आज पार्टी के ज़िला कार्यालय में एक भव्य इफ्तार का आयोजन किया गया। इस रुहानी महफ़िल में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव फैसल मक़बूल, प्रख्यात आलिम-ए-दीन मौलाना सुफ़ियान निज़ामी, मौलाना अब्दुल लतीफ़ नदवी, वरिष्ठ एडवोकेट रईस, कामरान बेग, माइनॉरिटी विंग के ज़िला अध्यक्ष हारून अज़ीज़, माइनॉरिटी विंग के प्रदेश अध्यक्ष शकील खान, एडवोकेट अराफ़ात, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, फिदा हुसैन अंसारी, समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फ़ख़रुल हसन, मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी, चांद, मौलाना इक़बाल क़ादरी समेत कई सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। इफ्तार से पहले मौलाना सुफ़ियान निज़ामी ने अपने संबोधन में कहा÷रोज़ा सिर्फ़ भूखा रहने का नाम नहीं, बल्कि यह सब्र, तक़्वा और ईसार की एक व्यावहारिक तालीम है। रमज़ान हमें भूखों, यतीमों और ज़रूरतमंदों की तकलीफ़ का एहसास कराता है। यही एहसास समाज में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देता है। हमें रोज़े की असली भावना को समझना चाहिए और इस महीने में अधिक से अधिक नेक कार्य करने चाहिए। इसके बाद मौलाना सुफ़ियान निज़ामी ने नमाज़ की इमामत कराई, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने रोज़ा इफ्तार किया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल लतीफ़ नदवी ने रोज़े की फज़ीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा÷रोज़ा बंदे और अल्लाह के बीच एक ऐसा राज़ है, जिसका इनाम स्वयं अल्लाह देता है। यह इबादत न केवल शारीरिक सेहत के लिए फ़ायदेमंद है, बल्कि आत्मिक उन्नति का भी ज़रिया है। इफ्तार के इस पवित्र मौके पर भाईचारे, प्रेम और राष्ट्रीय एकता का खूबसूरत नज़ारा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की क़यादत की ओर से कहा गया कि रमज़ान के दौरान इस तरह के आयोजन मेल-मिलाप और सौहार्द्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह रुहानी और भाईचारे से भरी महफ़िल दुआओं और भलाई की कामनाओं के साथ संपन्न हुई।

## जिन क्षेत्रों में समितियां नहीं है, वहां नयी समितियां बनायी जाय

**लखनऊ।** वर्तमान समय में सरकारी समितियों के कार्यक्षेत्र में विस्तार होने के कारण समितियों को अब अपने नये स्वरूप में कार्य करने के लिए नवीन तकनीक व संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए। इससे समितियां आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यह विचार सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार डॉ0 आशीष कुमार भूटानी ने लखनऊ स्थित आयुक्त एवं निबंधक कार्यालय उ0प्र0 के सभाकक्ष में प्रमुख सचिव सहकारिता, उ0प्र0 शासन के साथ विभाग के प्रबंध निदेशक, अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धकों तथा प्रदेश के अन्य 09 विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर डॉ0 भूटानी ने पहले समितियों के कार्य क्षेत्र के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिये कि जिन क्षेत्रों में समितियां नहीं है, वहां नयी समितियां बनायी जाय। समितियों में नये लोगों को जोड़ा जाय। इसके लिए लोगों से नियमित सम्पर्क किये जायं।

# रमज़ान यतीमों और जरूरतमंदों की तकलीफ का एहसास कराता है

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रमज़ान यतीमों और जरूरतमंदों की तकलीफ का एहसास कराता है और यही एहसास समाज में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देता है। इस मौके पर मौलाना सुफियान निजामी ने रोजेदारों को नमाज अदा कराई।

**सवाल:** मेरे पास एक प्लाट है जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये है क्या उस पर जकात है।

**जवाब:** अगर प्लाट निजी इस्तेमाल के लिए है तो उस पर जकात नहीं है।, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।, इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 9918117798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।, प्रदीप नरवाल भी मौजूद थे। होली मिलन समारोह में कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं। हम उनके प्रेम के संदेश को जननजन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। आज के दौर में जब मौजूदा सरकार पूरे समाज को बांट देना चाहती है तब हमें एकजुट होकर एक-दूसरे के साथ मिल कर भारत की एकता और अखण्डता बनाए रखना है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह वक्त है कि हम होली के भाईचारे और एकजुटता के मंत्र को आत्मसात करें और पूरे समर्पण के साथ 2027 की तैयारी में जुट जाएं। भाजपा की नफरत की राजनीति का जवाब भारत के अमन-चैन और सद्भावना से देंगे।

## उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अग्रणी राज्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमियों को प्रोत्साहन व सुविधाएं देने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इस सेक्टर में प्रदेश में बहुत तेजी से काम करते हुए जहां किसानों के उत्पादों के प्रसंस्करित कराते हुए उन्हें सुविधाएं मुहैय्या कराने के साथ उनके भण्डारण आदि के बारे में भी सार्थक कदम उठाए गए हैं ,वहीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को इससे जोड़कर महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रभावी व ठोस कार्य किये गये हैं यही नहीं खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं।

नतीजा है कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है, सबसे अधिक खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग स्थापित हैं। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 65000 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित हैं।

## बिहार दिवस पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को बिहार दिवस पर स्नेह मिलन कार्यक्रम प्रारम्भ किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के मार्गदर्शन में विगत कई वर्षों से एक भारत-श्रेष्ठ भारत को एक अभियान के रूप में प्रारम्भ किये गए है। इसी क्रम में शनिवार को राजधानी लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, कुशीनगर एव नोएडा में स्नेह मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गाजियाबाद में रविवार को स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# आरडीएसओ द्वारा ग्लूकोमा स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में 22 मार्च 2025 को डॉ. सतीश कुमार और उनकी टीम द्वारा ग्लूकोमा स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन डॉ. कमल किशोर, पीसीएमओ के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्लूकोमा का जल्द पता लगाना और इसके बारे में लोगों को जागरूक करना था जो अपरिवर्तनीय अंधेपन का एक प्रमुख कारण है। कैंप के दौरान लगभग 40 रोगियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें- दृश्य तीक्ष्णता परीक्षण, रिबाउंड और एप्लानेशन टोनोमीटर का उपयोग करके इंट्राओकुलर प्रेशर (आईओपी) माप, गोनियोस्कोपी और विस्तृत फंडस परीक्षण, सेंट्रल कॉर्नियल थिकनेस (सीसीटी) आकलन और व्यापक नेत्र संबंधी मूल्यांकन शामिल थे द्य परीक्षण के उपरांत संदिग्ध मामलों को आगे की जांच और फॉलो-अप के लिए सलाह दी गई। डॉ. कमल किशोर ने मेडिकल



टीम के समन्वित प्रयासों की सराहना की और नियमित रूप से आंखों की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया, खासकर उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए। इस कार्यक्रम ने अपने कर्मचारियों/पेंशनभोगियों और लाभार्थियों के लिए निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# एरा यूनिवर्सिटी में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त सीपीआर कार्यशाला

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** एसजीपीजीआई, लखनऊ के सहयोग से एनेस्थिसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभागों द्वारा एरा यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी के मार्गदर्शन में 3 दिवसीय अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त सीपीआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। 30 से अधिक स्नातकोत्तर छात्रों को हृदय की धड़कन बंद होने पर उसे पहचानने और पुनः चालू करने का प्रशिक्षण दिया गया। एरा यूनिवर्सिटी में आयोजन सचिव और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रमुख डॉ. मुस्तहसिन मलिक ने बताया कि हृदयाघात के शिकार व्यक्ति में तुरंत चेस्ट कम्प्रेशन शुरू करना जीवन बचाने के लिए आवश्यक है। हमारे पास आईसीयू में बहुत से ऐसे मरीज आते हैं, जिन्हें सीपीआर जल्दी शुरू न करने या अनुचित सीपीआर के कारण मस्तिष्क में चोट लग जाती है। डॉ. मलिक ने जोर देकर कहा कि सीपीआर की शुरुआत 30 चेस्ट कम्प्रेशन और 2 बचाव सांसों से की जानी चाहिए। बचाव सांसों के बिना भी, निरंतर चेस्ट कम्प्रेशन उन्नत देखभाल आने तक जीवन को बनाए रख सकता है। उन्होंने छात्रों को उन्नत वायुमार्ग प्रबंधन कौशल का भी प्रशिक्षण दिया। एसजीपीजीआई, लखनऊ से अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन सीपीआर प्रशिक्षक श्री राम नरेश ने सीपीआर के दौरान टीमवर्क के महत्व पर जोर दिया। स्पष्ट संचार और भूमिका आवंटन तकनीकी विशेषज्ञता के समान ही महत्वपूर्ण है।एसजीपीजीआई में इमरजेंसी मेडिसिन के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओपी संजीव ने छात्रों को शॉकेबल रिदम को पहचानने और सीपीआर के दौरान कब और कैसे शॉक देना है, इस बारे में प्रशिक्षित किया। सभी छात्रों ने प्रशिक्षकों की देखरेख में एक मॉडल पर सीपीआर कौशल का अभ्यास किया। सीपीआर कार्यशाला के बाद छात्र काफी आत्मविश्वास से भरे हुए थे। ऑर्थोपेडिक्स की जूनियर रेजिडेंट डॉ. गुरलीन ने कहा, ÷इस कार्यशाला ने मुझे सीनियर सपोर्ट आने तक आत्मविश्वास के साथ कार्डियक अरेस्ट को मैनेज करने की शक्ति दी है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉ. साहिल ने कहा कि उन्होंने प्रशिक्षकों से कई नए कौशल सीखे हैं, जो उन्हें पहले नहीं पता थे और इस कार्यशाला के बाद वे कार्डियक अरेस्ट के पीड़ितों को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं।

## मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कृषि भवन जयपुर में कृषि आयुक्त चिन्मय गोपाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि व उद्यान क्षेत्र को अधिक सशक्त और आधुनिक बनाने के साथ-साथ औद्यानिक खेती, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती सहित कृषि निर्यात एवं फरूट प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि होगी और हमारे अन्नदाताओं के जीवन में खुशहाली आएगी।उद्यान मंत्री बैठक के बाद राजस्थान के जयपुर जिले में स्थित बस्सी के एक प्रसिद्ध कृषि उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया। दौरे के दौरान, मंत्री ने जैतून की खेती की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पाया कि उत्तर प्रदेश के उत्तराखंड से सटे जिलों में जलवायु जैतून की खेती के लिए उपयुक्त है, जहां उत्तराखंड में पहले से ही यह फसल सफलतापूर्वक उगाई जा रही है।

# रो रहा है नबी का घराना उठ रहा है जनाज़ा अली का

- हजरत अली की शहादत की याद में निकला ताबूत का जुलूस
- इमाम के गम हर आंख थी अश्कबार

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** शोर गिरिया है कूफे में बरपा उठ रहा है जनाजा अली का, रो रहा है नबी का घराना उठ रहा है जनाजा अली का। अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली (अ.स) की शहादत की याद में सोमवार को इमाम के ताबूत का जुलूस रुस्तम नगर स्थित रौजाए शबीह नजफ से निकाला गया जो कर्बला तालकटोरा जाकर समाप्त हुआ। ताबूत को कत्लगाह में बड़ी अकीदत के साथ या अली मौला-हैदर मौला की सदाओं के बीच दफ्न किया गया।इसी के साथ हजरत अली की शहादत की याद में तीन दिन से चल रहा गम का सिलसिला खत्म हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये थे। 19वीं रमजान को जब हजरत अली नमाज पढ़ने के दौरान सजदे में थे तो अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने उनके सर पर जहर से बुझी तलवार से वार किया था। जिससे वह जख्मी हो गये थे और 21वीं रमजान को उनकी शहादत हो गयी थी।।

शबीहे नजफ में मौलाना यासूब अब्बास ने फज्र की नमाज के बाद अलविदायी मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद महिलाओं ने ताबूत को पुरुषों को सौप दिया। ताबूत बाहर आते ही अजादारों में कोहराम मच गया, पूरा माहोल गमगीन हो गया। हर आंख आंसुओं से लबरेज थी, कोई सर पीट रहा था तो कोई सीना। जुलूस में हजरत अब्बास के अलम भी थे। ताबूत निकलने के रास्तों पर अजादार पहले से ही बड़ी संख्या में जियारत के लिए खड़े थे। ताबूत कहा पहुंचा इसकी फिक्र सबको थी। ताबूत आते ही हर आंख अश्कबार हो जाती थी लोग अपने हाथ जोड़कर अपने मौला से गिरया कर रहे थे। ताबूत आगे निकलता अकीदतमंद ताबूत के पीछे चल पड़ते थे। यह सिलसिला पूरे रास्ते चलता रहा। ताबूत में एक लाख से अधिक लोगों का हुजूम था जिसमें पुरूष, महिलाएं व बच्चे शामिल नंगे पैर बड़ी अकीदत के साथ इमाम की शहादत के गम में आंसू बहाते चल रहे थे। जुलूस में शामिल अजादर गर्मी में रोजा होने के बावजूद अपने मौला के ताबूत को चूमने व कंधा देने के लिए बेकरार थे।जुलूस छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज पहुंचा। जहां आयोजकों ने परम्परा के मुताबिक कुएं के पास कुछ पलों के लिए ताबूत को रोककर काली चादर चढ़ायी और फिर ताबूत कर्बला पहुंचा। ताबूत दफ्न होते ही हैदर मौला या अली मौला की सदाएं गूंजने लगी। लोगों ने दिनभर कर्बला तालकटोरा पहुंचकर हजरत अली की तुरबत पर फातेहा पढ़ा। अंत में मौलाना अब्बास नासिर ने मजलिस को खिताब किया। इस मौके पर कर्बला तालकटोरा में रोजा अफ्तार का आयोजन भी किया गया।

### घरों में किया महिलाओं ने मातम

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.) की शहादत की याद में जगह-जगह मजलिसों ओ मातम का आयोजन हुआ। हर तरफ से बस एक ही सदां आ रही थी हैदर मौला-या अली मौला। जहां आज लोग काले लिबास पहन हुए एक मजलिस से दूसरी मजलिस में शिरकत कर रहे थे। वहीं महिलाओं ने घरों-घरों में नौहाख्वानी व मातम किया। किसी ने यह नौहा पढ़ा या मुस्तफा अली के जनाजे पर आइये, अपने वसी का धूम से लाशा उठाइये, बच्चों के सर से बाप का साया भी उठ गया, नुसरत को अब यतीमों की तशरीफ लाइये। तो कही यह नौहा पढ़कर आंसू बहाये रोके देती है जैनब दुहायी, घर से जाती है हैदर की मय्यत, आज हम पर यतीमी है छायी घर से जाती है हैदर की मय्यत इस मौके पर 18 रमजान को लोगों ने अपने घरों में रखे ताबूतों को भी उठाया जिन्हें काजमैन में दफ्न किया गया। हजरत अली की शहादत की याद में कर्बला दियानुतदैला में बेटी के घर बाप का पुरसा शीर्षक से महिलाओं द्वारा आयोजित मजलिस को निगार फातिमा रिजवी ने खिताब किया। मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में मौलाना सैयद खुमैनी हैदर उतरौलवी ने मजलिस को खिताब किया।

### नज़्रों का आयोजन

हजरत अली की शहादत की याद में मगरिब की नमाज के बाद शहर के इमामबाड़ों, कर्बलाओं व घरों में खड़ी मसूर की दाल-चावल पर नज़्रों का भी आयोजन किया गया। रोजा अफ्तार के बाद घर के बुजूर्गों ने नज़्रे मौला अली दी और उसके बाद नज़्र चखी गयी।

### आमाल-ए-शबे कद्र आज

रमजान मुबारक के आखरी सप्ताह की इबादत अपने पूरे शबाब पर है मंगलवार को शबे कद्र के मौके पर को लोग पूरी रात अल्लाह की इबादत में गुजारेंगे। जगह-जगह अमाल-ए-शबे कद्र का आयोजन के साथ छह दिन की कजा नमाजे भी अदा करेंगे। जहां पुरूष मस्जिदों में अमाल करेंगे वहीं महिलाएं घरों आमाल करेंगी और छह दिन क नमाजे पढ़ेगी।

### हजरत अली के शहादत दिवस पर राष्ट्रीय छुट्टी की मांग

**लखनऊ।** आल इण्डिया शिया यूथ फेडरेशन ने 21 रमज़ान को हजरत अली (अ.स) की शहादत दिवस पर भारत सरकार से राष्ट्रीय छुट्टी की मांग की। इस मौके पर फेडरेशन के महासचिव कासिम हुसैन ने बताया कि ये मांग करीब 27 वर्षों से की जा रही है । आज कर्बला तालकटोरा के पास हजारों अजादारों ने कपड़े पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।